# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 21 जनवरी 2025


सीएम डॉ. मोहन यादव से 'हरिभूमि व आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'सार्थक संवाद'

# मेरा बस चले तो मैं लाड़ली बहनों को 10 हजार रुपए महीने दूं, रेडीमेड गारमेंट सेक्टर में हम 5 हजार इंसेंटिव दे ही रहे हैं

### ये भी बोले सीएम

हम पर पीएम मोदी का भरोसा है। उनका जो भी आदेश होता है हम एक सिपाही के तौर पर अमल करते हैं।

सबसे यही कहता हूं कि नेतृत्व पर भरोसा रखो और काम करते चलो। पार्टी कब कहां पहुंचा दे कोई नहीं जानता

इस बार हम 4 लाख करोड़ का बजट करने जा रहे हैं। आने वाले समय से इसे 7 लाख करोड़ तक पहुंचाएंगे

सार्थक संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव का लाड़ली बहना योजना पर कहना है कि हम लाखों करोड़ों का बजट बनाते हैं उसमें 12 सौ रुपए अपनी बहनों के हाथ पर रख देते हैं तो उसमें बुराई क्या है। मेरा बस चले तो मैं 10 हजार रुपए महीने दूं। हमारी परंपरा को राजा विक्रमादित्य से समझिए। उन्होंने सभी का कर्जा माफ किया और जितना कर्जा था उतना ही लोगों को नगद दे दिया। रायसेन, भोपाल जैसी जगहों पर जहां रेडीमेड गारमेंटस बनाने वाली इंडस्ट्रीज में बहनें काम कर रही हैं, उन्हें 15 से 20 हजार रुपए महीना वेतन मिल रहा है इसमें से 5 हजार इंसेंटिव मप्र सरकार दे रही है। (शेष पेज 10 पर)



**सवाल : आप बहुत तेज गति से कामयाबी की सीढ़ियां चढ़े हैं ये कैसे कर पा रहे हैं, खासतौर से तब जब केंद्र में मोदी और शाह जैसे धुरंधर नेता बैठे हों?**

जवाबः ये तभी कर पा रहे हैं जब केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह मौजूद हैं। राजनीति की निर्मल धारा की पवित्रता के लिए नए खून नए लोगों की जरूरत है। ये पीएम मोदी और शाह के रहते ही संभव है। उनके नेतृत्व में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और हरियाणा जैसे कई राज्यों में नए लोगों को मौका दिया गया है। हम जैसे सामान्य कार्यकर्ताओं को इतना बड़ा मौका देना उन्ही के नेतृत्व में संभव है।

**सवालः मुख्यमंत्री तो दूसरे राज्यों में भी बने, लेकिन स्टार कैंपेन हो या दूसरे आयोजन। सभी में राष्ट्रीय स्तर पर डॉ.यादव दिखाई देते हैं?**

जवाबः ये तो पीएम मोदी का भरोसा है। उनका जो भी आदेश होता है हम एक सिपाही के तौर पर अमल करते हैं। वो काम के आधार पर मूल्यांकन करते हैं और जिम्मेदारी सौंपते हैं।

**सवालः आपको मिली भूमिका को एक साल पूरा हुआ है। आप किस तरह न्याय कर पाए हैं?**

जवाबः बीते 44 सालों से लगातार विभिन्न पदों पर रहकर अपने दायित्वों को पूरा कर रहा हूं। सिर्फ मैं ही नहीं और भी लोग हैं जिन्होंने समर्पण के साथ काम किया है पार्टी उन्हे मौका देती है। सबसे यही कहता हूं कि अपने नेतृत्व पर भरोसा रखो और काम करते चलो। पार्टी कब कहां पहुंचा दे कोई नहीं जानता।

**सवालः मेरा सवाल ये है कि आप क्या कर पाए?**

जवाबः देखिए, इस सबंध में, मैं कुछ बोलूंगा तो अतिश्योक्ति होगी। मेरा काम पार्टी, प्रदेश और समाज देख रहा है। केवल 4 माह में तीन विश्वविद्यालय मप्र को मिले हैं। एक खरगोन में दूसरा गुना और तीसरा सागर में नए विश्वविद्यालय खोले गए हैं। कुलपति से कुलगुरु तक का ये सफर चंद महीनों में ही पूरा किया गया है। (शेष पेज 10 पर)


inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल न. 1155 airtel चैनल न. 366

हरिभूमि सहेली आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### संपत्ति बेचकर कर्ज चुकाएगी गो फर्स्ट



**नई दिल्ली।** नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने सोमवार को बंद पड़ी बजट एयरलाइन गो फर्स्ट के लिक्विडेशन को मंजूरी दे दी। यह निर्णय न्यायिक सदस्य महेंद्र खंडेलवाल और तकनीकी सदस्य डॉ. संजीव रंजन की पीठ द्वारा दिया गया, जिन्होंने एयरलाइन की लेंडर्स समिति (सीओसी) द्वारा प्रस्तुत आवेदन के पक्ष में फैसला सुनाया। बता दें कि लिक्विडेशन के तहत किसी कंपनी की संपत्तियों को बेचकर उसके कर्ज और देनदारियों का भुगतान किया जाता है। इसके बाद कंपनी का वजूद भी खत्म हो जाता है।

### नई गाइडलाइंसः ठगी से बच सकेंगे उपभोक्ता



**नई दिल्ली।** आरबीआई ने ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर अपराधों को रोकने के लिए नई गाइडलाइंस जारी की है। लोगों को फर्जी नंबरों से आने वाले कॉल की पहचान करने के लिए ये कदम उठाया गया है। अब मोबाइल नंबर पर इन्हीं दो नंबरों से ही सही मार्केटिंग और बैंकिंग कॉल आएंगे। बैंकों को ग्राहकों को लेन-देन संबंधी कॉल करने के लिए 1600 से शुरू होने वाली सीरीज का ही इस्तेमाल करना होगा। किसी अन्य नंबर सीरीज का इस्तेमाल ग्राहकों को कॉल नहीं कर सकते हैं।

### अमिताभ ने 83 करोड़ में बेचा डुप्लेक्स अपार्टमेंट



**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के पास सैंकड़ों करोड़ की संपत्ति है, उनमें से एक अपार्टमेंट मुंबई के ओशिवारा में था, जिसे उन्होंने जनवरी 2025 में भारी मुनाफे के साथ बेच दिया है। 31 करोड़ में खरीदी इस प्रॉपर्टी को अमिताभ ने 83 करोड़ रुपए में बेचा है। यह प्रॉपर्टी ओशिवारा में मौजूद है और क्रिस्टल ग्रुप के आवासीय प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जो 1.55 एकड़ में फैला है। अमिताभ को अपार्टमेंट बेचकर 168% का मुनाफा हुआ है। स्क्वॉयर यार्ड के विश्लेषण में यह खुलासा हुआ है।

बोले सीएम-आयुर्वेद की दवाई ने ऐसा तेजी से असर किया कि शिक्षा मंत्री से मुख्यमंत्री बन गया

खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक संस्थान में शुरू हुए तीन दिवसीय आयुर्वेद पर्व के तहत राष्ट्रीय सेमीनार का सीएम ने उद्घाटन किया

# मुख्यमंत्री का तोहफा...'65 वर्ष' होगी आयुष चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु

उज्जैन में खोला जाएगा अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान

◆ *सीएम ने कहा कि नई शिक्षा नीति के प्रावधान अनुसार विश्वविद्यालयों को आयुर्वेदिक, मेडिकल सहित अन्य सभी प्रकार के कोर्स संचालित करने की अनुमति राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई है।*



*उज्जैन में अंतरराष्ट्रीय वैदिक न्यायालय स्थापित करने में राज्य शासन की ओर से सहयोग प्रदान किया जाएगा*

अगला आयुर्वेद पर्व सिंहस्थ 2028 पर उज्जैन में आयोजित हो



यूनानी चिकित्सा पद्धति की पढ़ाई हिंदी में भी करने की व्यवस्था होगी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोग कहते हैं कि आयुर्वेद की दवाई देर से असर करती है लेकिन मुझे आयुर्वेद की दवाई ने तेजी से असर किया। मैं शिक्षा मंत्री से मुख्यमंत्री बन गया। उन्होंने घोषणा की कि स्वास्थ्य विभाग के समान आयुष विभाग के चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु भी 62 से बढ़ा कर 65 साल की जाएगी।



मेले में सीएम ने आयुर्वेदिक उत्पादों का अवलोकन किया

### प्रदेश में 11 आयुर्वेदिक कॉलेज आरंभ होंगे

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में 11 आयुर्वेदिक कॉलेज आरंभ किए जाएंगे। हमारे पास 55 सरकारी जिले हैं, 56 मेडिकल कॉलेज हैं। अब 11 और जोड़ने से यह संख्या 67 हो जाएगी। नई शिक्षा नीति के प्रावधान अनुसार विश्वविद्यालयों को आयुर्वेदिक, मेडिकल सहित अन्य सभी प्रकार के कोर्स संचालित करने की अनुमति राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई है। आयुर्वेद में पैरामेडिकल, नर्सिंग आदि कोर्सेज चलाने की व्यवस्था की जाएगी। आयुष से संबंधित क्लीनिक और नर्सिंग होम पंजीयन का कार्य आयुष विभाग को सौंपा जाएगा। यूनानी चिकित्सा पद्धति की पढ़ाई हिंदी में भी करने की व्यवस्था होगी।

### मुख्यमंत्री ने किया आयुर्वेद वैद्यों को सम्मानित

मुख्यमंत्री ने आरोग्य पर्व पर प्रकाशित सोवेनियर का विमोचन भी किया। डॉ. यादव ने आयुर्वेद क्षेत्र के कर्मठ और निष्णात वैद्यों को सम्मानित किया और मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित व्याख्याताओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। डॉ. यादव ने आरोग्य मेले का भी उद्घाटन कर अवलोकन किया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार, विधायक भगवानदास सबनानी और पद्मश्री एवं पद्मभूषण से अलंकृत अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन ट्रस्ट, नई दिल्ली के अध्यक्ष वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा समेत प्रमुख सचिव आयुष विभाग डीपी अहूजा, वैद्य मनोज नीसरी, आर उमा स्वामी, उमेश शुक्ला, विनोद बैरागी मौजूद रहे।

श्री महाकाल मंदिर में फिर लापरवाही

## गर्भगृह में घुस गया युवक शिवलिंग को हाथ लगाया

गर्भगृह निरीक्षक और नंदी हॉल प्रभारी को नोटिस, दो गार्ड्स पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश पर प्रतिबंध होने के बावजूद सोमवार को एक युवक बिना अनुमति गर्भगृह में प्रवेश कर गया। गर्भगृह के आसपास खड़े मंदिर के कर्मचारी और पुजारी हड़बड़ा गए। उन्होंने युवक को पकड़कर गर्भगृह से बाहर निकाल दिया। मामले की जानकारी मिलते ही मंदिर प्रशासक अनुकूल जैन ने लापरवाही बरतने पर मंदिर के दो कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है।



**इन पर कार्रवाई**

*मंदिर प्रशासक अनुकूल जैन ने गर्भगृह निरीक्षक कमल जोशी और नंदी हॉल प्रभारी प्रहलाद भास्कर को लापरवाही के लिए नोटिस जारी किया गया है। क्रिस्टल कंपनी के गार्ड्स सोहन डाबी और अंकित को सेवा से बर्खास्त करने के लिए पत्र लिखा है। अक्टूबर 2022 में महाकाल लोक बनने के बाद भक्तों की संख्या में चार गुनी वृद्धि हो गई। यह संख्या बढ़कर डेढ़ से दो लाख तक पहुंच गई है। इतनी बड़ी संख्या में भक्तों को गर्भगृह में प्रवेश देना नामुमकिन है इसीलिए मंदिर समिति ने प्रवेश पर रोक लगा रखी है।*

पीसीसी चीफ पटवारी बोले

## कांग्रेस में गुटबाजी का कैंसर, ये खत्म करना होगा वरना हम खत्म हो जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मप्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने 27 जनवरी को महू में होने वाली जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली की तैयारियों को लेकर धार जिले के धरमपुरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस बैठक में जीतू पटवारी ने कहा, कांग्रेस में गुटबाजी का कैंसर है। इस ग्रुपिज्म के कैंसर को खत्म करना होगा नहीं तो हम खत्म हो जाएंगे। पटवारी के बयान पर भाजपा प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने कहा कि कांग्रेस में गुटबाजी और अंतर्कलह जमकर चल रही है। हम लगातार इन बातों को उठा रहे हैं लेकिन, कांग्रेस इनका खंडन करती रही।

■ भाजपा ने ली चुटकी, पूछा कैंसर किस नेता को कहा?



रीति पाठक ने मंच पर ही कहा

## अस्पताल विकास के लिए आए 8 करोड़ रुपए कहां गायब हो गए?

डिप्टी सीएम शुक्ल की ओर से पत्रों का जवाब नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीधी

भाजपा विधायक रीति पाठक ने भरे मंच पर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को घेर लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल के विकास के लिए जारी 8 करोड़ रुपए की राशि गायब हो गई। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग को 6 से 7 बार पत्र लिखा, लेकिन उपमुख्यमंत्री की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। शुक्ल उपमुख्यमंत्री होने के साथ स्वास्थ्य विभाग के मंत्री भी हैं। सीधी विधायक रीति पाठक रविवार को एक निजी अस्पताल के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान मंच पर राजेंद्र शुक्ल भी मौजूद थे। रीति पाठक ने कहा कि मैंने जो पत्र लिखे थे।



बिग बॉस 18 के विनर बने करणवीर मेहरा

## सुशांत को याद कर कहा-वे मेरे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं

पुरस्कार राशि के रूप में 50 लाख रुपए जीते

एजेंसी ▶▶मुंबई

बिग बॉस 18 को 19 जनवरी, 2025 को अपना विजेता मिल गया। इस शो के विजेता करणवीर मेहरा बने और विवियन डिसेना पहले रनरअप रहे। सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस 18 तीन महीने तक ऑन एयर रहा। रिएलिटी शो जितने के बाद करण ने अपने सबसे पुराने और अजीज दोस्त सुशांत सिंह राजपूत को याद किया। तमाम मुश्किलों से पार पाते हुए करणवीर मेहरा बिग बॉस 18 के विजेता बने और पुरस्कार राशि के रूप में 50 लाख रुपए जीते।



बाबा ने कहा कि महाकुंभ में इस बात पर बहस होनी चाहिए कि किस तरह देश हिंदू राष्ट्र बनेगा?

# बाबा बागेश्वर ने कहा-अपने मकसद से भटक रहा महाकुंभ, वहां 'रील' नहीं 'रियल' होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶छतरपुर

बागेश्वरधाम के बाबा पं. धारेंद्र शास्त्री ने कहा कि महाकुंभ अपने मुख्य मकसद से भटक रहा है। वहां रील नहीं रियल होना चाहिए। वहां इस बात पर बहस होनी चाहिए कि किस तरह देश हिंदू राष्ट्र बनेगा, कैसे हिंदू धर्म छोड़ चुके मुसलमान व इसाइयों को सनातन धर्म में वापसी करवानी है, इसकी चर्चा होनी चाहिए। हर्षा रिछारिया, अभय सिंह व नीली आंखों वाली लड़की का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि महाकुंभ में हिंदू राष्ट्र कैसे बने, इस पर विमर्श होना चाहिए।

◆ कैसे हिंदू धर्म छोड़ चुके मुसलमान व इसाइयों को सनातन धर्म में वापसी करवानी है, इसकी चर्चा होनी चाहिए



**हमारी डुबकी 'हिंदू जगाओ' के लिए**

इसके पहले बागेश्वर बाबा का एक बयान वायरल था, जिसमें वे महाकुंभ में उपद्रव करने की बात कह रहे थे। उनका कहना था कि महाकुंभ में हम भी जा रहे हैं। जा ही रहे हैं तो सोचा कुछ उपद्रव कर दें। हम सोच रहे थे कि क्यों जाएं और काहे के लिए जाएं। इस बार महाकुंभ में जो हम डुबकी लगाएंगे और कथा करेंगे, वह हिंदू जगाओ और हिंदुस्तान बचाओ के लिए होगा। इसी अभियान को चलाने के लिए हम कथा कहेंगे।

**इन पर हुए विवाद**

हाल ही में सोशल मीडिया पर ट्रोल होने वालीं हर्षा रिछारिया मूल रूप से झांसी जिले के मऊरानीपुर कस्बे की रहने वाली हैं। भगवा कपड़ों में अखाड़ों के साथ स्नान करने के बाद से उन्हें लेकर कुंभ नगरी में विवाद छिड़ गया था। हर्षा मूल रूप से यू-ट्यूबर हैं। हर्षा ने निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि से गुरु दीक्षा ली थी। अखाड़ों के अमृत स्नान के दौरान हर्षा रथ पर सवार थीं। उन पर द्वारका पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने सवाल उठाया था कि उसे रथ पर क्यों जगह दी गई। महाकुंभ 2025 शुरू होने के साथ ही आईआईटी वाले बाबा अभय सिंह काफी चर्चा में आ गए। उनके बाद मप्र की नीली आंखों वाली लड़की चर्चा में आ गई।







# महाकुंभ में 8 करोड़ 26 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी मौनी अमावस्या के लिए व्यवस्थाएं और अधिक मजबूत की

## सीएम योगी ने अमृत स्नान के लिए विशेष प्रबंध करने के दिए निर्देश

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ में अब तक स्नान करने वालों की संख्या आठ करोड़ 26 लाख हो गई है। रविवार को ही 44.9 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इनके अतिरिक्त 10 लाख कल्पवासियों ने भी स्नान किया। इस तरह कल्पवासियों सहित 54.9 लाख श्रद्धालुओं ने रविवार संगम में डुबकी लगाई। महाकुंभ में 40 करोड़ या इससे अधिक तीर्थयात्रियों के आने का पूर्वानुमान है। देश-दुनिया से लोगों के आने और स्नान का क्रम लगातार बना है। प्रत्येक दिन डुबकी लगाने वालों की संख्या बढ़ रही है। सभी घाट आस्था की डुबकी लगाने वालों से भरे रहते हैं। पहला अमृत स्नान मकर संक्रांति पर हो चुका है, लेकिन डुबकी लगाने वालों की भीड़ अब भी उत्साह में है। रविवार सुबह कोहरा था, लेकिन दोपहर में मौसम साफ हो गया। धूप खिलने के साथ ही मेला क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, संगम मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़ चलती रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मौनी अमावस्या पर महाकुंभ के प्रमुख अमृत स्नान पर्व को लेकर विशेष प्रबंध का निर्देश दिया है। रविवार को यहां मुख्यमंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या व वसंत पंचमी पर महाकुंभ मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन व संचार तंत्र को और उत्कृष्ट बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ नगर पहुंचने पर पहले मेला क्षेत्र का भ्रमण किया। इसके बाद प्रयागराज मेला प्राधिकरण के इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। कहा कि वर्तमान में मेला परिसर में लगभग डेढ़ करोड़ श्रद्धालु उपस्थित हैं। अब तक आठ करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी स्नान कर चुके हैं। पौष पूर्णिमा व मकर संक्रांति पर आस्था का जन समुद्र उमड़ा था, यह सुखद रहा कि श्रद्धालु संतुष्ट होकर यहां से लौटे। अब मौनी अमावस्या पर 8-10 करोड़ लोगों के आने का अनुमान है।




**10** लाख कल्पवासियों समेत 54.9 लाख श्रद्धालुओं ने रविवार को किया स्नान





### सीमा हैदर महाकुंभ में चढ़ाएंगी 51 लीटर गाय का दूध

पाकिस्तान से साल 2023 में भारत आई सीमा हैदर एक बार फिर से चर्चा में है। सीमा ने मुस्लिम धर्म छोड़कर हिंदू धर्म अपना लिया है। ऐसे में सनातन धर्म और महाकुंभ को लेकर सीमा ने कहा कि उसकी भी इच्छा है कि वह महाकुंभ में जाकर संगम त्रिवेणी में गंगा स्नान करें। लेकिन, गर्भवती होने की वजह वह अभी जा नहीं सकती है। इसलिए मेरी तरफ से सुप्रीम कोर्ट के वकील एपी सिंह 51 लीटर गाय का दूध लेकर 21 जनवरी को प्रयागराज पहुंचेंगे और मां गंगा को समर्पित करेंगे।



### दूसरे दिन फिर लगी आग, किन्नर अखाड़े के सामने टेंट जला



महाकुंभ में लगातार दूसरे दिन आग लग गई। सोमवार को मेला क्षेत्र के सेक्टर 16 में किन्नर अखाड़ा के सामने टेंट में आग लगी। एक तरफ कल्पवासियों ने आग बुझाने की कोशिश शुरू की तो दूसरी तरफ सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंचा और तत्परता दिखाते हुए आग को अन्य टेंट तक फैलने से पहले ही रोक लिया।अग्निशमन विभाग के नोडल अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि आग को बुझा दिया गया है। किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि लगातार मेला क्षेत्र में टेंटों व अखाड़ों में ठहरे श्रद्धालुओं को गाइड लाइन का पालन करने के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। ताकि दिव्य व भव्य के साथ महाकुम्भ को सुरक्षित बनाया जा सके।

### महाकुंभ में आ रहे श्रद्धालुओं को गिन रहे हैं एआई कैमरे

महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं की गिनती सांख्यिकीय तरीके से भी होती है। इस विधि का पहली बार इस्तेमाल साल 2013 के कुंभ में हुआ था। बता दें कि सांख्यिकीय विधि के मुताबिक 1 व्यक्ति को गंगा में स्नान के लिए करीब 0.25 मीटर की जगह चाहिए और उसे नहाने में करीब 15 मिनट का वक्त लगेगा। सांख्यिकीय गणना के मुताबिक 1 घंटे में 1 घाट पर अधिकतम साढ़े बारह हजार लोग स्नान कर सकते हैं। इस समय कुंभ में कुल 44 घाट बनाए गए हैं। सरकार ने महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की गिनती के लिए एक स्पेशल टीम तैयार की है, जिसका नाम क्राउड असेसमेंट टीम है।

**ट्रैकिंग की विधि**

बता दें कि इस बार के महाकुंभ में आने वाले लोगों की गिनती के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का भी इस्तेमाल किया जाता है। श्रद्धालुओं की सटीक गिनती के लिए महाकुंभ में एआई तकनीक वाले कैमरे लगाए गए हैं।

### विहिप करेगी काशी-मथुरा के लिए आंदोलन



विश्व हिन्दू परिषद के संत सम्मेलन पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहा कि संत समाज काशी-मथुरा की मुक्ति के लिए आगे आएगा। विहिप के संत सम्मेलन के माध्यम से काशी और मथुरा के साथ अन्य मंदिरों को कब्जा मुक्त कराने की रणनीति बनेगी।

## महाराष्ट्र के स्थानीय चुनावों में बढ़ेगी सियासी रार

# मंथन:एमवीए में कलह के बीच शरद पवार ने की उद्धव ठाकरे से मुलाकात

### दोनों नेताओं के बीच एक घंटे से अधिक समय तक हुआ विचारों का आदान प्रदान

महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी में कलह के बीच शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने एनसीपी एसपी प्रमुख शरद पवार से उनके आवास पर मुलाकात की है। बता दें कि, हाल ही में शिवसेना उद्धव गुट ने राज्य के स्थानीय चुनावों में गठबंधन से अलग अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने को लेकर विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन के बीच मतभेदों के बीच शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने सोमवार को मुंबई में एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की है। मामले में पार्टी सूत्रों ने बताया कि उद्धव ठाकरे ने दक्षिण मुंबई में सिल्वर ओक में मौजूद पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार के आवास पर गए और उनसे एक घंटे से अधिक समय तक मुलाकात की। जानकारी के मुताबिक, विपक्षी गठबंधन के निर्माता शरद पवार ने एमवीए के भीतर उथल-पुथल को शांत करने के लिए कदम उठाया है और हाल ही में कहा कि वह आगामी स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने पर चर्चा करने के लिए गठबंधन के तीन घटकों की बैठक बुलाएंगे। शिवसेना (यूबीटी) ने घोषणा की है कि वह स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ेगी।

### महाराष्ट्र में पक रही नई सियासी खिचड़ी

**गठबंधन के तीन घटकों की बैठक में होंगे निर्णय**

*दूर शाम तक नेताओं में होती रही चर्चा*



**चुनाव लड़ने के लिए गठबंधन में चर्चा नहीं**

शरद पवार ने हाल ही में बताया कि केंद्र में इंडिया गठबंधन और महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी का जनादेश क्रमशः राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर एक साथ चुनाव लड़ना है, न कि स्थानीय स्तर पर। शरद पवार ने कहा था, 'हमने कभी भी स्थानीय स्वशासन स्तर पर एक साथ चुनाव लड़ने पर चर्चा या सुझाव नहीं दिया है।' राजनीतिक सहयोगी पारंपरिक रूप से स्थानीय चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ते हैं, लेकिन सेना (यूबीटी) के फैसले ने एमवीए की व्यवहार्यता के बारे में अटकलें शुरू कर दी हैं।

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एमवीए को मिली थी हार

बता दें कि, पिछले साल नवंबर महीने में हुए राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी और शरद पवार की एनसीपी एसपी से मिलकर बने महा विकास अघाड़ी गठबंधन को करारी हार का सामना करना पड़ा था। राज्य के 288 विधानसभा सीटों में से मात्र 46 सीटों पर ही जीत हासिल कर सकी थी। इसमें उद्धव ठाकरे की शिवसेना यूबीटी ने 20, कांग्रेस ने 16 और शरद पवार की एनसीपी-एसपी को सिर्फ 10 ही विधानसभा सीटों पर जीत मिली थी।

### अजित बोले- सांप्रदायिकता फैलाने वालों को हम किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेंगे



महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) धर्मनिरपेक्ष राजनीति में भरोसा करती है और राज्य में सांप्रदायिकता फैलाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र हमेशा प्रगतिशील विचार और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक रहा है। राकांपा एकता और धर्मनिरपेक्षता के लिए खड़ी है। जालना में राकांपा के जिला कार्यालय का उद्घाटन करते वक्त अजित पवार ने कहा, हम ऐसे किसी भी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं करेंगे जो विभिन्न समुदायों में नफरत फैलाए और बांटने की राजनीति करे। उन्होंने कहा कि राकांपा में खराब छवि वाले या दागी लोगों को शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं पार्टी सदस्यों से आग्रह करता हूं कि वे हमारी पार्टी में दागी लोगों को शामिल न करें। इसके अलावा, अजित पवार ने 'माझी लड़की बहिन योजना' के लिए जो महिलाएं पात्र नहीं हैं, उनसे अपील की कि वे स्वेच्छा से योजना का लाभ छोड़ दें। उन्होंने कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से पिछड़ी महिलाओं के लिए है।

#### ईवीएम को लेकर विपक्षी दलों पर साधा निशाना

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर उन्होंने विपक्षी पर दोहरे रुख का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जब विपक्ष दल कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में चुनाव जीतते हैं तो ईवीएम की तारीफ करते हैं, लेकिन जब हारते हैं तो उन्हीं मशीनों पर आरोप लगाते हैं। पवार ने राकांपा कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे स्थानीय निकाय चुनावों के लिए तैयार रहें।

# संदेश: नेताओं की तरफ से है हरी झंडी, पुलिसकर्मियों को मार दो

### संभल हिंसा पर मुल्ला अफरोज ने खोले कई राज

एजेंसी ▶▶ संभल

संभल बवाल में गिरफ्तार किए गए मुल्ला अफरोज ने बताया कि 24 नवंबर को दूसरे साथी को शारिक साटा ने एक एप पर कॉल कर कहा था कि नेता भीड़ जमा करा रहे हैं। नेताओं की ओर से पूरी सपोर्ट है और हरी झंडी मिल गई है। इसलिए 10 से 20 पुलिसकर्मी और आम लोगों को मार दो। इससे पुलिस प्रशासन डर जाएगा और शासन भी पुलिसकर्मियों के खिलाफ ही कार्रवाई करेगा। एसपी का कहना है कि मुल्ला अफरोज के मोबाइल में वह एप भी मिला है, जिससे इंटरनेशनल कॉल चल रही थी। मोबाइल को जब्त कर लिया गया है। उसकी जांच पड़ताल भी कराई जा रही है। जिससे कोई और सबूत भी शारिक साटा गिरोह के खिलाफ एकत्र हो सके और सख्त कार्रवाई हो सके। मुल्ला अफरोज ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि शारिक साटा



विदेश से हथियार भेजता है। इन हथियार की डिलिवरी कहां-कहां होनी है एक एप के माध्यम से कॉल कर सरगना बताता है। उसके बाद हथियार वहां पहुंचा दिया जाता है।

#### दुबई से चल रहा था गिरोह

मुल्ला अफरोज ने पुलिस को यह भी बताया है कि कुछ समय पहले तक हरियाणा और दिल्ली राज्यों में हथियारों की डिलीवरी दी है। इसके लिए कई सदस्य लगे रहते हैं। पुलिस को आरोपी ने कई सदस्यों के नाम भी बताए हैं जिनकी तलाश में पुलिस की टीम लग गई है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि शारिक साटा इस गिरोह का संचालन दुबई से करता है। जो दाऊद इब्राहिम गिरोह और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में होने की बात सामने आ रही है। पकड़े गए आरोपी मुल्ला अफरोज ने इन सभी की जानकारी दी है। एसपी ने बताया कि गिरोह में दूसरे राज्यों के सदस्य हैं। लेकिन ज्यादातर सदस्य संभल के हैं। उनकी तलाश में टीमों को लगाया गया है। यह गिरोह के सदस्य बवाल में शामिल थे और घटनाएं अंजाम देकर सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए थे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, लोककर्म विभाग**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। के लिये ऑनलाईन निविदायें हैं।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-520 Date- 21/01/25 2025_UAD_397267_1 | नया वार्ड क्र. 76 के अंतर्गत इमलिया मार्ग पर स्वागत द्वार का निर्माण कार्य। | 02 माह<br>04.23 लाख | 2000/-<br>4234/- | 04/02/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री (लोककर्म विभाग)**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

क्र./सम्पत्ति/जविप्रा/7339/2 — जबलपुर, दिनांक 20/01/2025

**हस्तांतरण किये जाने हेतु जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण के निम्नलिखित भूखण्डधारियों द्वारा हस्तांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञापन प्रकाशन तिथि के 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय - जबलपुर विकास प्राधिकरण ब्लाक क. 7अ सिविक सेंटर मढाताल, जबलपुर में प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त संपत्ति में वांछित कार्यवाही कर दी जावेगी, जिसके बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

**हस्तांतरण / हकत्याग की जाने वाली संपत्ति का विवरण**

| क्र. | यो.कं. | भू.कं. | विक्रेता का नाम एवं पता | क्रेता का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 41 | आवा. भूखण्ड क्र. 730 | श्रीमति विद्या राजवाडे (पोरे) पति श्री अमित राजवाडे पता- 350/2, दत्त मंदिर के पीछे, गोलबाजार, जबलपुर | श्री संदीप सिंह एवं श्री करनदीप सिंह दोनों के पिता श्री कुलदीप सिंह पता- 100, समदड़िया रेसीडेंसी शताब्दीपुरम, जबलपुर |
| 2 | 41 | आवा. भूखण्ड क्र. 845 | श्रीमति महफूजा बेगम पति मोईनूदीन खान पता- म.नं. 633/3, संजीवनी हास्पिटल के पास, राम नगर, अधारताल, जबलपुर | 1.श्री सारांश मोतीयानी पिता श्री श्याम मोती यानी 2. श्रीमति विधि पवार पति श्री सारांश मोतीयानी पता- के. बी. - 8, कृष्णा विहार परफेक्ट एन्क्लेव कमला नेहरू नगर वार्ड, जबलपुर |
| 3 | 06 | भूखण्ड क्र. 1064 | श्री वंशीधर बड़गैयां पिता स्व. श्री गजाधर प्रसाद बड़गैयां पता - 2524, पुरवा गढ़ा, जबलपुर | श्री रंजीत सिंह राजपूत पिता श्री शंकर सिंह राजपूत पता- 250 गुरुछाया के पास, जसूजा सिटी, जबलपुर |
| 4 | 16 | अर्द्ध.व्या. भूखण्ड क्र. डी-32 | 1. श्री हर्ष पटेल पिता श्री श्रवण पटेल 2. श्री अमित कुमार अग्रवाल पिता श्री के.के. अग्रवाल पता- 933, गोलबाजार, जबलपुर व जी-11, गंगोत्री अपार्टमेंट, गोलबाजार जबलपुर | 1. श्री अनिता अग्रवाल पति श्री शंकर लाल अग्रवाल 2. श्री शंकरलाल अग्रवाल पिता स्व. श्री 1333/2 प्रगतिशील बुधराम अग्रवाल पता-कालोनी, नर्मदा, जबलपुर |
| 5 | 11 | भूखण्ड क्र. 931 | श्री अविनाश श्रीवास्तव पिता स्व. श्री आर.एल. श्रीवास्तव पता- 931, स्नेह नगर, जबलपुर | श्री अभिलाष श्रीवास्तव पिता स्व. श्री आर.एल. श्रीवास्तव पता- 931, स्नेह नगर, जबलपुर |
| 6 | 06 | भूखण्ड क्र. 481 | श्रीमति सुधारानी सिन्हा पति श्री सुनील कुमार सिन्हा पता- 481, संजीवनी नगर, गढ़ा रोड, जबलपुर | श्री वीरेश्वर दत्त चतुर्वेदी पिता श्री कृष्ण कुमार चतुर्वेदी पता- 480, संजीवनी नगर, गढ़ा रोड, जबलपुर |

**संपत्ति प्रबंधक**
**जबलपुर विकास प्राधिकरण**
**जबलपुर**

## पटना में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने चिंता जाहिर की कहा

# सदन की लगातार गिरती प्रतिष्ठा और जबरन सदन न चलने देना बन रहा चिंता का विषय

### बढ़ते विरोध को कम करना भी हमारी जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ पटना

यहां दो दिवसीय अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया। कार्यक्रम में संवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में संसद और विधायी निकायों के योगदान विषय पर संवाद हुआ। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की गिरती प्रतिष्ठा और विपक्ष के द्वारा जबरन सदन न चलने देने पर चिंता जाहिर की। बिरला ने कहा कि समय के साथ-साथ टेक्नोलॉजी में भी परिवर्तन हुआ है। समय के साथ हमारे सामने कुछ चुनौतियां भी आई और चुनौतियों पर समय-समय पर पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में चर्चाएं भी हुईं। ओम बिरला ने कहा कि 1952 के बाद 1954 के अंदर सबसे पहले पीठासीन अधिकार जो चिंता व्यक्त की वह चिंता आज भी हमारी है, वह चिंता है सदन की गरिमा और परंपरा की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आज मुझे यह कहना पड़ रहा है कि यह चिंता गंभीर होती जा रही है। हम किस तरीके से हमारे सदनों के अंदर सदन की गरिमा बनाए, प्रतिष्ठा बनाएं, अच्छी परंपराएं लागू करें। सदन की गरिमा प्रतिष्ठा बनाते हुए जिस अपेक्षा के साथ जनता जनप्रतिनिधि की चुनकर भेजा है।

### घटती विधान मंडलों की बैठकें अच्छे संकेत नहीं



**पूर्व के निर्णयों को लागू करने के प्रयास हों**

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हमें प्रयास करना चाहिए कि हमें लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती के लिए विधान मंडलों की बैठकों की संख्या बढ़ना जरूरी है, साथ ही जो पूर्व में निर्णय हुए हैं, स्पीकर सम्मेलन में उस संकल्पों को लागू करने का प्रयास करें।

**बननी चाहिए आचार संहिता**

बिरला ने अचार संहिता बनाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि मेरी सभी राजनीतिक दलों से भी यह अपेक्षा है कि वह अपने-अपने दल में एक आचार संहिता बनाएं, सदनों में अपने-अपने चुने हुए प्रतिनिधियों को सदन की गरिमा प्रतिष्ठा बनाने के लिए राजनीतिक दल आचार संहिता बने।

जबलपुर
मंगलवार, 21 जनवरी 2025
माघ मास शुक्ल पक्ष -07
■ वर्ष : 19, अंक : 257
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 28
न्यून. 10

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



## ट्रंप अमेरिकी लोकतंत्र के 230 से अधिक सालों में केवल दूसरे राष्ट्रपति हैं जो सत्ता में आए, फिर से चुनाव हार गए और फिर व्हाइट हाउस लौट आए

ट्रंप को दुनिया के दिग्गज नेताओं ने दी बधाई, इनमें पीएम नरेंद्र मोदी, ब्लादीमीर पुतिन, जॉर्जिया मेलोनी समेत कई देशों के प्रमुख शामिल।

750 मेहमानों के बीच ट्रंप ने 35 शब्दों में ली शपथ

# मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि... और, वे 47 वें राष्ट्रपति बन गए

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी को दोपहर 12 बजे, भारतीय समयानुसार रात 10.30 बजे दूसरी बार संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। इसी के साथ डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बन गए। डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी लोकतंत्र के 230 से अधिक सालों में केवल दूसरे राष्ट्रपति हैं, जो सत्ता में आए, फिर से चुनाव हार गए और फिर व्हाइट हाउस लौट आए।

लगातार राष्ट्रपति पद पर रहने वाले दूसरे नेता ग्रोवर क्लीवलैंड थे, जो 1880 और 1890 के दशक में 22वें और 24वें राष्ट्रपति थे। ट्रंप का शपथ ग्रहण समारोह यूनाइटेड स्टेट्स कैपिटल रोटुंडा के अंदर आयोजित किया गया। ये वही जगह है, जहां पर चार साल पहले दंगाइयों ने कब्जा कर लिया था, जो 2020 के चुनाव में जो बाइडेन की जीत को पलटना चाहते थे। वॉशिंगटन में सोमवार को शून्य से भी कम तापमान का पूर्वानुमान है, जिसकी वजह से डोनाल्ड ट्रंप को कैपिटल रोटुंडा के अंदर से पद की शपथ लेनी पड़ी। यह 40 साल में पहली बार होगा जब राष्ट्रपति को कैपिटल की सीढ़ियों पर शपथ नहीं दिलाई गई। ट्रंप ने सिर्फ 35 शब्दों में शपथ ली।




*समारोह में भारत से उद्योगपति मुकेश अंबानी और नीता अंबानी और विदेश मंत्री एस.जयशंकर शामिल थे। इनके अलावा एलन मस्क, जेफ बेजोस, मार्क जकरबर्ग और टिम कुक, सैम ऑल्टमैन और टिकटॉक के प्रमुख शाउ जी च्यू भी शामिल हुए।*

**मशहूर संगीतकार कैरी अंडरवुड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में प्रस्तुति दी**

### सुबह चर्च में एक निजी प्रार्थना सेवा में लिया भाग

दिन की शुरुआत राष्ट्रपति और उनके परिवार द्वारा व्हाइट हाउस के पास सेंट जॉन्स एपिस्कोपल चर्च में एक निजी प्रार्थना सेवा में भाग लेने से हुई। उसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप, प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप, पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ व्हाइट हाउस में चाय पी। शाम को लगभग 7,500 प्रतिभागियों के साथ पेंसिल्वेनिया एवेन्यू में राष्ट्रपति परेड का आयोजन हुआ।

### 20 को रविवार तो शपथ 21 को होती

अमेरिका के राष्ट्रपति पद के शपथ ग्रहण समारोहों में कुछ ऐतिहासिक नियम भी होते हैं। 1933 में अमेरिकी संविधान में संशोधन के बाद शपथ ग्रहण समारोह हर चार साल में 20 जनवरी को आयोजित किया जाता है। अगर 20 जनवरी को रविवार होता है तो ये फिर 21 जनवरी को आयोजित की जाती है। अमेरिका में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को दोपहर में पद की शपथ दिलाई जाती है। ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह को खास बनाने के लिए 17 करोड़ डॉलर का चंदा भी जुटाया था। तय नियम के मुताबिक पहले जेडी वेंस उपराष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली।

### ब्लेयर हाउस में ट्रंप ने बिताई रात

*ट्रंप ने परंपरा कायम रखते हुए शनिवार की रात ब्लेयर हाउस में बिताई, जो व्हाइट हाउस (राष्ट्रपति कार्यालय) के सामने पेन्सिल्वेनिया एवेन्यू में राष्ट्रपति का आधिकारिक अतिथि निवास है। वह शहर से लगभग 30 मील पश्चिम में वर्जीनिया के स्टर्लिंग में अपने गोल्फ क्लब में एक पार्टी में शामिल होने के बाद ब्लेयर हाउस पहुंचे।*

### पहले ही दिन 100 आदेशों पर किए दस्तखत

ट्रंप शपथ ग्रहण के बाद पहले ही दिन 100 के करीब कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिनमें 6 जनवरी 2020 को हुई हिंसा के दोषियों को माफ करने का आदेश भी शामिल रहा। शपथ ग्रहण से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने नई क्रिप्टो करेंसी लॉन्च की है। इस क्रिप्टो करेंसी को 'ट्रंप मीम कॉइन' नाम दिया गया है। शपथ ग्रहण से एक दिन पहले विक्ट्री रैली में ट्रंप ने कहा कि हमें टिकटॉक को बचाने की जरूरत है। हम अपना बिजनेस चीन को नहीं दे सकते।

---

## खबर संक्षेप

### रायसेन में छात्रा को ट्रक ने रौंदा, मौके पर मौत



**रायसेन।** सोमवार दोपहर एक ट्रक की टक्कर से पीजीडीसीए की छात्रा की मौत हो गई। हादसा भोपाल रोड स्थित दरगाह शरीफ के पास हुआ। ट्रक का पहिया छात्रा के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक को मौके पर छोड़ फरार हो गया। इलेक्ट्रिक स्कूटी में छात्रा के साथ उसके मामा पुरुषोत्तम सिंगरौली (28) भी सवार थे, जिन्हें गंभीर चोट आई है। मृतका सानू पांच भाई-बहनों में सबसे छोटी थी।

### पिकअप-कार की भिड़ंत दो भाइयों की मौत



**आगर मालवा।** सोमवार दोपहर 12.30 बजे पिकअप वाहन की टक्कर से कार सवार दो भाइयों की मौके पर मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हैं। हादसा उज्जैन मार्ग पर नेशनल हाईवे पर हुआ। मृतकों की पहचान लाल सिंह (60) और भारत सिंह (40) के रूप में हुई है। दोनों पृथ्वी सिंह के पुत्र थे और ग्राम उमरिया देवड़ा के रहने वाले थे। घायलों में दुले सिंह, सोरम बाई, नरसिंह और पंकज को अस्पताल आगर ले जाया गया।

---

क्या हो गया इंसाफ ?

### आरजी कर दुष्कर्म और हत्या मामले कोर्ट ने सुनाया फैसला

# डॉक्टर बिटिया का गुनहगार 'फांसी' से बचा, दोषी संजय रॉय को उम्रकैद

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पिछले साल नौ अगस्त का दिन। कोलकाता में जो हुआ उससे पूरा देश सन्न था। आरजीकर मेडिकल कॉलेज के भीतर डॉक्टर बिटिया के साथ बर्बरता की सारी हदें पार हो गईं। दरिंदे संजय रॉय ने रात के सन्नाटे में उसे हॉल में घसीट लिया। उसकी अस्मत लूटी और फिर हैवानियत का नंगा नाच हुआ। उसके कूल्हे टूटे हुए मिले। आंखें फोड़ दी गईं। पूरे देश में आक्रोश की लहर फैल गई। कोलकाता की निर्भया को इंसाफ दिलाने के लिए दिन-रात आंदोलन हुए। फांसी से कम कोई उम्मीद नहीं कर रहा था।

खास कर तब जब सीबीआई जैसी एजेंसी ने मामले की जांच की। पर 20 जनवरी को सियालदह की अदालत ने गुनहगार संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट की नजर में ये दुर्लभतम मामला नहीं है। सियालदह की अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने शनिवार को संजय रॉय को पिछले साल नौ अगस्त को अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या का दोषी करार दिया था।

कोर्ट की नजर में संजय का गुनाह दुर्लभतम की श्रेणी में नहीं



*कोर्ट ने कहा- पीड़ित परिवार को उसकी मौत के लिए 10 लाख रुपए मुआवजा और 7 लाख रु. अतिरिक्त दिया जाना चाहिए*

*सियालदह अदालत ने संजय रॉय पर 50,000 का जुर्माना भी लगाया*

*रॉय को जिन धाराओं के तहत दोषी करार दिया गया है, उसमें उसे न्यूनतम आजीवन कारावास, जबकि अधिकतम मौत की सजा हो सकती है।*



कोर्ट के बाहर भारी सुरक्षा व्यवस्था रही

### संजय के वकील ने कहा-फांसी की जगह कोई और सजा दी जानी चाहिए

अपनी दलील में संजय रॉय के वकील ने कहा कि दोषी को फांसी की जगह कोई और सजा दी जानी चाहिए। भले ही यह दुर्लभतम मामला हो, लेकिन सुधार की गुंजाइश होनी चाहिए। अदालत को यह दिखाना होगा कि दोषी क्यों सुधार या पुनर्वास के लायक नहीं है। सरकारी वकील को सबूत पेश करने होंगे और कारण बताने होंगे कि व्यक्ति सुधार के लायक क्यों नहीं है और उसे समाज से पूरी तरह से खत्म कर देना चाहिए। बीएनएस की धारा 64 (दुष्कर्म) के तहत कम से कम 10 साल की सजा का प्रावधान है, जो आजीवन कारावास तक हो सकती है।

सीएम ममता बेनर्जी ने कहा

### सजा से मैं संतुष्ट नहीं हमसे केस छीना गया



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा कि वह अदालत के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। हम सभी ने मौत की सजा की मांग की थी लेकिन अदालत ने आजीवन कारावास दिया है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने मामले की जांच कोलकाता पुलिस से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित कर दी थी।

### फांसी की सजा से दरिंदा कैसे बचा? इसे समझें

फांसी की सजा से दरिंदा कैसे बचा? इसे समझने के लिए आपको 45 साल पहले जाना होगा। जब सुप्रीम कोर्ट ने बचन सिंह बनाम पंजाब राज्य के मामले में दुर्लभ से दुर्लभ का सिद्धांत सामने रखा था जिसके आधार पर किसी को फांसी सजा सुनाई जा सकती है। बचन सिंह अपनी बीवी की हत्या के जुर्म में 14 साल की सजा काट चुका था। इसके बाद रिहा कर दिया गया। वह अपने चचेरे भाई हुकुम सिंह के परिवार के साथ रहने लगा। ये हुकुम की बीवी को नागवार गुजरता। इससे गुस्से में आए बचन सिंह ने चार जुलाई, 1977 के दिन देसा सिंह, दुर्गा बाई और वीरन बाई को कुल्हाड़ी से काट डाला। पहले बीवी की हत्या और फिर तीन रिश्तेदारों की हत्या। निचली अदालत से फांसी की सजा सुनाई जिसे पंचाब हाई कोर्ट ने सही करार दिया। बचन सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की।

---

### केरल में 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' केस

# 24 साल की लड़की को फांसी की सजा, बॉयफ्रेंड को दिया था जहर

शादी की तारीख करीब आई ग्रीष्मा ने शेरोन की हत्या कर दी



एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल के तिरुवनंतपुरम जिले की नेय्याट्टिनकारा अदालत ने 24 वर्षीय लड़की ग्रीष्मा को अपने प्रेमी शेरोन राज की हत्या का दोषी ठहराया है। इस मामले में अदालत ने ग्रीष्मा को मौत की सजा सुनाई है। यह घटना 2022 में हुई थी, जब ग्रीष्मा ने अपने प्रेमी को जहर देकर उसकी जान ले ली थी। सजा सुनाते हुए अदालत ने कहा कि ये रेयरेस्ट ऑफ द रेयर केस है। ग्रीष्मा और शेरोन का रिश्ता 2021 से था। ग्रीष्मा तब अंग्रेजी में पोस्ट ग्रेजुएट की छात्रा थीं, जबकि शेरोन अपनी स्नातक डिग्री के अंतिम वर्ष में थे। दोनों के बीच संबंध थे, लेकिन 2022 में ग्रीष्मा के परिवार ने उसकी शादी एक आर्मी अफसर से तय कर दी। शादी के लिए तैयार होने के बावजूद उनका संबंध जारी रहा, और जैसे ही शादी की तारीख करीब आई, ग्रीष्मा ने शेरोन को मारने की योजना बनाई। ग्रीष्मा ने शेरोन को कई बार जहर देने की कोशिश की थी। वह दर्द निवारक दवाओं के बारे में ऑनलाइन शोध करती रही थी। एक बार उसने शेरोन को जूस में जहर मिला कर पीने के लिए दिया, लेकिन जब इसका कोई असर नहीं हुआ, तो उसने शेरोन को जूस पीने के लिए चुनौती दी।

### मरने से पहले बताया ग्रीष्मा ने जहर दिया

मरने से पहले शेरोन ने अपने दोस्त से कहा था कि ग्रीष्मा ने उसे धोखा दिया और जहर दिया है। परिवार के आरोपों के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और ग्रीष्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि ग्रीष्मा ने शेरोन से अपने निजी पलों की तस्वीरें और वीडियो डिलीट करने को कहा था, क्योंकि वह डरती थी कि शेरोन इन तस्वीरों को उसके भावी पति के साथ साझा करेगा।

---

### महिलाओं के बाल पकड़कर खींचे गए

# बांके बिहारी मंदिर परिसर में सुरक्षा गार्डों ने बेरहमी से पीटे कई श्रद्धालु

◆ पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाए समझौता करा दिया

एजेंसी ▶▶ मथुरा

बांके बिहारी मंदिर में दर्शन को लेकर मुंबई से आए श्रद्धालुओं और मंदिर में तैनात सुरक्षाकर्मियों और सेवायतों के बीच विवाद हो गया। श्रद्धालुओं का आरोप है कि गार्ड ने एक महिला के साथ अभद्रता की और बीच-बचाव करने आए भाई का गला पकड़कर उसके साथ मारपीट की। गोस्वामियों एवं सुरक्षा गार्डों ने मंदिर के गेट चार के समीप बेरहमी से श्रद्धालुओं को पीटा, महिलाओं को बाल खींचे। कई श्रद्धालु चोटिल हो गए।



एक श्रद्धालु युवक के गले से सोने की चेन गुम हो गई। घटना की शिकायत करने कोतवाली पहुंचे श्रद्धालुओं का पुलिस ने गोस्वामियों से समझौता करा दिया। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं से मारपीट, धक्का देना एवं गाली-गलौज करना आम बात हो गई है।

---

### अडाणी समूह के चेयरमैन ने अहमदाबाद में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बात की

सफलता प्राप्त करने में सपनों कड़ी मेहनत और लचीलेपन की शक्ति का बहुत महत्व

# सपने अमीरों का विशेषाधिकार नहीं, अडाणी बोले ये उन लोगों का पुरस्कार जो अथक परिश्रम करते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सपने अमीरों का विशेषाधिकार नहीं हैं, वे उन लोगों का पुरस्कार हैं जो विश्वास करने और अथक परिश्रम करने का साहस करते हैं। अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने यह बात अहमदाबाद में अडाणी इंटरनेशनल स्कूल में अपने संबोधन में कही। छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सफलता प्राप्त करने में सपनों, कड़ी मेहनत और लचीलेपन की शक्ति का बहुत महत्व है।



*असफलता सफलता का विपरीत नहीं है, यह सफलता का सबसे महत्वपूर्ण साथी*

### बच्चों को जड़ें भी दें ताकि वे अपनी मिट्टी को न भूलें

अडाणी ने कहा कि असफलताएं आएंगी, और बाधाएं आपकी परीक्षा लेंगी, लेकिन यह याद रखें- असफलता सफलता का विपरीत नहीं है, यह सफलता का सबसे महत्वपूर्ण साथी है। साधारण और असाधारण सफलता के बीच एकमात्र अंतर लचीलापन और हर गिरावट के बाद उठने का साहस है। अडाणी बच्चों में मजबूत मूल्यों को स्थापित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आपके बच्चे सिर्फ आपकी संपत्ति से अधिक प्राप्त करते हैं; उन्हें आपके मूल्य मिलते हैं। उन्हें लचीलापन, सहानुभूति और दूसरों की सेवा करने की क्षमता से लैस करें। उन्हें खोज करने, नवाचार करने, सपने देखने के लिए प्रोत्साहित करें। लेकिन उन्हें जड़ें भी दें ताकि वे कभी भी उस मिट्टी को न भूलें जिससे वे आए हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे जीवन में जहां भी जाएं, भारत की भावना को अपने साथ लेकर चलें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा- इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को प्राथमिकता दी जा रही

# सिंहस्थ महाकुंभ से उज्जैन बनेगा वैश्विक धार्मिक पर्यटन गंतव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ महाकुंभ अद्भुत सामाजिक समागम है, इससे समाज की दिशा तय होती है। पहले लोग कुंभ के मेले में तय हुई दिशा को लेकर जाते थे और समाज में बदलाव के लिए काम करते थे। समय के साथ परंपराओं में बदलाव आया है, किन्तु हमें अपनी जड़ों और मूल्यों के महत्व को समझना होगा।

उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित सिंहस्थ की तैयारियां अभी से प्रारंभ कर दी गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी मानना है कि कुंभ केवल एक मेला ही नहीं, अपितु विश्व को परंपराओं के नवोन्मेष की शिक्षा व संदेश देने वाले शानदार प्रबंधन का एक अद्भुत उदाहरण है। दुनिया को इसे केस स्टडी के तौर पर अपनाना चाहिए।

◆ मध्य प्रदेश सरकार सिंहस्थ महाकुंभ-2028 की तैयारियों में जुटी




**प्रयागराज महाकुंभ की व्यवस्था में जुटे संगठनों और स्टार्टअप्स का उज्जैन में होगा सम्मेलन**

उज्जैन में वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ में लगभग 15 करोड़ से भी अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। तैयारियों के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार की ओर से प्रयागराज और हरिद्वार में कुंभ की व्यवस्थाओं का अध्ययन कर सिंहस्थ आयोजन में भीड़ और यातायात प्रबंधन के लिए ड्रोन सर्वेक्षण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए उत्तरप्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ की व्यवस्थाओं में संलग्न कंपनियों और स्टार्टअप्स को बुलाकर उज्जैन में एक सम्मेलन कराया जाएगा। सिंहस्थ में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।

**बनाए जा रहे स्थाई इंफ्रास्ट्रक्चर, कुंभ के बाद भी आएंगे काम**

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के संबंध में आयोजित पहली कैबिनेट बैठक में समिति ने आयोजन के लिए लगभग 5955 करोड़ रुपए की 19 परियोजनाओं को मंजूरी दी, जो जल-आपूर्ति प्रणालियों और अन्य प्रमुख सुविधाओं पर केंद्रित हैं। साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष के बजट में सिंहस्थ की तैयारियों के लिए 505 करोड़ रुपए पहले ही आवंटित किए जा चुके हैं। सिंहस्थ मेला क्षेत्र का कुल क्षेत्रफल 3360.6 हेक्टेयर है। विकास योजना में सिंहस्थ मेला क्षेत्र के लिए 2344.11 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल किया जाएगा। मेला क्षेत्र के लिए स्थाई इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे सड़कें आदि के निर्माण की योजना बनाई गई है।

**परियोजनाएं की होगी पाक्षिक समीक्षा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ आयोजन के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागीय कार्यों को समय-सीमा में पूरा किए जाने पर जोर दिया है। उन्होंने निर्देश दिया है कि सभी कार्यों की प्रगति की पाक्षिक समीक्षा हो रही है। वरिष्ठ अधिकारी व्यक्तिगत स्तर पर इनकी सतत निगरानी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उज्जैन और इंदौर जिलों में निर्माण कार्य और मौजूदा सुविधाओं के उन्नयन के लिए टेंडर प्रक्रिया मार्च 2025 तक पूरी कर सभी आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर सितंबर 2025 तक पूरे कर लिए जाएं। मुख्यमंत्री ने संकल्प लिया है कि सिंहस्थ-2028 में श्रद्धालुओं को क्षिप्रा नदी के निर्मल जल में ही स्नान कराया जाए और क्षिप्रा नदी में स्वच्छ एवं शुद्ध जल का प्रवाह सदा के लिए सुनिश्चित कर उसे सही अर्थों में पुण्य-सलिला और सदानीरा बनाया जाए, साथ ही पारिस्थितिकी संतुलन भी बना रहे। उज्जैन में सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी, कान्ह क्लोज डक्ट एवं हरियाखेड़ी परियोजनाएं प्रारंभ की गई हैं। 18 बैराज एवं स्टॉप डेम बनाए जा रहे हैं।

---

क्रीड़ा भारती के 'जिजामाता सम्मान समारोह' में देश के प्रसिद्ध 6 खिलाड़ियों की माताओं का सम्मान

# भारत की एकता, सम्मान, गौरव के प्रतीक हैं सैनिक व खिलाड़ीः होसबाले





» *नीरज चोपड़ा, दीपा करमाकर, लवलीना बोरगोहेन, पीआर श्रीजेश, विवेक सागर, अवनि लखेरा की मां को किया गया सम्मानित*

» *प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार खेलों और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रही: सीएम डॉ. यादव*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक सैनिक और खिलाड़ी राष्ट्र का ध्वज लेकर चलते हैं। वे देश के किसी भी कोने से आए हों, वे किसी जाति-भाषा के नहीं अपितु देश के होते हैं। ऐसे सैनिकों और खिलाड़ियों के प्रति देश के नागरिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। सैनिक और खिलाड़ी भारत की एकता, सम्मान और गौरव के प्रतीक हैं।

यह विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने क्रीड़ा भारती के 'जिजामाता सम्मान' समारोह में व्यक्त किए। समारोह का आयोजन रविन्द्र भवन, भोपाल में हुआ, जिसमें 6 खिलड़ियों की माताओं का सम्मान किया गया। समारोह में अतिथि के रूप में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख भाई मांडविया, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मध्यप्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री चेतन कश्यप उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि पदक विजेता खिलाड़ियों को जिन्होंने तैयार किया, उनके परिश्रम और संघर्ष को चिन्हित करना और उसे सम्मान देना, यह बहुत महत्व की बात है। हम जानते हैं कि जिजामाता ने प्रतिकूल परिस्थितियों में अपने बेटे को छत्रपति बनाया। जिजामाता श्रेष्ठ मां के साथ-साथ कुशल प्रशासक भी थीं।

**मां का सम्मान करें, वह जिजामाता की तरह छत्रपति शिवाजी महाराज गढ़ देगी: मांडविया**

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख भाई मांडविया ने कहा कि क्रीड़ा भारती का यह कार्यक्रम प्रेरक है, जो खिलाड़ियों की माताओं के योगदान के महत्व को स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि खेल सार्वजनिक जीवन का हिस्सा है। खेल संस्कार निर्माण का आधार भी है। खेल हमारे व्यक्तित्व का निर्माण भी करते हैं। उन्होंने कहा कि मां का सम्मान करो तो वह जिजामाता की तरह छत्रपति शिवाजी महाराज गढ़कर देगी। कोच का सम्मान करो तो वह होनहार खिलाड़ी तैयार करके देंगे। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स कोटा से शासकीय सेवा में आनेवाले खिलाड़ियों का उपयोग नए प्रतिभावान खिलाड़ियों को तलाशने और तराशने में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने खिलाड़ियों के प्रशिक्षण पर ध्यान देना शुरू किया है।

**मुख्यमंत्री डॉ.मोहन ने की सम्मानित माताओं के योगदान की सराहना**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्मानित माताओं को बधाई दी और उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी खिलाड़ी की सफलता में माता-पिता की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने श्रीकृष्ण के जन्म का उदाहरण देकर बताया कि देश और धर्म के लिए माता देवकी ने 7 पुत्रों की हत्या के बाद ही हिम्मत रखी और आठवीं संतान के रूप में श्रीकृष्ण को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार खेलों और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

**तीन विद्यार्थियों को भी मिले पुरस्कार**

क्रीड़ा भारती की ओर से अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित 'क्रीड़ा ज्ञान प्रतियोगिता-2024' में विजेता विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। इनमें 1 लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार पार्थ प्रजापत और 50-50 हजार रुपए के द्वितीय पुरस्कार देव करेलिया एवं अभिषेक कुमार को दिए गए। इस प्रतियोगिता में एक लाख से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था।

**खेल गीत का लोकार्पण**

इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के ध्येय गीत 'खेल खिलाड़ी खेल' का लोकार्पण भी केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने किया।

**क्रीड़ा भारती खिलाड़ियों में बढ़ा रही संस्कार, संस्कृति का भाव**

होसबाले ने कहा कि कुछ ही खेलों का आगे बढ़ना हितकारी नहीं है। सभी खेलों को आगे बढ़ना चाहिए। क्रीड़ा भारती के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में संस्कार और संस्कृति रहे। देश का सम्मान और गौरव बढ़ाने का भाव खिलाड़ियों के मन में आए। इस तरह के उद्देश्य से क्रीड़ा भारती काम कर रही है।

## इतनी खुशी मिली, जो शब्दों में बयां नहीं कर सकतीः कमला



रविवार शाम रवींद्र भवन में जिन जिजामाताओं का सम्मान किया गया, भारतीय हॉकी टीम के सदस्य विवेक सागर प्रसाद की माता कमला देवी अपने पति रोहित प्रसाद के साथ कार्यक्रम में पुरस्कार लेने पहुंचीं थी। उन्होंने कहा कि ये मेरे लिए बहुत खुशी के क्षण हैं, जब मैं अपने बेटे की वजह से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, केंद्रीय मंत्री मनसुख भाई मांडविया, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग के हाथों से सम्मानित हो रही हूं। उन्होंने कहा कि इन्हें मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती। विवेक ने पूरे परिवार के साथ देश-प्रदेश का मान सम्मान बढ़ाया है। मुझे बहुत खुशी हो रही है।

**खेलों के माध्यम से युवा स्वयं को करें मजबूतः सारंग**

मध्यप्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की पहली पाठशाला माता ही होती है। मां चाहती है कि उसका बच्चा परिवार, समाज और देश का नाम ऊंचा करे। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के लिए हमें युवाओं को मानसिक और शारीरिक रूप से सुदृढ़ करना होगा। खेल इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं, मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री एवं क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चेतन कश्यप ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर क्रीड़ा भारती एकमात्र संगठन है, जो खेलों की चिंता करता है। क्रीड़ा भारती का प्रयास रहता है कि हमारे खिलाड़ी संस्कारवान बने।

**इन माताओं का हुआ सम्मान**

- नीरज चोपड़ा, ओलंपिक गोल्ड और सिल्वर मेडलिस्ट, जैवलिन थ्रो की मां सरोज देवी (यह पुरस्कार नीरज चोपड़ा के काका भीम सिंह ने प्राप्त किया)
- दीपा करमाकर, भारत की पहली महिला जिम्नास्ट, ओलंपिक्स की मां गौरी कर्माकर
- लवलीना बोरगोहेन, ओलंपिक बॉक्सिंग खिलाड़ी की मां मोनी देवी
- पीआर श्रीजेश, भारतीय हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर की मां उषा कुमारी
- विवेक सागर, भारतीय हॉकी टीम खिलाड़ी की मां कमला देवी
- अवनि लेखरा, पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता, 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग की मां श्वेता लेखरा

---

11 से 14 फरवरी तक नई दिल्ली में होगा आयोजित

## ऊर्जा सप्ताह 2025 वैश्विक ऊर्जा संवाद को पुनः परिभाषित करेगा

एजेंसी ▶▶ रायपुर

भारत सरकार का प्रमुख ऊर्जा कार्यक्रम भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 11 से 14 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय पेट्रोलियम उद्योग महासंघ इसका आयोजन यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में करेगा।

**दो बार हो चुका है**

इससे पहले भारत ऊर्जा सप्ताह को दो बार उल्लेखनीय सफलता के साथ आयोजित किया जा चुका है। इस वर्ष के ऊर्जा कैलेंडर का पहला प्रमुख वैश्विक आयोजन, आईईडब्ल्यू 2025, वर्ष का सबसे व्यापक और समावेशी वैश्विक ऊर्जा सम्मेलन होगा।

पदाधिकारियों की बैठक में कुणाल ने कहा

## भारत की मूल आत्मा से जुड़ा है मप्र पंचायती राज संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में मप्र कांग्रेस अध्यक्षता नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष मोना कौरव ने की। बैठक में सुश्री कौरव ने कहा कि राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जमीनी स्तर के चुने गए जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं का मजबूत संगठन है, जो महात्मा गांधी की विचारधारा और कामों को महत्व देता है। अभा कांग्रेस कमेटी के सचिव कुणाल चौधरी ने कहा कि यह संगठन भारत की मूल आत्मा से जुड़ा हुआ संगठन हैं। पंचायती राज संगठन मप्र के प्रभारी सीताराम



लांबा ने कहा कि सभी प्रभारी संगठन की मजबूती के लिए महीने में 10 से 12 दिन प्रदेश में दौरा करें, संगठन के विस्तार के लिए शिविर आयोजित किए जाएंग।

देश के विकास में पूरा योगदान दे रहा नेपाली समाज

## शर्मा ने नेपाली समाज के साथ सुना मन की बात कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा स्थित पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर में रविवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा व प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भोपाल मध्य विधानसभा के अरेरा मंडल के बूथ क्रमांक 198 में समाज के लोगों व कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरिक्ष से लेकर देश की आजादी तक की बात की। उन्होंने बताया कि कैसे भारतीय संस्कृति और विरासत पशु-पक्षियों के साथ स्नेह से रहना सिखाती है।



**पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर में की पूजा-अर्चना**

शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम इसलिए भी खास रहा कि क्योंकि यह कार्यक्रम नेपाली समाज के लोगों के साथ बैठकर सुना, जो देश के विकास में पूरी कर्मठता के साथ अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर में पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

---

छग सीएम ने कहा भूमिहीन मजदूरों से किया वादा हुआ पूरा

## पं. दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का सीएम ने किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶

अब प्रदेश के किसानों को सालाना दस-दस हजार रुपये मिलेंगे। सीएम साय ने सोमवार को राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में योजना के हितग्राहियों को चेक राशि वितरित कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके तहत प्रदेश के 5.62 लाख से अधिक भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10-10 हजार रुपए के मान से कुल 562 करोड़ से अधिक की राशि जारी की गई।

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि भूमिहीन मजदूरों से किए गए वायदे के अनुरूप प्रधानमंत्री मोदी की एक और गारंटी पूरी हो गई है। हमने भूमिहीन कृषि मजदूर भाई-बहनों से भी एक वादा किया था। हमने कहा था कि उन्हें 10 हजार रुपये सालाना आर्थिक सहायता देंगे। हमने इस वादे को पूरा किया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को न्यू सर्किट हाउस स्थित आडिटोरियम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कुल 5 लाख 62 हजार 112 हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिलने जा रहा है। इस योजना के तहत पांच सौ 62 करोड़ 11 लाख 20 हजार रुपये हम भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रदान करेंगे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना को शुरू करने के पीछे हमारा उद्देश्य भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के शुद्ध आय में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से संबल प्रदान करना है। इस योजना में भूमिहीन कृषि मजदूरों के साथ वनोपज संग्राहक भूमिहीन परिवार, चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी आदि पौनी-पसारी व्यवस्था से संबद्ध भूमिहीन परिवार भी शामिल हैं। इनके अलावा अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले पुजारी, बैगा, गुनिया, माँझी परिवारों को भी शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने भूमिहीन मजदूर हितग्राहियों को 10 हजार रुपए की राशि का चेक वितरित किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इसी तरह मोदी की गारंटी के तहत हमने 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदने का वादा किया था। हमारी सरकार ने किसानों से किया हर वादा निभाया। चालू खरीफ सीजन में हम किसानों से वादे के मुताबिक 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद रहे हैं। किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान खरीदी के साथ किया जा रहा है तथा अंतर की राशि फरवरी माह में प्रदान कर दी जाएगी।

निर्वाचन आयोग ने की चुनावों की घोषणा

## एक चरण में होंगे छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय चुनाव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने घोषणा कर दी है। नगरीय निकाय चुनाव एक चरण में होंगे। यानी 11 फरवरी को नगरीय निकाय चुनाव होंगे और 15 फरवरी को शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय चुनाव के लिये मतगणना होगी। वहीं पंचायत चुनाव तीन चरणों में कराये जाएंगे।

यानी 17, 20, 23 फरवरी को होंगे पंचायत चुनाव के वोटिंग कराये जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त अजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 22 से 28 जनवरी तक नामांकन शुरू हो जायेगा। 24 फरवरी तक निकाय चुनाव संपन्न हो जायेंगे। इसी के साथ ही छत्तीसगढ़ में आचार संहिता लागू हो चुकी है। नगरीय निकाय के लिये दो दिन बाद यानी 22 जनवरी से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग ने नवा रायपुर स्थित अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुनाव कार्यक्रम की घोषण करते हुए कहा कि चुनाव के ऐलान के साथ ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। प्रदेश में नगरीय निकायों के तहत 10 नगर निगम, 49 नगर पालिका परिषद और 114 नगर पंचायतों में आम निर्वाचन होंगे। वहीं दुर्ग और सुकमा जिले के नगरीय निकायों के रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिये 5 वार्डों में उप निर्वाचन कराया जायेगा।

बस चालक की मौत, शिक्षक ने अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम

## स्कूली बच्चों से भरी बस और ट्रक में भिड़ंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

रात लगभग एक बजे दर्दनाक सड़क हादसे में 50-60 स्कूली बच्चों से भरी बस नेशनल हाईवे 30 पर रायपुर से जगदलपुर जा रहे एक ट्रक से टकरा गई। हादसा नया बस स्टैंड के पास हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक शिक्षक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। ट्रक चालक को गंभीर चोटें आईं और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक अभिभावक ने बताया कि रात लगभग तीन बजे उन्हें हादसे की जानकारी मिली, जिसके बाद वे तुरंत कोंडागांव के लिए रवाना हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र की विधायक और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी जिला अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल लिया और अधिकारियों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही, घायलों को मोहला मानपुर भेजने की व्यवस्था करने को कहा।



***पिकनिक बनाकर लौट रहे थे सभी***

*डॉ. आर.के. सिंह सीएमएचओ, ने जानकारी दी कि बस में कुल 60 लोग सवार थे, जिनमें 50 स्कूली बच्चे, 5 शिक्षक, 1 चपरासी, 3 सिविल के बच्चे और 1 ड्राइवर शामिल थे। ये सभी चित्रकूट और तीरथगढ़ से पिकनिक मनाकर मोहला मानपुर लौट रहे थे। अभी जिला अस्पताल में 8 बच्चों का इलाज जारी है, जबकि 4 बच्चों को बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है। हादसे में बस चालक और एक शिक्षक की मौत हो चुकी है। जिला प्रशासन ने बाकी 46 लोगों को बस की व्यवस्था करके मोहला मानपुर भेज दिया है। घटना के बाद से छात्र-छात्राओं के परिजन और अभिभावक सुबह से ही अस्पताल में जुटे हुए हैं।*

***सीएम साय ने दिए बेहतर उपचार के निर्देश***

*कोंडागांव में स्कूली बस और ट्रक के बीच हुई सड़क दुर्घटना में वाहन चालक सहित एक शिक्षक के निधन की खबर अत्यंत दुःखद है। बस में सवार स्कूली बच्चों में कुछ बच्चों के घायल होने की भी खबर है, जिनका इलाज जारी है। जिला प्रशासन को बेहतर चिकित्सकीय व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने व घायल बच्चों के जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं।*

## कांग्रेस पार्षद दल ने मुख्यालय में दिया धरना प्रदर्शन

**निगमायुक्त ने पार्षद मद के 30 लाख रुपए जारी करने दिए निर्देश**

हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर नगर निगम के सभी 79 वार्डो में काम ठप्प होने और महापौर की बड़ी बड़ी झूठी घोषणाओं के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल ने सोमवार को नगर निगम में धरना दिया और वार्डो के लिए पार्षद मद की शेष राशि जारी करने की मांग की, साथ ही आउटसोर्स कर्मचारियों और ठेकेदारों को समय से भुगतान करने की भी मांग रखी, ताकि विकास कार्य प्रभावित न हो। दिनभर धरना प्रदर्शन करने के बाद मांग पूरी न होने पर आमरण अनशन की घोषणा की गई। इसके बाद निगमायुक्त श्रीमति प्रीति यादव ने तत्काल सभी वार्डों के लिए 30-30 लाख रुपए की राशि विकास कार्य के लिए स्वीकृत किए जाने संभागीय अधिकारियों को जारी किए। इसके बाद कांग्रेस पार्षद दल ने अपना धरना समाप्त किया। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष के समाप्त होने में केवल तीन महीने का समय बचा है, लेकिन अभी तक पार्षद मद की 60 लाख रुपये की शेष राशि जारी नहीं की गई है, जिससे पार्षदों को विकास कार्यों के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस पार्षद दल लंबे समय से इस मुद्दे को उठा रहा है, पहले सदन में और महापौर तथा आयुक्त से व्यक्तिगत रूप से यह मामला उठाया गया था, लेकिन अब तक पार्षद मद की 60 लाख रुपये की शेष राशि जारी होना बाकि थी। इसी बीच कांग्रेस पार्षद धरना प्रदर्शन दल के धरने को देखते हुए निगम आयुक्त प्रीति यादव ने सभी जोनों को आदेश जारी कर पार्षद मद की बची हुई 60 लाख रुपए की राशि में से 30 लाख रुपए की राशि जारी करने का निर्देश दिया है, जिसके बाद कांग्रेस पार्षद दल ने धरना समाप्त कर दिया है और कहा है कि अगर बची हुई 30 लाख रुपए की भी राशि जल्दी जारी नहीं की गई तो धरना प्रदर्शन पुनः शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर अतुल नरेश बाजपेयी, अयोध्या तिवारी, गुड्डु नबी, याकूब अंसारी, पार्षद वकील अंसारी, दिनेश गुड्डू तामसेतवर, ताहिर अली, सफीक हीरा, राजेश यादव, हर्षित यादव आदि उपस्थित रहे।




## मृतक के परिवार को 25 लाख का मुआवजा दिया जाए



## यूनिपोल हादसे को लेकर विभिन्न संगठनों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि, जबलपुर।

यूनिपोल हादसे में एडवरटाइजर तथा प्रशासनिक गलतियों के कारण व्हीकल फैक्ट्री के सेवानिवृत्त कर्मी की हुई मौत से मृतक परिवार पर गंभीर आर्थिक संकट आ पड़ा है। अतः एडवरटाइजर से वसूल कर 25 लाख रुपए का मुआवजा इस परिवार को देना चाहिए। शासन को भी अपनी ओर से मुआवजे की राशि घोषित करना चाहिए। कानून का उल्लंघन कर यूनिपोल लगाने वालें एडवरटाइजर पर एफआईआर दायर होना चाहिए, इस एफआईआर हेतु नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की ओर से सिविल लाईन थाने में शिकायत दर्ज की गई है, लेकिन हादसे को 48 घंटे हो गए फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

इन सभी मांगों को लेकर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, महिला समिति तथा सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आज घंटाघर के पास एकत्रित होकर प्रदर्शन किया तथा कलेक्टर जबलपुर एवं आयुक्त नगर निगम जबलपुर को ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर डॉ. पीजी नाजपांडे, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, टीके रायघटक, डीके सिंह, सुशीला कनौजिया, माया कुशवाहा, केसी सोनी, संतोष श्रीवास्तव, लखनलाल प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## साथी की गिरफ्तारी के बाद पटवारी बेमुद्दत हड़ताल पर गए

**प्रशासनिक काम काज के साथ राजस्व महाअभियान प्रभावित**



हरिभूमि, जबलपुर।

चरगवां पुलिस द्वारा भूमि घोटाले के आरोप में पटवारी राजेंद्र कुंजे की गिरफ्तारी और न्यायालय से जेल भेजे जाने के बाद से पटवारियों में आक्रोश है। इस घटना के विरोध में पटवारियों ने सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है, जिससे जिले के प्रशासनिक कामकाज पर गंभीर असर पड़ रहा है।

गौरतलब है कि मामला चरगवां थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, जहां पुलिस ने पटवारी राजेंद्र कुंजे को बिना किसी पूर्व सूचना के गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया। इस कदम से पटवारियों में आक्रोश फैल गया है क्योंकि पुलिस ने इस कार्रवाई से पहले न तो तहसीलदार को सूचित किया और न ही एसडीएम को जानकारी दी। इस मामले को लेकर पहले ही पटवारियों ने राजेंद्र कुंजे ने कलेक्टर दीपक सक्सेना से मुलाकात की थी, और कलेक्टर ने इस कार्रवाई को आश्चर्यजनक बताते हुए कहा था कि पुलिस को इस मामले पहले नियुक्ता तहसीलदार या एसडीएम को सूचित करना चाहिए था।

### बिना शर्त रिहाई की मांग

पटवारी संघ ने साथी पटवारी राजेंद्र कुंजे के खिलाफ दर्ज एफआईआर को खारिज करने और बिना शर्त रिहाई की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी है। पटवारियो ने तहसील के बाहर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। इस दौरान पटवारी संघ के मुक्ता चौकसे, नरेश दुबे, मुकेश मिश्रा, पंकज पाठक, आनंद चौकसे, संतोष राय, राजेश मेहरा, विवेक जैन, राहुल गौतम, शरद दुबे, सौरभ शर्मा आदि ने इस कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा कि जब तक पटवारी राजेंद्र कुंजे खिलाफ दर्ज एफआईआर को खारिज करके बिना शर्त रिहाई नहीं हो जाती तब तक अनिश्चित हड़ताल पर रहेंगे,पटवारी की हड़ताल पर जाने से आम लोगों के काम रुक गए हैं जिससे लोग परेशान हो रहे हैं

### पहले सामूहिक अवकाश फिर हड़ताल

गिरफ्तारी के बाद से पटवारियों ने सामूहिक अवकाश लिया था, और अब सोमवार से उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरुआत कर दी है। पटवारियों ने तहसील जबलपुर कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए जिला प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि जब तक राजेंद्र कुंजे को रिहा नहीं किया जाता और चरगवां थाना प्रभारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल की वजह से तहसील कार्यालय का कामकाज ठप हो गया है और प्रशासनिक कार्यों में रुकावट आई है।

### राजस्व महाअभियान प्रभावित

पटवारियों की हड़ताल से जिले में चल रहे राजस्व महाअभियान 3.0 की गति भी प्रभावित हो गई है। पटवारियों की हड़ताल के कारण राजस्व कार्यों जैसे सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा और फौती नामांतरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य थम गए हैं। इससे आम जनता को भी परेशानी हो रही है। तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने भी पटवारियों के आंदोलन को नैतिक रूप से समर्थन दिया है, और इस मुद्दे को गंभीर मानते हुए अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है।

## इलाहाबाद बैंक चौराहा बना मौत का चौराहा



### 18 जनवरी को भी हुई थी हादसे में एक बुजुर्ग की मौत

**जबलपुर।** थाना सिविल क्षेत्र का इलाहाबाद बैंक चौराहा इस समय मौत का चौराहा बन रहा है क्योकि पिछले दो दिनों में दो लोग असमय ही मौत के गाल में समा गए है। दरअसल 18 जनवरी को चौक पर लगी एक होर्डिंग्स से रॉड गिरने से एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई थी उसके बाद इसी चौराहे पर एक ई रिक्शा चालक की एक निजी स्कूल बस से टक़्क़र के बाद मौत हो गई और इस पूरी घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है जिसमे साफ देखा जा सकता है कि ई रिक्शा बस से टकरा जाता है और उस टक़्क़र में ई रिक्शा चालक बस के पिछले चके के नीचे आ जाता है और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो जाती है इधर इस घटना में गनीमत रही कि ई रिक्शा में बैठी सवारियों को कुछ नही हुआ क्योकि अगर ई रिक्शा तक़्क़र के बाद पलटता तो उसमें सवार 3 से चार सवारियों की भी जान जाती या फिर वह गंभीर रूप से घायल हो जाते। फिलहाल थाना सिविल लाइन पुलिस ने जस्टिस तंखा मेमोरियल रोटरी इंस्टिट्यूट फ़ॉर स्पेशल चिल्ड्रन की बस को जप्त कर उसके चालक को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने में जुटी है कि ई रिक्शा चालक कौन था और कहा का रहने वाला था।

## कीटनाशक छिड़काव से हजारों मधुमक्खियों की मौत



**जबलपुर।** शास्त्री ब्रिज मार्ग स्थित चंद्रिका टॉवर में बीते कई वर्षों से बसे मधुमक्खियों के छत्तों पर अचानक कीटनाशक का छिड़काव करने से हजारों मधुमक्खियां तड़पकर मर गईं। यह घटना स्थानीय लोगों और जीव प्रेमियों के लिए हैरानी का कारण बनी, जिन्होंने मरी हुई मधुमक्खियों के शवों को फर्श पर पड़ा देखा। सूत्रों के अनुसार, चंद्रिका टॉवर में एक युवक ने मधुमक्खियों के छत्तों पर कीटनाशक का छिड़काव कराया, जिससे हजारों मधुमक्खियां मारी गईं। युवक का कहना था कि मधुमक्खियां कभी भी किसी को नुकसान पहुंचा सकती थीं, इस कारण उसने यह कदम उठाया। लेकिन जैसे ही स्थानीय लोग और आसपास के लोग चंद्रिका टॉवर पहुंचे और मरी हुई मधुमक्खियों का दृश्य देखा, वे चौंक गए। फर्श पर मरी हुई मधुमक्खियों की सैकड़ों-हजारों संख्या देखकर लोग दंग रह गए। स्थानीय लोगों का कहना था कि बीते 28 से 30 वर्षों से इस क्षेत्र में मधुमक्खियों के दर्जनों छत्ते लगे हुए थे और इनका कोई भी नुकसानदायक असर नहीं हुआ था। लोगों का कहना था कि अब तक मधुमक्खियों ने कभी किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया था।

**जीव प्रेमियों ने जताया आक्रोश**

### क्रूर और संवेदनशील हरकत

स्थानीय जीव प्रेमी भी इस घटना से नाराज हो गए। उनका कहना था कि यह एक अत्यंत क्रूर और असंवेदनशील कृत्य था, क्योंकि लाखों निर्दोष जीवों की हत्या करना उचित नहीं था। जीव प्रेमियों ने यह भी कहा कि यदि युवक को किसी तरह की समस्या थी, तो उसे शांति और संवेदनशीलता के साथ समाधान ढूंढना चाहिए था, न कि कीटनाशक का उपयोग करके करोड़ों जीवन का अंत करना चाहिए था। इस घटना के बाद कई जीव प्रेमी संगठनों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि युवक के खिलाफ कार्रवाई की जाए और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## हाईकोर्ट ने बिना सुनवाई मकान तोड़ने पर मांगा जवाब

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने जिला प्रशासन उमरिया से पूछा है कि बिना नोटिस व सुनवाई का मौका दिए बिना ही मकान का हिस्सा तोड़ने की कार्रवाई क्यों की गई। न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने इस सिलसिले में तहसीलदार नजूल उमरिया से जवाब तलब किया है।याचिकाकर्ता उमरिया निवासी केवी विनीत की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा एवं कौशलेंद्र सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि वर्ष 1996 में याचिकाकर्ता के पिता ने रजिस्ट्री के माध्यम से एक जमीन खरीदी थी। याचिकाकर्ता के खिलाफ शासकीय जमीन पर अतिक्रमण का प्रकरण बनाकर उस पर जुर्माना लगाया गया और मकान का कुछ हिस्सा तोड़ दिया गया। दलील दी गई कि नियमानुसार मौके पर पंचानामा नहीं बनाया गया और न ही याचिकाकर्ता को कोई नोटिस दिया गया। यह जमीन याचिकाकर्ता के नाम नहीं है। याचिकाकर्ता ने एसडीओ के समक्ष अपील की, जोकि निरस्त कर दी गई। लिहाजा, हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई।

## अभी तक 8.52 लाख राजस्व प्रकरण निराकृत

**जबलपुर।** राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए प्रदेशभर में चलाये जा रहे राजस्व महाअभियान 3.0 के अंतर्गत जबलपुर जिले में अभी तक 8 लाख 52 हजार 521 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा के अनुसार 15 नवम्बर से 26 जनवरी तक चलाये जा रहे राजस्व महाअभियान के तहत जिले में नामांतरण, बंटवारा और अभिलेख दुरूस्ती, के शत-प्रतिशत एवं सीमांकन के 99.91 फीसदी प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। निराकृत किये गये राजस्व प्रकरणों में नामांतरण के 4 हजार 700, बंटवारा के 199, अभिलेख दुरूस्ती के 244, सीमांकन के 1 हजार 077, परंपरागत रास्तों के चिन्हांकन के 4, नक्शा बटांकन के 1 लाख 63 हजार 118, आधार से आरओआर खसरे की लिंकिंग के 5 लाख 49 हजार 879, पीएम किसान ई-केवायसी के 3 हजार 631 एवं फार्मर रजिस्ट्री के 1 लाख 29 हजार 669 के प्रकरण शामिल हैं।




## कमिश्नर वर्मा ने जानी-परखी विभिन्न योजनाओं की प्रगति

**जबलपुर।** कमिश्नर अभय वर्मा ने संभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान कृषि, स्वास्थ्य, जल संसाधन, मत्स्य, पशुपालन व डेयरी, कोष व लेखा, सहकारिता आदि विभागों के संभागीय अधिकारी मौजूद थे। समीक्षा के दौरान राज्य स्तरीय विभागीय प्रकरणों के संबंध में चर्चा कर उनके समाधान के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। कृषि के संबंध में मुख्य रूप से उर्वरकों की उपलब्धता पर चर्चा की। वहीं कोष और लेखा से वेतन निर्धारण से संबंधी समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिये। पशुपालन व डेयरी में पशुओं की बीमारी की जानकारी ली गई। साथ ही टीकाकरण, केसीसी में प्रगति लाने, कृत्रिम गर्भाधान तथा मुख्यमंत्री दुधारूपशु अनुदान योजना की प्रगति के संबंध में चर्चा कर कहा कि जिन क्षेत्रों में क्षेत्रीय पशु चिकित्सक कार्य नहीं करते हैं उनके विरूद्ध कार्यवाही करें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए आयुष्मान कार्ड, गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, नसबंदी, एनआरसी व एसएनसीयू के साथ बच्चों के समुचित उपचार की दिशा में चर्चा करते हुए स्वास्थ्य योजनाओं को प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को आम जनता को पहुंचाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने अन्य विभागों की समीक्षा करते हुए विभागीय प्रगति के निर्देश दिये।

## सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें: कलेक्टर

जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा के दौरान महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण तथा ऊर्जा विकास के कार्यों की सराहना की गई। वहीं उन सभी जिला अधिकारियों को बैठक से ही तुरंत ही सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण के लिए भेजकर कहा कि कितने सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों का निराकरण संतुष्टी पूर्वक किया गया, इसकी जानकारी शाम को बताया जाये। बैठक में राजस्व महाअभियान की समीक्षा कर नक्शा बटांकन, आरओआर अधार लिंकिंग तथा फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा की गई।



कलेक्टर सक्सेना ने शाम को फिर से सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा की और सभी अनुभागवार तथा तहसीलवार सीएम हेल्पलाईन के निराकृत प्रकरणों की जानकारी ली। इसी प्रकार सभी विभागों द्वारा इस दिशा में किए गए प्रयास के संबंध में पूछा। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि प्रतिदिन दो घंटे सिर्फ सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के लिए समय निकालें। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों कों गंभीरता से लें और उनका निराकरण कर जिले की रैंकिंग सुधारें।

# महापौर की पहल : स्वच्छता, वायु गुणवत्ता एवं गड्ढा मुक्त बनेगी संस्कारधानी की सड़कें

नगर निगम के बेड़े में दो नग अत्याधुनिक पाट-पेंच रिपेयरिंग मशीनों के अलावा 12 नग टिपर शामिल हुए




नगर निगम के बेड़े में दो नग अत्याधुनिक पाट-पेंच रिपेयरिंग मशीनों के अलावा 12 नग टिपर के शामिल होने से एक ओर सड़कों के पेंच रिपेयरिंग के कार्यो में तेजी आयेगी वहीं दूसरी ओर श्रम और समय दोनों की ही बचत होगी। इसी प्रकार 12 टिपर सी.एन.जी. युक्त जो स्वच्छता के कार्यो में सहयोग करने के लिए लगाई जायेगी, इससे स्वच्छता एवं वायु गुणवत्ता के कार्यो में भी तेजी आयेगी।

**हरिभूमि जबलपुर।**

आज महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, मेयर इन काउंसिल के सदस्य एवं विभाग प्रभारी श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती रजनी कैलाश साहू, एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा आई.डी.बी.आई. बैंक के पदाधिकारियों की उपस्थिति में हरी झण्डी दिखाकर नगर निगम प्रांगण से रवाना किया गया।

इस संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि 3 करोड़ 10 लाख रूपये की लागत के मशीने नगर निगम के बेड़े में शामिल हुई हैं, जिसमें 1 करोड़ रूपये की लागत के 12 टिपर स्वच्छता कार्यो के लिए आई.डी.बी.आई. बैंक द्वारा प्रदान किये गए। महापौर श्री अन्नू ने बताया कि 2 करोड़ 10 लाख रूपये की लागत की 2 अत्याधुनिक पाट-पेंच रिपेयरिंग मशीने नगर निगम द्वारा क्रय की गयी हैं, जो सड़कों के पेंच वर्क के काम में लगाये जायेगें और गड्ढा मुक्त सड़क की कल्पना को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाये जायेगें।

निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने कहा कि दो नग अत्याधुनिक पाट-पेंच रिपेयरिंग मशीनों से एक ओर सड़कों के पेंच रिपेयरिंग के कार्यों में तेजी आयेगी वहीं दूसरी ओर श्रम और समय दोनों की ही बचत होगी।

वाहनों के पूजन और लोकार्पण के दौरान अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, कार्यपालन यंत्री जी.एस. मरावी, शैलेन्द्र मिश्रा, सहायक यंत्री मनीष तड़से, देवेन्द्र चौहान, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, अर्जुन यादव के अलावा आई.डी.बी.आई. बैंक के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 624 शिविरों में आए 80 हजार से अधिक आवेदन

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार, केंद्र और राज्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जबलपुर जिले में अब तक 624 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों में कुल 80,484 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 91.5% यानी 73,651 आवेदन निराकृत कर दिए गए हैं। फिलहाल 6,103 आवेदन प्रक्रिया में हैं।

कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 11 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक चल रहे इस अभियान के अंतर्गत जिले में कुल 729 शिविरों का आयोजन किया जाना है, जिनमें से 527 पंचायत स्तर पर और 202 नगरीय क्षेत्र में आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदनों की स्वीकृति दी गई है, जिनमें प्रमुख योजनाओं में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना और विभिन्न पेंशन योजनाएं शामिल हैं।

## रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने युवा संगम कार्यक्रम

**जबलपुर।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा शासकीय मॉडल आई.टी.आई जबलपुर में सोमवार को आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की दस कंपनियों ने साक्षात्कार के माध्यम से 95 आवेदकों का प्रारंभिक रूप से चयन किया। युवा संगम कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यताधारी कुल 213 आवेदकों के पंजीयन प्राप्त हुए। जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप, रोजगार एवं शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्व-रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने आयोजित इस कार्यक्रम में पुखराज हेल्थ केयर जबलपुर एवं डॉ रेड्डी फाउंडेशन द्वारा सर्वाधिक 19-19, कैलिब एच आर जबलपुर द्वारा 17, इजी सॉफ्ट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 11, एडवांस कॉर्पोरेट सर्विस जबलपुर द्वारा 10, सम्पूर्णा समिति जबलपुर द्वारा 09, स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस जबलपुर द्वारा 05, शिवशक्ति बायो टेक्नोलॉजी द्वारा 03 एवं क्वेस (टाटा मोटर्स) द्वारा 02 आवेदकों का चयन किया गया।

# पॉलीथिन का उपयोग करने पर दुकानदारों पर लगा जुर्माना

**सिहोरा।** नगर पालिका द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की आईसी गतिविधि के अंतर्गत आज सिहोरा क्षेत्र में पॉलिथीन का उपयोग करने वाले व्यापारीयों के ऊपर जुर्माने की कार्यवाही की गई एवं सभी व्यापारीयो से अनुरोध किया कि अपनी अपनी दुकानों के सामने नीले कलर का डस्टबिन रखें दुकानों का सारा कचड़ा डस्टबिन में रखे सड़कों या नालियों में न फेंके आस पास साफ सफाई रखे साथ ही सिंगल यूज पॉलीथिन का उपयोग न करने के लिए भी अपील की गई।जो दुकानदार बार बार अपील करने पर भी ध्यान नहीं दे रहे उन पर पालिथीन का उपयोग करने पर कार्रवाई की गई तथा जुर्माना भी लगाया गया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ओझा, राकेश गुप्ता, सुशील कुमार वर्मा, संतोष तिवारी, देवी सिंह साहू, अयूब खान, संजय पाठक, इम्तियाज़ खान, अरुण कुमार उपाध्याय, अनंत राम नामदेव, अनिकेत तिवारी उपस्थित थे।



# श्रीविष्णु वराह कपः बड़ी जीत के साथ 2 वर्ष बाद फाइनल में पहुंची दिल्ली

**अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता**

**मझौली।** अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के श्रीविष्णु वराह कप के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में दिल्ली ने प्रयागराज उत्तर प्रदेश को 71 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय प्रयागराज टीम के कप्तान का सही साबित हुआ जब ओपनर हनी 9 रन चौथे ओवर में 21 के योग पर पवेलियन पहुंचे। उसके बाद तुषार यादव 22 रन प्रियांश राठी 32 रन मनीष 12 रन विशाल 16 रन सुबोध भाटी 19 रन हर्ष भाटी 12 रन और अंत में ताबड़तोड़ पुलकित ने 15 गेंदों पर 30 रन बनाए इस तरह दिल्ली टीम का स्कोर 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 177 रहा। दिल्ली की पारी की खासियत यह रही की सभी बल्लेबाज ताबड़तोड़



बल्लेबाजी करते रहे पिछले दो वर्ष से दिल्ली सेमीफाइनल हार रही थी। प्रयागराज के गेंदबाजों में अखिल कश्यप अमन मिश्रा ने दो दो और संदीप पटेल आकाश गिरी प्रियांशु यादव शुभम गुप्ता ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रयागराज की टीम शुरू से ही लड़खड़ा गई और एक के बाद एक बल्लेबाज कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए और पूरी टीम महज 14 ओवरों में 106 रनों के योग पर ऑल आउट हो गई। प्रयागराज की ओर से शिवम 23 रन राहुल 16 रन शुभम गुप्ता 21 रन संदीप पटेल ने अंत में आठ गेंद पर 17 रन बनाकर प्रयागराज की लाज बचाने की कोशिश की लेकिन पुलकित के पंजे के सामने सारे बल्लेबाज विवश नजर आए।अन्य गेंदबाजों में हर्ष भाटी दो विकेट कप्तान सुमित भाटी और सुबोध भाटी ने एक-एक विकेट हासिल किया। एक विकेट रन आउट के रूप में प्राप्त हुआ। और दिल्ली ने 71 रनों से यह मैच जीता। पुलकित को उनकी शानदार गेंदबाजी 5 विकेट और ताबड़तोड़ 30 रन के ऑलराउंडर प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहायक संचालक अतुल चौधरी, मनोज राय, समाजसेवी राजीव तिवारी, टूर्नामेंट के सहयोगी अनिल साहू पार्षद सुनील जैन, देवेंद्र दाहिया, शकील भाई जान मुकेश साहू एवं पुरस्कार वितरण समारोह में पंडित अरुण तिवारी धर्मेंद्र पटेल आबकारी ठेकेदार बृजेश पटेल मुकेश सेन पोड़ा और पश्चिम के मंडल अध्यक्ष सुनील गामा सोनकर सुरेश ठाकुर विपिन पांडे पोड़ा से, राजेंद्र चौरसिया मनोरंजन राय रामराज राजपूत राममिलन राजपूत अभिलाष विश्वकर्मा, राहुल जैन, शाहिद खान शैलेन्द्र साहू आशीष तिवारी सहित सभी दर्शक उपस्थित हुए। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 22 जनवरी 2025 दिन बुधवार को खेला जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जबलपुर लोकसभा के सांसद आशीष दुबे एवं अध्यक्ष पाटन विधानसभा के विधायक अजय विश्नोई रहेगें। कल दिल्ली और आयोजन समिति के बीच चैरिटी मैच खेला जाएगा।

# टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. ईश्वरदास रोहाणी की माता स्व. श्रीमती निम्मी देवी रोहाणी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आयोजन आज से 21 जनवरी से 25 जनवरी तक वेस्टलैंड ग्राउण्ड, खमरिया में आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ आज सुबह 10.00 बजे से एम.एन. हल्दार मुख्य महाप्रबंधक आयुध निर्माणी खमरिया, जबलपुर के मुख्य आतिथ्य में एवं अशोक रोहाणी, विधायक केंट विधानसभा की अध्यक्षता में वेस्टलैंड ग्राउण्ड, खमरिया में आयोजित होगा। आयोजन समिति के दामोदर सोनी, सचिन जैन सहारा, रिंकु विज, पुष्पराज सिंह सेंगर, आशीष राव, गुड्डा केवट, सौरभ गोयल, अनुराग दाहिया, निशांत झारिया, श्रीमती संतोषी ठाकुर, श्रीमती सावित्री शाह, कुमारी कृष्णा दास चैधरी, श्रीमती रीना ऋषि यादव, श्याम कनौजिया, दशरथ पटेल, सुधीर बेन, सुरेश पटेल, हेमराज सराठे, मिक्की शर्मा, हैप्पी सिंह, शोभित आनंद, आकाश पटेल, मोहित रास्ते, गोविंद यादव, प्रभाशंकर कुशवाहा, डा. कमल विश्वास सहित सभी ने उपस्थिति की अपील की है। इस आयोजन में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 51000रू. एवं शील्ड, द्वितीय पुरस्कार उपविजेता टीम 25000रू. एवं शील्ड, तृतीय पुरस्कार 11000रू. एवं शील्ड, चतुर्थ पुरस्कार 5100रू. एवं शील्ड एवं प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सहित अन्य पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

# फसल विविधीकरण से हुई किसान की आय में वृद्धि

**जबलपुर।** कृषि अधिकारियों ने सोमवार को सिहोरा के ग्राम धमधा में कृषक नरेंद्र कुमार साहू द्वारा की जा रही आलू, मसूर, चना एवं स्टीविया की खेती का निरीक्षण किया। इस दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी सिहोरा रवि कुमार आम्रवंशी एवं कृषि विस्तार अधिकारी बृषभान अहिरवार मौजूद रहे। कृषक साहू द्वारा एफसी 5 किस्म की आलू की फसल 10 एकड़ में लगाई गई है। खरीफ़ के मौसम में मक्का की फसल का निरीक्षण करने आए आम्रवंशी ने कृषक को आलू और मूंगफली की खेती करने के लिए प्रेरित किया था। उसके बाद कृषक द्वारा आलू की खेती करने वाले अन्य किसानों से संपर्क किया एवं आलू की खेती करने के लिए सहयोग प्राप्त कर इस वर्ष आलू की फसल ली गई है। आलू की बोनी करने के लिए किसान साहू ने फसल विविधीकरण का सहारा लिया और उसकी आय में वृद्धि हुई है।

# पिस्टल अड़ाकर रूपयों से भरा थैला छीनने का प्रयास करनेवाला पकड़ाया

**जबलपुर।** घमापुर पुलिस ने हनुमान टोरियां चुंगीचौकी मैदान में दिन दहाड़े गैस बाटने गये गैस कंपनी के हेल्पर को पिस्टल दिखाकर आंखों में मिर्च डालकर रूपयों से भरा थैला छीनने का प्रयास करने वाले नाकाबपोश बाईक सवार आरोपी को दबोच लिया है। घमापुर पुलिस ने घटना के संबंध में बताया कि गंगा मैया व्हीकल स्टेट रांझी निवासी रामबाबू कोल गैस एजेंसी में हेल्पर का काम करता है। गत 17 जनवरी को कैशियर सुरेश केवट की छुटटी पर चले जाने पर रामबाबू को कैशियर का काम सौंपा गया था। गत 18 जनवरी की सुबह लगभग 9 बजे राम बाबू गैस एजेन्सी से आईसर गाड़ी में 60 - 62 गैस सिलेण्डर हॉकर रघघु, सुखराम, शंकर, राकेश पटेल, आनंद शिव नारायण के साथ हनुमान टोरिया चुंगी चौकी के पास मैदान में पहुंचकर गाड़ी खडी कर दी। जहां से सभी हॉकर अपनी मोटर साइकिलों गैस सिलेण्डर लेकर बांटने चले गये। इस दौरान रामबाबू अशोक के साथ चूंकी चौकी मैदान में गैस वितरण कर रहा था। अपरान्ह लगभग 3.15 बजे मोटर साइकिल पर कालेरंग का कपड़ा मुंह में बांधे एक लकड़ा आया और उसने रामबाबू की आंखों में मिर्च डालकर पिस्टल दिखाते हुए उससे रूपए से भरा बैग छिन्ने का प्रयास किया तभी शोर मचाने पर रामबाबू के साथ आ गये जिन्हें देखकर नाकाबपोश युवक पहाडी तरफ भागने लगा। जांच के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी हर्ष दुबे को अभिरक्षा में लेकर उसके पास से घटना में इस्तेमाल की गई लोडेड पिस्टल जब्त की ।

**पनागर और सिहोरा में हादसे**

# दो सड़क दुर्घटनाओं में मासूम बच्चे सहित 3 घायल

**हरिभूमि जबलपुर।**

पनागर और सिहोरा में सड़क दुर्घटना की दो हादसे सामने आए है। पनागर में कुशनेर ब्रिज के पास अपने दोस्त का इंतजार कर रहे एक युवक को रॉन्ग साईड से आ रही एक बाईक ने सामने से टक्कर मार दी, जिससे युवक घायल हो गया। वहीं सिहोरा में गौरहा के पहले लालपुरा तलैया के पास आम रोड़ पर एक फोर व्हीलर चालक ने एक बाईक में टक्कर मार दी, जिसमें सवार दंपत्ति व उनका 7 वर्षीय बच्चा गिर गए जिससे पिता पुत्र को चोटें आ गई।

पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बड़खेरा निवासी 18 वर्षीय प्रदीप पाठक और आर्यन विश्वकर्मा गत रात लगभग 8 बजे सिहोरा से रांझी जाने के लिए कुशनेर ब्रिज के पास अपने दोस्त प्रिंस शुक्ला के इंतजार में खड़े थे, तभी रॉन्ग साईड से सामने से आ रही एक बाईक क्रमांक एमपी 20 एन जी 3582 के चालक ने दोनों को टक्कर मार दी, जिससे प्रदीप के पैर में चोटे आ गयी।

इसी तरह सिहोरा ग्राम मुरैठ निवासी 29 वर्षीय ब्रजेश यादव गत दिवस अपनी ससुराल ग्राम गौरहा से अपने 7 वर्षीय बेटे विवेक यादव तथा पत्नी वर्षा यादव के साथ अपनी मोटर सायकल से अपने घर मुरैठ जा रहा था। शाम लगभग 5 बजे जैसे ही गौरहा के पहले लालपुरा तलैया के पास आम रोड़ पर पहुंचा, तभी सामने से आ रही फोर व्हीलर क्रमांक एमपी 20 सीडी 8755 के चालक ने उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दी, जिससे वह अपनी पत्नी एवं बच्चे सहित गिर गया, जिससे ब्रजेश व उसके बेटे विवेक को पैर मे चोटें आ गयी है। पुलिस ने दोनों वाहन चालकों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

**भागते समय गड्ढे में गिरा**

# गुप्ती और बम लेकर घूम रहा बदमाश

**जबलपुर।** गोरखपुर पुलिस ने रामपुर पंचशील नगर पहाड़ी जंगल नया गांव की और सुअरमार बम लेकर घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो सुअरमार बम और गुप्तीनुमा हथियार जब्त किया है। उल्लेखनीय है कि पकडा गया आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके विरूद्ध मारपीट, ऑर्म्स एक्ट आदि के 10 अपराध पूर्व से पंजीबद्ध है।

गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रामपुर पंचशील पहाड़ी के पास दबिश देकर आजाद चौक रामपुर निवासी 24 वर्षीय मयूर बाल्मीक की घेराबंदी की, पुलिस को देखकर भागते समय आरोपी गड्ढे में गिर गया जिससे उसके कान व शरीर में चोटें आ गई। पुलिस ने आरोपी मयूर बाल्मीक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो सुअरमार बम और एक गुप्तीनुमा हथियार जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम तथा 25 बी आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## गोसलपुर में सूने मकान का ताला तोड़कर सोने के जेवर चोरी

जबलपुर। गोसलपुर थाना अतंर्गत कटरा में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर व नगदी रुपए चोरी कर ले गया। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटरा निवासी 60 वर्षीय कल्लू काछी गत 12 जनवरी की सुबह लगभग 10 बजे अपनी पत्न के साथ घर में ताला लगाकर अपनी बड़ी बेटी आशा काछी के घर खितौला पड़वार गया था। दूसरे दिन घर वापस आया तो देखा कि घर में लगा ताला और घर के अदंर रखी बिस्तर पेटी का ताला टूटा था। पेटी में रखे सोने का मंगलसूत्र पेंडल वाला, चांदी की एक चूड़ी, एक जोड़ी पायल, एक करधन, कुछ नगदी रुपए अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) भारतीय अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## चाकूबाजी में 1 घायल

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत रजा चौक पंप हाउस के पास तड़के 4 बजे शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर एक बदमाश ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गाजीनगर 10 नल के पास गोहलपुर निवासी 36 वर्षीय हलवाई अनवार गत दिवस खाना बनाने का काम कर सुबह लगभग 4 बजे अपने घर आ रहा था तभी घर के पास गाजीनगर निवासी इरफान उससे शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगा, पैसे देने से मना किया तो मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(3) भारतीय न्याय संहिता के अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# शिक्षक के फ्लैट से नगदी समेत लाखों का सामान चोरी

**जबलपुर।** लार्डगंज थानान्तर्गत राईटटाउन स्थित एक अपार्टमेंट में रहने वाले शिक्षक के सूने फ्लैट का ताला तोडक़र अज्ञात चोरों ने जेवर, इलेक्ट्रॉनिक सामान एवं नगदी पर हाथ साफ कर दिया। नगदी समेत चोरी गये सामान का मशरूका 1 लाख 40 हजार रूपए कीमत का बताया जा रहा है। लार्डगंज पुलिस ने बताया कि पितृछाया अपार्टमेंट राइटटाउन निवासी विवेक पाण्डेय छावनी परिषद में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं विवेक गत 17 जनवरी को शाम 7 बजे घर पर ताला लगाकर रिश्तेदार बसंत दुबे के घर सुहागी आधारताल चला गया था। दूसरे दिन शाम लगभग 6 बजे वह वापिस आया तो देखा कि घर का ताला टूटा था। चोरी की शंका होने पर उसने अंदर जाकर देखा कि घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। घर में रखा बिना सिम का पुराना मोबाईल फोन, सैमसंग, रेडमी, आइफोन कंपनी के तीन एन्ड्राइड मोबाईल फोन, मिनी लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, सोने की अंगूठी, एक सोने की चेन तथा नगदी 63 हजार रूपए गायब थे जिसे कोई अज्ञात चोर ले गया था। चोरी गये सामान का मशरूका 1 लाख 40 हजार रूपए बताया गया है।

**श्री राजेंद्र कुमाद दवे-** दीक्षितपुरा राम मंदिर के पास निवासी श्री राजेंद्र कुमार दवे (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीश बेन-** बगीचा नं. 66, सदर केंट निवासी श्री जगदीश बेन (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मनोरमा वर्मा-** देवताल हितकारणी स्कूल के पास निवासी श्री बीएल वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मनोरमा वर्मा (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री परसराम पटेल-** सुदामा नगर मदनमहल निवासी श्री परसराम पटेल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शैल कुमारी सिंह-** एमआईजी 60, सुभाष नगर महाराजपुर निवासी डॉ. सीबी सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती शैल कुमारी सिंह (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय कश्यप-** नया मोहल्ला निवासी श्री संजय कश्यप (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सचिन सोंधिया-** नगर निगम कम्पाउंड निवासी श्री सुनील सोंधिया के पुत्र श्री सचिन सोंधिया (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटे लाल चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री छोटे लाल चौधरी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ताहर सिंह गौतम-** द्वारका नगर दुर्गा मंदिर के पास निवासी श्री ताहर सिंह गौतम (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उर्मिला यादव-** गोरखपुर गुरूद्वारा के पास निवासी श्री फूलचंद यादव की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला यादव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री आनंद दुबे-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री सुनील कुमार दुबे के पुत्र श्री आनंद दुबे (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुन्नी बाई चौधरी-** रामहरख का बगीचा नेहरू वार्ड निवासी श्री बिशनू चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई चौधरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गीता बाई नामदेव-** आनंद नगर अधारताल निवासी श्री बद्री प्रसाद नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती गीता बाई नामदेव (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल कुमार विश्वकर्मा-** व्हीकल रोड बिलपुरा निवासी श्री उमाशंकर विश्वकर्मा के पुत्र श्री अनिल कुमार विश्वकर्मा (39) का




निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला बेन-** जोगनी नगर छापर रामपुर निवासी श्री भारत बेन की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बेन (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निर्मला जाटव-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री गोपाल जाटव की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला जाटव (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजाराम रजक-** 2773, इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री राजाराम रजक (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रागनी बेन-** बेलबाग टोरिया निवासी श्री दिलीप बेन की धर्मपत्नी श्रीमती रागनी बेन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती माला मित्रा-** नवनिवेश कॉलोनी गंगानगर गढ़ा निवासी श्री प्रेमाकुंर मित्रा की धर्मपत्नी श्रीमती माला मित्रा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय कुमार जायसवाल-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री विजय कुमार जायसवाल (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप

### सेंट्रल बैंक के शुद्ध लाभ में 33 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 33 प्रतिशत बढ़कर 959 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 718 करोड़ रुपये था। बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को अक्टूबर-दिसंबर, 2024 तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना दी।

### सोना 82,000 पर स्थिर चांदी 500 रुपए फिसली



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 82,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उद्घाटन भाषण का इंतजार करेंगे और उसके बाद ही भविष्य के कारोबार के लिए कोई रास्ता चुनेंगे।

### लक्ष्मी डेंटल का शेयर पहले दिन 29% चढ़ा




**नई दिल्ली।** ऑर्बिमेड समर्थित लक्ष्मी डेंटल का शेयर सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने निर्गम मूल्य 427 रुपये से करीब 29 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 23.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 528 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। दिन में यह 36.37 प्रतिशत चढ़कर 583.70 रुपये पर पहुंच गया।

### आईओबी के मुनाफे में 21 प्रतिशत की वृद्धि



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के आईओबी का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 21 प्रतिशत बढ़कर 874 करोड़ रुपये रहा है। बैंक का गत वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (दिसंबर) में शुद्ध लाभ 723 करोड़ रुपये रहा था। उसकी कुल आय सालाना आधार पर 7,437 करोड़ रुपये से बढ़कर 8,409 करोड़ रुपये हो गई।

### आईडीबीआई बैंक का शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत बढ़कर 1,908 करोड़ रुपये हो गया। एलआईसी नियंत्रित बैंक का गत वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में शुद्ध लाभ 1,458 करोड़ रुपये रहा था। कुल आय बढ़कर 8,565 करोड़ रुपये हो गई।

### वन97 कम्युनिकेशंस का घाटा कम होकर 208.5 करोड़

**नई दिल्ली।** पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत घाटा कम होकर 208.5 करोड़ रुपये हो गया। 2023-24 की तीसरी तिमाही (दिसंबर) में कंपनी का घाटा 221.7 करोड़ रुपये रहा था। भुगतान सेवाओं (40 प्रतिशत) और राजस्व में गिरावट के कारण दिसंबर 2024 में पेटीएम की परिचालन आय 2,850.5 करोड़ रुपये से 35.8 प्रतिशत घटकर 1,827.8 करोड़ रुपये रह गई।

# अरबपतियों की संपत्ति 2024 में तीन गुना तेजी से बढ़ी : ऑक्सफैम

एजेंसी ▶▶ दावोस

दुनियाभर में अरबपतियों की संपत्ति 2024 में 2,000 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 15,000 अमेरिकी डॉलर हो गई है, जो 2023 की तुलना में तीन गुना अधिक है। यह जानकारी अधिकार समूह 'ऑक्सफैम इंटरनेशनल' की वैश्विक असमानता पर नवीनतम रिपोर्ट में दी गई। 'ऑक्सफैम इंटरनेशनल' ने अरबपतियों की संपत्ति में भारी उछाल और गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या में 1990 के बाद से कोई खास बदलाव नहीं आने की तुलना की है।

- वर्ष 2023 के तुलना में यह तीन गुना अधिक रही

ऑक्सफैम ने कहा कि 2024 में एशिया में अरबपतियों की संपत्ति में 299 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई। साथ ही उसने अनुमान लगाया कि अब से एक दशक के भीतर कम से कम पांच एक हजार अरब डॉलर से अधिक की संपत्ति वाले लोग होंगे।

## संपत्ति पिछले वर्ष 2000 अरब डॉलर बढ़कर 15,000 डॉलर हुई

### अरबपतियों की संपत्ति काफी हद तक अनुपयुक्त

अरबपतियों की 60 प्रतिशत संपत्ति अब विरासत, एकाधिकार शक्ति या सांठगांठ वाले संबंधों से प्राप्त होती है, जो दर्शाता है कि "अरबपतियों की अत्यधिक संपत्ति काफी हद तक अनुपयुक्त है। अधिकार समूह ने दुनियाभर की सरकारों से असमानता को कम करने, अत्यधिक धन-संपदा को समाप्त करने तथा नए अभिजात्यतंत्र को समाप्त करने के लिए सबसे अमीर लोगों पर कर लगाने का आग्रह किया।




*भुखमरी से ग्रस्त लोगों की संख्या बढ़ी : इसमें पूर्व की औपनिवेशिक शक्तियों से हुई क्षतियों की भरपाई कराने की भी मांग की गई। ऑक्सफैम इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक अमिताभ बेहार ने यहां कहा कि यह बात उल्लेखनीय है कि नई असमानता रिपोर्ट से पता चलता है कि अरबपतियों की संपत्ति में भारी वृद्धि हुई है और भुखमरी से ग्रस्त लोगों की बढ़ती संख्या के बीच यह और भी अधिक चिंताजनक है।*

### सुपर-रिच पर अधिक कर लगाने की मांग

बेहर ने कहा कि यह आधुनिक उपनिवेशवाद की समस्या को ही उजागर करता है, जिसमें बहुराष्ट्रीय कंपनियां निर्मित संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा हड़प रही हैं। बेहार ने कहा कि ऑक्सफैम 'सुपर-रिच 'पर अधिक कर लगाने की जोरदार वकालत कर रहा है और दुनियाभर में सबसे अमीर लोगों पर अधिक कर लगाने की बढ़ती मांग का स्वागत करता है।

### 10 सबसे अमीर 99 फीसदी संपत्ति गंवाए तो भी अरबपति रहेंगे

ऑक्सफैम की रिपोर्ट के अनुसार, अरबपतियों की संपत्ति 2024 में औसतन 5.7 अरब अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन की दर से बढ़ी, जबकि अरबपतियों की संख्या 2023 में 2,565 से बढ़कर 2,769 हो गई। इसमें कहा गया, दुनिया के 10 सबसे अमीर लोगों की संपत्ति औसतन प्रतिदिन लगभग 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर बढ़ी। वे रातोंरात अपनी संपत्ति का 99 प्रतिशत खोने पर भी अरबपति बने रहेंगे

### सूची में 204 नए लोग शामिल

2024 में अरबपतियों की सूची में 204 नए लोग शामिल हुए। औसतन हर सप्ताह करीब चार नाम इसमें शामिल हुए। इस वर्ष केवल एशिया से 41 नए अरबपति सूची में शामिल हुए। रिपोर्ट में ऑक्सफैम ने कहा कि 'ग्लोबल नॉर्थ' के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोग 2023 में वित्तीय प्रणालियों के जरिये 'ग्लोबल साउथ' से प्रति घंटे तीन करोड़ अमेरिकी डॉलर हासिल करेंगे।

## 18 कंपनियों के लिए 2,299 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव

# वोल्टास, ल्यूमैक्स और यूएनओ मिंडा समेत 18 कंपनियां को पीएलआई योजना के लिए चुना गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वोल्टास, एमआईआरसी इलेक्ट्रॉनिक्स, ल्यूमैक्स और यूएनओ मिंडा समेत 18 कंपनियों को 2,299 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध निवेश के साथ एसी तथा एलईडी लाइट के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत लाभ उठाने के लिए चुना गया है।

गत वर्ष अक्टूबर में तीसरे दौर में 38 कंपनियों ने इस योजना के तहत 4,121 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के साथ आवेदन दाखिल किए थे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा, पीएलआई योजना के ऑनलाइन आवेदन के तीसरे चरण के लिए कुल 38 आवेदन मिले। इन आवेदनों पर विचार करने के बाद सरकार ने अस्थायी रूप से 18 नई कंपनियों का चयन किया है।

### 10 विनिर्माता एसी के कलपुर्जे बनाएंगे

इन कंपनियों में एयर कंडीशनर के कलपुर्जों के 10 विनिर्माता और एलईडी लाइट के आठ विनिर्माता शामिल हैं। इसके लिए 2,299 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जतायी गई है। इसके अलावा, छह मौजूदा पीएलआई लाभार्थियों को उच्च निवेश श्रेणियों में 'अपग्रेड' करने के लिए अस्थायी रूप से चुना गया है। इसके लिए 1,217 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश होगा।










### 84 कंपनियां निवेश लाने वाली है

बयान के अनुसार, " कुल मिलाकर इन वस्तुओं के लिए पीएलआई योजना के तहत 84 कंपनियां 10,478 करोड़ रुपये का निवेश लाने वाली हैं, जिसके परिणामस्वरूप 1,72,663 करोड़ रुपये मूल्य का उत्पादन होगा। मंत्रालय के अनुसार, वोल्टास कंपोनेंट्स ने कंप्रेसर बनाने के लिए 256.73 करोड़ रुपये निवेश करने की प्रतिबद्धता जतायी है।

- गत वर्ष अक्टूबर में तीसरे दौर में 38 कंपनियों ने किया था आवेदन
- योजना के तहत 84 कंपनियां 10,478 करोड़ रुपए का निवेश लाने वाली हैं
- वोल्टास कंपोनेंट्स कंप्रेसर बनाने के लिए 256.73 करोड़ रुपए निवेश करेगा

*एमआईआरसी ने एक्सचेंजर्स बनाने का दिया प्रस्तावः एमआईआरसी इलेक्ट्रॉनिक्स ने 51.5 करोड़ रुपये के निवेश के साथ मोटर और हीट एक्सचेंजर्स एसी उत्पाद बनाने का प्रस्ताव दिया है।"*

*एसी के कलपुर्जों का देश में होगा निर्माण इसमें कहा गया, एयर कंडीशनर के लिए कंपनियां कम्प्रेसर, कॉपर ट्यूब और हीट एक्सचेंजर जैसे कलपुर्जों का विनिर्माण करेंगी। इसी तरह, एलईडी लाइट के लिए एलईडी चिप पैकेजिंग, ड्राइवर, इंजन, लाइट मैनेजमेंट सिस्टम तथा कैपेसिटर के लिए मेटलाइज्ड फिल्म का विनिर्माण भारत में किया जाएगा।*

### केवल एक ने योजना से बाहर निकलने का लिया निर्णय

आवेदकों में से एक ने योजना से बाहर निकलने का निर्णय लिया है तथा उसने आवेदन वापस ले लिया है। छह मौजूदा पीएलआई लाभार्थियों को उच्च निवेश श्रेणियों में 'अपग्रेड' करने के लिए अस्थायी रूप से चुना गया है। इनमें हिंडाल्को इंडस्ट्रीज (360 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रतिबद्ध निवेश), एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया (433 करोड़ रुपये), ब्लू स्टार क्लाइमेटेक (180 करोड़ रुपये) और वोल्टास लिमिटेड (200 करोड़ रुपये) शामिल हैं।

# महाकुंभ के दौरान 12 लाख अस्थायी रोजगार होंगे पैदा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में 4.5 लाख रोजगार पैदा होंगे

प्रयागराज में संगम तट पर चल रहे महाकुंभ के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में करीब 12 लाख अस्थायी रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। एनएलबी सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन अलुग ने सोमवार को यह जानकारी दी। अलुग ने कहा कि संगम तट पर होने वाला यह ऐतिहासिक समागम आर्थिक विकास और अस्थायी रोजगार के नजरिये से एक ऊर्जा-केंद्र के रूप में सामने आया है।

उन्होंने कहा, "महाकुंभ का आर्थिक प्रभाव कई क्षेत्रों में फैला हुआ है। बुनियादी ढांचा विकास, कार्यक्रम प्रबंधन, सुरक्षा सेवाएं, स्थानीय व्यापार, पर्यटन, मनोरंजन और बागवानी जैसे क्षेत्र पारंपरिक एवं आधुनिक दोनों तरह के व्यवसायों में विकास को बढ़ावा दे रहे हैं।" अलुग ने कहा कि अकेले पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग में ही महाकुंभ के दौरान लगभग 4.5 लाख अस्थायी रोजगार सृजित होने का अनुमान है। इनमें होटल स्टाफ, टूर गाइड, पोर्टर, यात्रा सलाहकार और कार्यक्रम समन्वयक जैसी भूमिकाएँ शामिल हैं।

### सूचना प्रौद्योगिकी में उछाल आने की उम्मीद

अलुग ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी इस दौरान मांग में उछाल आने की उम्मीद है, जिसमें लगभग दो लाख पेशेवरों की जरूरत होगी। इस बीच, श्रद्धालुओं की जरूरतों को पूरा करने वाले खुदरा व्यवसायों में भी करीब एक लाख रोजगार पैदा होने की उम्मीद है।

# टीवीएस मोटर ने उतारा इलेक्ट्रिक तिपहिया, कीमत 2.95 लाख रुपए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- तिपहिया वाहन टीवीएस किंग ईवी मैक्स पेश किया
- देश का पहला ब्लूटूथ कनेक्टेड इलेक्ट्रिक तिपहिया होगा

घरेलू वाहन विनिर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने किफायती हरित शहरी परिवहन को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को 2.95 लाख रुपये की शोरूम कीमत में अपना इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन 'टीवीएस किंग ईवी मैक्स' पेश किया।

कंपनी ने 'टीवीएस किंग ईवी मैक्स' को देश का पहला ब्लूटूथ-कनेक्टेड इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन बताते हुए कहा कि इसकी चार्जिंग क्षमता काफी तेज होने के साथ यह बढ़िया पिकअप क्षमता से भी लैस है। टीवीएस मोटर के मुताबिक, एक बार चार्ज होने पर यह अधिकतम 179 किलोमीटर की दूरी तय कर सकता है। इसके अलावा इसे पूरी तरह चार्ज होने में 3.5 घंटे का समय लगता है। टीवीएस मोटर कंपनी के वाणिज्यिक परिवहन खंड के व्यवसाय प्रमुख रजत गुप्ता ने यहां एक कार्यक्रम में इस इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन की खूबियां गिनाते हुए कहा कि इसे ऑटोरिक्शा चालकों, वाहन मालिकों और आम लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। गुप्ता ने कहा, "शहरी क्षेत्रों के विस्तार के साथ ही स्वच्छ परिवहन विकल्प मुहैया कराना भी जरूरी हो गया है। टीवीएस किंग ईवी मैक्स अपने उन्नत इलेक्ट्रिक समाधान और बेहतर सुविधा एवं कनेक्टेड खूबियों के साथ इस मकसद को बखूबी पूरा करता है।"

*बुकिंग भी शुरू : इसके साथ ही इसकी बुकिंग भी शुरू हो गई है। टीवीएस मोटर दोपहिया वाहनों के अलावा वर्ष 2009 से तिपहिया वाहन खंड में भी सक्रिय है। हालांकि, टीवीएस किंग ईवी मैक्स इलेक्ट्रिक तिपहिया खंड में उसका पहला उत्पाद है।*

# आईआरएफसी का मुनाफा बढ़कर 1,631 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** भारतीय रेल वित्त निगम लिमिटेड (आईआरएफसी) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दो प्रतिशत बढ़कर 1,631 करोड़ रुपये हो गया। रेल मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण वाली इस गैर-बैंकिंग वित्तीय इकाई (एनबीएफसी) का वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में शुद्ध लाभ 1,599 करोड़ रुपये था। कंपनी की कुल आय अक्टूबर-दिसंबर अवधि में बढ़कर 6,766 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में 6,740 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन अवधि के दौरान मिनी रत्न कंपनी का कुल व्यय सालाना आधार पर 5,141 करोड़ रुपये से मामूली रूप से घटकर 5,136 करोड़ रुपये रह गया।

# मजबूत वैश्विक रुख से सेंसेक्स 454 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- निफ्टी 23,300 अंक के पार
- बैंक के शेयरों में तेजी

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 454 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,300 अंक के ऊपर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच मुख्य रूप से बैंक शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 454.11 अंक उछलकर 77,073.44 अंक पर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 699.61 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 141.55 अंक यानी 0.61 प्रतिशत चढ़कर 23,344.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से कोटक महिंद्रा बैंक में नौ प्रतिशत से अधिक की जबर्दस्त तेजी देखने को मिली। बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में 10 प्रतिशत बढ़कर 4,701 करोड़ रुपये रहने की सूचना से इसके शेयर उछल गए।

*एशियाई बाजार सीमित दायरे में रहे : एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में रहे, जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में नुकसान रहा। दोपहर के कारोबार में यूरोप के प्रमुख बाजारों में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को लाभ में रहे थे।*

## सरकार ने दी 10 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति...



**नई दिल्ली।** सरकार ने सितंबर में समाप्त होने वाले चालू 2024-25 के सत्र में 10 लाख टन चीनी के निर्यात की सोमवार को अनुमति दे दी। खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "...भारत सरकार ने 2024-25 के लिए 10 लाख टन चीनी निर्यात को मंजूरी दी है।' उन्होंने कहा कि इससे मूल्य स्थिरता सुनिश्चित होगी, पांच करोड़ किसान परिवारों तथा पांच लाख श्रमिकों को सहायता मिलेगी और चीनी क्षेत्र मजबूत होगा। खाद्य मंत्रालय ने इस संबंध में एक आदेश जारी किया जिसमें मिल-वार चीनी निर्यात कोटा निर्धारित किया गया है। गत 2023-24 सत्र के दौरान घरेलू आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण निर्यात पर पूरी तरह से अंकुश था।

# एनसीएलटी ने गो फर्स्ट के परिसमापन का दिया आदेश




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- कंपनी वित्तीय समस्याओं के कारण पिछले तीन साल से बंद है

राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने सोमवार को विमानन कंपनी गो फर्स्ट के परिसमापन का आदेश दिया। कंपनी का परिचालन वित्तीय समस्याओं के कारण पिछले करीब तीन साल से बंद है।

एयरलाइन ने मई 2023 में वित्तीय संकट का हवाला देते हुए स्वैच्छिक रूप से दिवाला समाधान प्रक्रिया के लिए आवेदन किया था। न्यायाधिकरण ने 15 पृष्ठ के आदेश में कहा कि वह कंपनी गो एयरलाइंस (इंडिया) लि. के परिसमापन का आदेश दे रहा है। एनसीएलटी ने कहा कि योजना में कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) को अपने गठन के बाद और समाधान योजना की पुष्टि से पहले किसी भी समय संबंधित कंपनी के परिसमापन का निर्णय लेने का अधिकार है। गो एयर का नाम बदलकर गो फर्स्ट किया गया था। कंपनी ने 17 साल से अधिक समय तक उड़ान सेवाएं दी। एयरलाइन का परिचालन तीन मई, 2023 से निलंबित है। दिवाला समाधान प्रक्रिया के दौरान, कम से कम दो बोलीदाता ... स्पाइसजेट प्रमुख अजय सिंह के साथ बिजी बी एयरवेज और शारजाह स्थित विमानन इकाई स्काई वन थे। यात्रा पोर्टल ईज माई ट्रिप के सह-संस्थापक निशांत पिट्टी बिजी बी एयरवेज में बहुलांश शेयरधारक है। इस बीच, विमानन नियामक डीजीसीए ने गो फर्स्ट के 54 विमानों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। समाधान प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पायी और अब न्यायाधिकरण ने एयरलाइन के परिसमापन का आदेश दिया है।

### मुंबई से अहमदाबाद अपनी पहली उड़ान शुरू की थी

एयरलाइन ने 2005-06 में मुंबई से अहमदाबाद के लिए पहली उड़ान के साथ घरेलू परिचालन शुरू किया और फिर 2018-19 में अंतरराष्ट्रीय परिचालन शुरू किया। परिचालन शुरू करने के बाद से, गो फर्स्ट ने एयरबस को 72 ए320 नियो विमानों के लिए दो ऑर्डर दिए। ये ऑर्डर 2011-12 और 2016-17 में दिये गये।

## डब्ल्यूईएफ की अध्ययन रिपोर्ट में किया गया दावा

# भरोसे के मामले में भारत फिसलकर तीसरे स्थान पर

एजेंसी ▶▶ दावोस

सरकार, व्यवसायों, मीडिया और गैर सरकारी संगठनों पर लोगों के भरोसे के मामले में भारत एक स्थान फिसलकर तीसरे स्थान पर आ गया है। कम आय वाली आबादी अपने अमीर समकक्षों की तुलना में इनपर बहुत कम भरोसा करती है। यहां सोमवार को जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक की शुरुआत से पहले जारी वार्षिक 'एडेलमैन ट्रस्ट बैरोमीटर' (जो अब अपने 25वें वर्ष में है) ने यह भी दिखाया कि जब भारतीय मुख्यालय वाली कंपनियों में अन्य देशों के लोगों के भरोसे की बात आती है, तो भारत 13वें स्थान पर है।

- विदेशी मुख्यालय वाली कंपनियों की सूची में कनाडा शीर्ष पर

### विकासशील देश अधिक भरोसेमंद

भरोसा सूचकांक पर सबसे बड़ी 10 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में से पांच सबसे कम भरोसेमंद देशों में शामिल हैं जिनमें जापान (37 प्रतिशत के साथ सबसे कम भरोसेमंद), जर्मनी (41 प्रतिशत), ब्रिटेन (43 प्रतिशत), अमेरिका (47 प्रतिशत) और फ्रांस (48 प्रतिशत)। विकासशील देश अधिक भरोसेमंद निकले जिनमें चीन (77 प्रतिशत), इंडोनेशिया (76 प्रतिशत), भारत (75 प्रतिशत) और संयुक्त अरब अमीरात (72 प्रतिशत) एक बार फिर भरोसा सूचकांक के लिहाज से शीर्ष पर रहे।




### सूची में चीन शीर्ष पर

सरकार, व्यवसायों, मीडिया और गैर-सरकारी संगठनों पर आम जनता के भरोसे की समग्र सूची में चीन फिर से शीर्ष पर रहा, जबकि भारत का अंक अपरिवर्तित रहने के बावजूद यह तीसरे स्थान पर खिसक गया क्योंकि अंक में बढ़ोतरी हासिल करके इंडोनेशिया दूसरे स्थान पर पहुंचा गया।

### भारत से ऊपर की रैंकिंग में मेक्सिको

विदेशी मुख्यालय वाली कंपनियों की इस सूची में कनाडा शीर्ष पर है और इसके बाद जापान, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस और अमेरिका हैं, जबकि भारत से ऊपर की रैंकिंग में मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, चीन और ब्राजील शामिल हैं।

### जापान को सबसे नीचे जगह

28 देशों के सर्वेक्षण में जापान को ब्रिटेन की जगह सबसे निचले स्थान पर देखा गया। भारत सहित अधिकांश देशों में, कम आय वाली आबादी उच्च आय वर्ग की तुलना में बहुत कम भरोसा करती है।

## चिंतन

# ट्रंपकाल में अमेरिका पर रहेंगी दुनिया की निगाहें

अमेरिका में राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप की जोरदार ताजपोशी वैश्विक स्तर पर ट्रंपवाद की भी फिर से शुरूआत है। अमेरिका फर्स्ट, संरक्षणवाद से प्रेरित ट्रंपवाद से अमेरिका की वैश्विक प्रतिष्ठा कितनी बढ़ेगी, यह वक्त के साथ ही पता चलेगा, लेकिन ट्रंपवाद अमेरिका और शेष विश्व के लिए बहुत उम्मीद नहीं जगाता है। महाशक्ति के रूप में वैश्विक संसथाओं के संरक्षण और वैश्विक मसलों के हल को लेकर अमेरिका की अपनी एक साख रही है, ट्रंपवाद इसमें बाधा है। ट्रंप के पहले कार्यकाल में इस साख पर आंच आई, अब दूसरे कार्यकाल में अनुभवी ट्रंप अमेरिका के महाशक्तित्व को कैसे पुनर्स्थापित करते हैं, यह भी समय के साथ ही पता चलेगा। अभी विश्व में सबसे अधिक चर्चा ट्रंप के शपथग्रहण की है। अमेरिका ने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग को ट्रंप के शपथग्रहण कार्यक्रम में आमंत्रित किया। माना जा रहा था कि नरेन्द्र मोदी और ट्रंप की अच्छी दोस्ती है तो अमेरिका पीएम मोदी को विशेष आमंत्रण देगा। पर अमेरिका ने कूटनीतिक दांवपेच और चीन से अपने संबंध सुधारने के एजेंडे के तहत चीन को तरजीह दी। चीनी राष्ट्रपति ने अमेरिकी निमंत्रण को गंभीरता से नहीं लिया और खुद न जाकर अपने दूत को ट्रंप के शपथग्रहण में भेज दिया। चीनी राष्ट्रपति के नहीं आने से न ट्रंप को अच्छा लगा होगा और न ही अमेरिका को। कूटनीति के जानकार मान रहे थे कि चूंकि ट्रंप के पहले कार्यकाल में अमेरिका व चीन के बीच ट्रेडवार अपने चरम पर था, इसलिए इस कार्यकाल में ट्रंप चीन से अमेरिका के संबंध को सामान्य करने की दिशा में शपथग्रहण कूटनीति से आगे बढ़ रहे हैं। भारत के साथ अमेरिका के संबंध अच्छे हैं, इसलिए उसे कोई चिंता नहीं है। भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर पीएम मोदी का शुभकामना संदेश लेकर ट्रंप के शपथग्रहण समारोह में पहुंचे। अमेरिकी चुनाव में जबरदस्त जीत मिलने के बाद 47वें राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रंप के शपथ लेने के कुछ हफ्तों के बाद दुनिया को यह पता चल जाएगा कि उनका दूसरा कार्यकाल विश्व के लिए कैसा रहने वाला है? ट्रंप ने कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने और ग्रीनलैंड व पनामा नहर पर नियंत्रण हासिल करने की बात कही है। उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी का नाम अमेरिका की खाड़ी करने की भी बात कही है। उन्होंने रूस व यूक्रेन युद्ध व इजराइल व हमास जंग भी खत्म करने की बात दोहराई है। पश्चिम एशिया हिंसक संघर्ष के दौर से गुजर रहा है। ट्रंप ने ये सब बातें आज 20 जनवरी को अपने शपथ ग्रहण से पहले कही हैं, जिससे ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की झलक देखने को मिली है। ट्रंपकाल में एलन मस्क जैसे अरबपति उद्यमियों की सरकार में अहमियत बढ़ने की संभावना दिखाई दे रही है। अवैध प्रवासी को लेकर भी अमेरिका का रुख सख्त रहेगा। ट्रंप ने अपनी टॉप टीम में क्रिस्टी नोएम, टॉम होमन, मार्क रूबियो, माइकल वाल्त्ज, एलन मस्क, विवेक रामास्वामी, रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर, तुलसी गबार्ड, हावर्ड लुटनिक, स्कॉट बेसेंट जैसे अनुभवी व विशेषज्ञ लोगों को शामिल किया है। ट्रंप अमेरिकी इतिहास में पहले ऐसे पूर्व यूएसए राष्ट्रपति हैं जिन्हें अपराधी घोषित किया गया। ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका में रिपब्लिकन सरकार के सामने आंतरिक सुरक्षा से लेकर अर्थव्यवस्था को गति देने और विश्व में अपनी साख स्थापित करने की बड़ी चुनौती होगी। राष्ट्रपति के तौर पर ट्रंप का चार साल का कार्यकाल न केवल यह निर्धारित करेगा कि अमेरिका अपने घरेलू मुद्दों से कैसे निपटता है, बल्कि दुनिया में उसकी हैसियत को भी निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।



विश्लेषण
विकेश कुमार बडोला

# वित्तीय सुरक्षा बढ़ाएगी स्वामित्व योजना

> स्वामित्व योजना एक क्रांतिकारी योजना है। यह कृषि क्षेत्र का समयानुकूल सशक्तिकरण करने का वृहद आधार बनेगी। गांवों, छोटे-छोटे नगरों एवं कस्बों में स्थानीय कृषकों और श्रमिकों के जो भी कृषि भूखण्ड व आवासीय भूमि है उसका अब तक समुचित मापन नहीं था। पीढ़ियों से लोगों के पास होने के बाद भी इनका अभिलेखीकरण नहीं किया गया था। स्वामित्व-अभिलेख की अखिल भारतीय प्रामाणिकता होने के उपरान्त ग्रामीण-जगत की संपूर्ण जीवन व्यवस्था में एक बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आएगा। लोग अपनी भूमि और घरों के वास्तविक, प्रामाणिक व प्रलेखमूलक स्वामी / स्वामिनी होंगे। यह गांवों में वित्तीय सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम है।

वर्ष 2020 के उत्तरार्द्ध में प्रारंभ हुई भू-स्वामित्व व भू-अधिकार योजना के सुनियोजित क्रियान्वयन के क्रम में 18 जनवरी 2025 को प्रधानमंत्री ने लगभग 65 लाख की संख्या में स्वामित्व संपत्ति कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने इस क्रांतिकारी योजना के तात्कालिक एवं दूरगामी लाभों के बारे में बताया। प्रधानमंत्री के अनुसार, ग्रामीण व छोट-छोटे नगरों में संपत्ति के स्वामित्व का अधिकार मिलने के बाद लाखों लोगों ने इस आधार पर बैंकों व अ-बैंकिंग संस्थानों से अपनी जरूरत का ऋण प्राप्त किया है। लोगों ने ऋण का उपयोग अपना व्यापार-उद्योग आरंभ करने में किया। इन लोगों में अधिसंख्य कृषक हैं, जिनके लिए स्वामित्व संपत्ति कार्ड वित्तीय सुरक्षा का शासकीय आश्वासन है। भविष्य में भूमि स्वामित्व व भूमि अधिकार कार्ड के आधार पर सौ लाख करोड़ की आर्थिक गतिविधियों का मार्ग प्रशस्त होगा। मूलतः ये कार्ड गांवों के विकास की नींव बनेंगे। कार्डधारकों को ऋण और शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा। अभी संपत्ति कार्डों का वितरण छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दो केंद्रशासित प्रदशों जम्मू कश्मीर व लद्दाख के पचास हजार से अधिक गांवों के लाभार्थियों को किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत लगभग 65 लाख कार्ड वितरित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 2.24 करोड़ व्यक्तियों के पास संपत्ति स्वामित्व कार्ड होंगे। दुनियाभर में देशों के महानगरों व नगरनिगम शासित क्षेत्रों के अतिरिक्त सुदूरवर्ती ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी क्षेत्रों में लोगों को स्वामित्व व भूमि अधिकार मिलना आरंभ से ही एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। इस संदर्भ में कई वर्ष पहले संयुक्त राष्ट्र ने एक अध्ययन किया था, जिसमें यही निष्कर्ष निकला कि अनेक देशों में लोगों के पास उनकी संपत्ति के स्वामित्व के लिए कानूनी प्रलेख नहीं हैं।

स्वामित्व योजना एक क्रांतिकारी योजना है। यह कृषि क्षेत्र का समयानुकूल सशक्तिकरण करने का वृहद आधार बनेगी। गांवों, छोटे-छोटे नगरों एवं कस्बों में स्थानीय कृषकों और श्रमिकों के जो भी कृषि भूखण्ड व आवासीय भूमि है उसका अब तक समुचित मापन नहीं था। पीढ़ियों से लोगों के पास होने के बाद भी इनका अभिलेखीकरण नहीं किया गया था। जब भी जिस कृषक, श्रमिक और गांव के गरीब व्यक्ति को अपनी भूमि की नाप-जोख कर उसके अभिलेख बनवाने की आवश्यकता होती, तो वह गांव के प्रधान या प्रभावशाली व्यक्ति की सहायता लेकर उसको निश्चित मुद्रा का भुगतान करके अपना भूमि से संबंधित कार्य करवाता था। इस प्रक्रिया को पंचायत से लेकर तहसील स्तर तक इतना जटिल और मकड़जालीनुमा बना दिया गया था कि अधिसंख्य ग्रामीण अपनी भूमि का पंजीकरण-अभिलेखीकरण करवाने के लिए हमेशा हतोत्साहित रहे। करोड़ों की जनसंख्या में से यदि हजारों-लाखों ग्रामीण गरीब लोग भी अपनी-अपनी भूमि का पंजीकरण-अभिलेखीकरण स्थानीय अवैध प्रक्रिया के अन्तर्गत करवाते थे तो इससे ही दलाली के रूप में बड़ी मुद्रा का लेन-देन होता आया था। यह दुर्व्यवस्था अब भी चल रही है और इसीलिए भूमि का मापन कर उसके स्वामित्व



अभिलेख लोगों को देने का एक अति सहज-सरल शासकीय कार्य अत्यंत जटिल बना हुआ है।

घरों और खेतों का अभासी व मौखिक स्वामित्व ग्रामीणों के लिए अनेक प्रकार से अनुपयोगी और आधुनिक जगत में विकास की धारा से वंचित रहने का कारण था। ग्रामीण एवं अर्द्धनगरीय क्षेत्रों में लोगों के पास भू स्वामित्व के कानूनी प्रमाण व प्रलेख न होने के कारण, लाखों एकड़ की भूमि का पूंजीगत उपयोग नहीं हो पा रहा था। लेकिन अब स्वामित्व योजना के अन्तर्गत प्रौद्योगिकी की सहायता से भूमि का मापन होने, ड्रोन कैमरे से गांव की संपूर्ण भूमि का मानचित्र बनाने के साथ-साथ एक ग्रामीण की समग्र भूमि का मानचित्र बनाकर उसका स्वामित्व-अभिलेख बनने और इस स्वामित्व-अभिलेख की अखिल भारतीय प्रामाणिकता होने के उपरान्त ग्रामीण-जगत की संपूर्ण जीवन व्यवस्था में एक बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आएगा। लोग अपनी भूमि और घरों के वास्तविक, प्रामाणिक व प्रलेखमूलक स्वामी / स्वामिनी होंगे। स्वामित्व योजना के अन्तर्गत उनके स्वामित्वधारण की स्वीकार्यता अखिल भारतीय ही नहीं अपितु अखिल वैश्विक होगी। कृषक, श्रमिक, ग्रामीण और छोट-छोटे काम-धंधे करनेवाले करोड़ों लोग अब अपनी भूमि के प्रामाणिक शासकीय प्रलेखों के आधार पर बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों से सुगमतापूर्वक ऋण प्राप्त कर सकते हैं। सत्यप्रमाणित स्वामित्व-प्रलेखों के होने पर अब बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाएं लोगों को ऋण लेने से वंचित नहीं रख सकतीं।

स्वामित्व-प्रलेख लोगों के लिए प्रसन्नता का कारण बनेंगे। अभी तक अधिसंख्य ग्रामीण भूमि पर लोगों का आभासी और मौखिक स्वामित्व ही है। इस कारणवश दुर्जन लोग दूसरे की भूमि हथियाने या दूसरे की भूमि के कुछ हिस्से का अपने स्वामित्व में होने का दावा करते हैं, जबकि इसका कोई भी प्रलेखीय साक्ष्य उनके पास उपलब्ध नहीं होता। स्वामित्व योजना के पूर्णरूपेण लागू हो जाने के बाद इस प्रकार की अवैध दावेदारी बंद हो जाएगी। जब सभी लोगों को उनकी भूमि से संबंधित स्वामित्व अभिलेख प्राप्त हो जाएंगे तो ग्रामीण स्तर पर भूमि को लेकर उभरनेवाले विवाद, संघर्ष और झगड़े-झंझट सब रुक जाएंगे। ग्रामीण व्यक्ति जब पूरी तरह आश्वस्त हो जाएगा कि उसकी भूमि विधिक और प्रामाणिक रूप में उसी की है तथा उसके पास इसका प्रलेखीय साक्ष्य उपलब्ध है, तो वह भूमि के स्वामित्व के आधार पर अपनी संभावित कृषि एवं व्यापार योजनाओं को साकार करने के लिए एकनिष्ठ हो सकेगा।

जिस प्रकार चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल जैसे देश हमारे देश की सीमाओं पर अतिक्रमण करने की मानसिकता से ग्रस्त हैं और आए दिन सीमाक्षेत्र की भूमि को लेकर उनके द्वारा कोई न कोई अंतर्राष्ट्रीय विवाद उत्पन्न किया ही जा रहा है, तो इस स्थिति में सीमा-क्षेत्रों की भूमि पर स्थानीय लोगों के लिए स्वामित्व अभिलेख बनाया जाना अति आवश्यक है। यदि लोगों के अधिकार वाली सीमा-क्षेत्र की भूमि का नागरिक स्वामित्व बना रहेगा, तो अन्य देशों के साथ सीमा-क्षेत्रों के विवाद की स्थिति में अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरणों में हमारा देश समुचित साक्ष्यों के साथ तैयार होगा, जो हमारे लिए हर दृष्टि से लाभकारी होगा। जैसे-जैसे देश में लोगों को उनकी भूमि का स्वामित्व शासकीय प्रमाणों व प्रलेखों के माध्यम से मिलता जाएगा, वैसे-वैसे देश में अर्थव्यवस्था एक नए दिशाबोध के साथ प्रगतिवान होगी। यह कुछ वर्षों में न केवल सकल घरेलू उत्पाद में महत्त्वपूर्ण योगदान देगी, अपितु प्रति व्यक्ति आय में भी अत्यधिक वृद्धि करेगी। इस योजना को अखिल भारतीय भूमि सुधार की वृहद नीति से भी जोड़ा जाना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।



महाकुंभ
आर. के. सिन्हा

# क्यों करोड़ों श्रद्धालु जुड़ते हैं

प्रयागराज में संगम पर महाकुंभ अपनी रौ में है। पौष पूर्णिमा पर पहला स्नान विगत 13 जनवरी को हुआ। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आ रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंच रहे हैं। क्या आप भी महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे? अगर आप जा रहे हैं, तो आप अपने को भाग्यशाली मान सकते हैं। आपको यहां कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होते हुए दिखाई देंगे। जैसे कि यज्ञ, हवन, और कीर्तन। ये अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध करते हैं और श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का अवसर देते हैं। कुंभ मेला एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है जो लोगों को भगवान के करीब लाता है। यह एक ऐसा समय है जब लोग अपने पापों से मुक्ति पा सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह आत्म-अनुशासन और त्याग के महत्व को दर्शाता है। यह एक ऐसा उत्सव है जो लाखों लोगों को एक साथ आने और अपनी आस्था को मजबूत करने का अवसर देता है। कुंभ मेले का आयोजन उन स्थानों पर होता है जहां पवित्र नदियों का संगम होता है, जैसे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयाग में। अब बात प्रयागराज और कुंभ के संबंधों की भी। प्रयाग (बहु-यज्ञ स्थल) को कहा जाता है। प्राचीन काल से ही 'तीर्थराज' के रूप में प्रसिद्ध हुआ यह संगम स्थल पर हुए अनेक यज्ञों की वजह से, जिनमें पहला यज्ञ किया सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के तत्काल बाद। यज्ञवेदी है गंगा, यमुना और गुप्त रूप से बहने वाली सरस्वती की धारा, जो इस क्षेत्र को तीन भागों में विभाजित करती है। 'पद्म पुराण' में इसकी तुलना साक्षात सूर्य से करते हुए कहा गया है कि जहां सरस्वती, यमुना और गंगा का संगम होता है, वहां स्नान करने वाले ब्रह्मपद को प्राप्त करते हैं। यह यज्ञ की महिमा ही है, जिसके कारण मान लिया गया है, कि जो प्रयाग की धरती पर पैर भी धर लेता है, उसे हर कदम पर अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। प्रयाग में लगभग 70 हजार तीर्थ उपस्थित हैं। पद्म पुराण के अनुसार अपने घर में मृत्युशय्या पर पड़ा व्यक्ति भी, यदि दूर भी रहते प्रयाग का नाम स्मरण कर ले तो ब्रह्मलोक का भागी होता है। 'मत्स्य पुराण' में कहा गया है कि युग चक्र पूर्ण होने पर जब रुद्र (शिव) पृथ्वी का विनाश करते हैं, प्रयाग तब भी नष्ट नहीं होता है, क्योंकि विष्णु वेणीमाधव, शिव अक्षय वटवृक्ष के रूप में और स्वयं ब्रह्मा छत्र में उपस्थित रहते हैं। शूलपाणि स्वयं वट की रक्षा करते हैं और यहां मृत्यु प्राप्त करने वाले को सीधे शिवलोक की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति संगम की मिट्टी का भी अपने शरीर पर स्पर्श करा लेता है, तो समस्त पापों से मुक्त हो जाता है और गंगा स्नान के बाद स्वर्ग के पुण्य का भागीदार बन जाता है। यहां यदि किसी को मृत्यु प्राप्त होती है, तो वह जन्म और मृत्यु के सांसारिक चक्र के बंधनों से मुक्त हो जाता है।

कुंभ मेला लाखों- करोड़ों लोगों को एक साथ आने का अवसर देता है। यहाँ विभिन्न साधु-संत, नागा साधु और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा मिलती है। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता का एक अद्भुत उदाहरण है। यहां विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से लोग आते हैं, जिससे विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का संगम होता है। मेले में लोक नृत्य, संगीत, कला और शिल्प का प्रदर्शन किया जाता है, जो इसे एक रंगीन उत्सव बनाता है।

अगर धर्म-कर्म स हटकर बात करें तो कुंभ मेला सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यहाँ सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोग एक साथ आते हैं और मिलकर प्रार्थना करते हैं। यह एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। कुंभ मेले के पहले दिन बड़ी संख्या में सिखों ने भी स्नान किया। इसमें आने वाले लोग कई तरह के त्याग और अनुशासन का पालन करते हैं। वे साधारण जीवन जीते हैं, जमीन पर सोते हैं और सात्विक भोजन करते हैं। यह उन्हें अपने अंदर की शांति और संयम को बढ़ाने में मदद करता है। अगर आप आएंगे तो कुंभ मेला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो लाखों लोगों को आध्यात्मिक शांति और आनंद प्रदान करता है। यह एक ऐसा पर्व है जो हिन्दू संस्कृति की विविधता और गहराई को दर्शाता है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, जब बृहस्पति कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं और सूर्य मेष राशि में होते हैं, तब पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है। यह खगोलीय संयोग इस मेले को और भी खास बना देता है। यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक और शांतिपूर्ण जमावड़ा होगा, जिसमें विभिन्न संस्कृतियों और पृष्ठभूमि के लोग एक साथ आते हैं। कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन भी नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक अनुभव भी है। यह मेला आत्म-खोज का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। देश के विभिन्न हिस्सों से लोग इसलिए भी आते हैं।

(लेखक पूर्व सांसद व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

# भरे गिलास से मंदिर की परिक्रमा



संकलित
प्रेरणा

एक महिला रोज मंदिर जाती थी एक दिन उस महिला ने पुजारी से कहा अब मैं मंदिर नही आया करूँगी इस पर पुजारी ने पूछा क्यो? तब महिला बोलीः मैं देखती हूं लोग मंदिर परिसर में अपने फोन से अपने व्यापार की बात करते हैं कुछ ने तो मंदिर को ही गपसप करने का स्थान चुन रखा है, कुछ पूजा कम पाखंड ज्यादा करते हैं। इस पर पुजारी कुछ देर तक चुप रहे फिर कहाः सही है! परंतु अपना अंतिम निर्णय लेने से पहले आप मेरे कहने से कुछ कर सकती है। महिला बोलीः आप बताइए क्या करना है। पुजारी ने कहाः एक गिलास पानी से भरकर लीजिए और 2 बार मंदिर परिसर के अंदर परिक्रमा लगाइए शर्त ये है कि गिलास का पानी गिरना नही चाहिए। महिला बोलीः में ऐसा कर सकती हूँ फिर थोड़ी ही देर में उस महिला ने ऐसा कर दिखाया। उसके बाद मंदिर के पुजारी ने महिला से 3 सवाल पूछेः 1) क्या आपने किसी को फोन पर बात करते देखा? 2) क्या आपने किसी को मंदिर मे गपसप करते देखा? 3) क्या किसी को पाखंड करते देखा? महिला बोलीः नही मैंने कुछ भी नही देखा। फिर पुजारी बोलेः जब आप परिक्रमा लगा रही थी तो आपका पूरा ध्यान गिलास पर था कि इस में से पानी न गिर जाए इसलिए आपको कुछ दिखाई नही दिया। अब जब भी आप मंदिर आए तो सिर्फ अपना ध्यान परम पिता परमात्मा में ही लगाना फिर आपको कुछ दिखाई ही नही देगा। सिर्फ भगवान ही सर्ववृत दिखाई देगा, जब ऐसा होगा तो स्वयं ही कल्पना कर लीजिएगा।

## सटाका




## आज की पाती

### शादियों में दिखावा, गरीबों के लिए मुसीबत

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए। *– महेश यादव, धमतरी*

## करंट अफेयर

# भारतीय समुदाय से जुड़े संगठन की ट्रंप को बधाई

वैश्विक भारतीय समुदाय की गैर-लाभकारी संस्था 'इंडियास्पोरा' ने सोमवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने से पहले डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी और उम्मीद जताई कि नए प्रशासन के तहत अमेरिका-भारत संबंध और प्रगाढ़ होंगे। 'इंडियास्पोरा' के संस्थापक-अध्यक्ष एमआर रंगास्वामी ने कहा, 'इंडियास्पोरा और भारतीय-अमेरिकी समुदाय की ओर से मैं अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बधाई देना चाहता हूं। मैं उम्मीद करता हूं कि अमेरिका में नए राजनीतिक माहौल में अमेरिका-भारत संबंध और प्रगाढ़ होंगे।' रंगास्वामी ने कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान दोनों पक्षों के शीर्ष सरकारी अधिकारियों ने मजबूत संबंध स्थापित किए और इस अहम द्विपक्षीय संबंध को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिका में मजबूत द्विदलीय समर्थन है।' अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रंप ने नागरिक अधिकार, राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में कई भारतीय-अमेरिकियों को नियुक्त किया है। इनमें हरमीत कौर ढिल्लों, विवेक रामास्वामी, कश पटेल, जय भट्टाचार्य और श्रीराम कृष्णन प्रमुख हैं। कार्यकारी निदेशक संजीव ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में इंडियास्पोरा का ध्यान दो प्रमुख क्षेत्रों में रहा है-प्रवासी भारतीयों की नागरिक और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाना तथा अमेरिका-भारत संबंधों को मजबूत करना।'



## ऑफ बीट

# गर्मी से थकान और लू लगने में क्या अंतर है?



गर्मी से संबंधित बीमारियां हल्की से लेकर गंभीर तक हो सकती हैं। वे अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आने से होती हैं, चाहे वह गर्म परिस्थितियों, शारीरिक परिश्रम या दोनों से हो। सबसे आम बीमारियों में शामिल हैं : गर्मी से शोथ : हाथ, पैर और टखनों में सूजन। मांसपेशियों में दर्दनाक अनैच्छिक ऐंठन जो आमतौर पर व्यायाम के बाद होती है ।अधिक गर्मी के कारण बेहोशी तक आ जाती है। यह तब होता है जब शरीर अत्यधिक पसीने के कारण पानी खो देता है, जिससे शरीर का तापमान बढ़ जाता है (लेकिन फिर भी 40 डिग्री सेल्सियस से कम)। इसके लक्षणों में सुस्ती, कमजोरी और चक्कर आना शामिल है, लेकिन चेतना या मानसिक स्पष्टता में कोई अंतर नहीं आता। लू लगना (तापघात) : जब शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो तो यह एक चिकित्सकीय आपातस्थिति होती है। इससे तंत्रिका तंत्र से संबंधित गंभीर समस्याएं हो सकती हैं, जैसे भ्रम, दौरे और बेहोशी, जिसमें कोमा भी शामिल है, फलस्वरूप मृत्यु हो सकती है। लू लगने और गर्मी से थकान के कुछ लक्षण एक जैसे होते हैं। इससे चिकित्सा पेशेवरों के लिए भी अंतर कर पाना मुश्किल हो जाता है।

## ट्रेंड

### औपनिवेशिकता से मुक्त हों



यह हास्यास्पद बात है कि अज्ञानी अपने संकीर्ण दृष्टिकोण से हमें समावेशिता के बारे में जागरूक करने की कोशिश करते रहे हैं। देश के इतिहास का पहला मसौदा उपनिवेशवादियों के विकृत दृष्टिकोण के माध्यम से आया था। हमें खुद को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करना होगा। **-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति**

### मनरेगा में यूपी प्रथम



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 100 दिन रोजगार देने में उत्तर प्रदेश ने पहला स्थान हासिल किया है। कामगारों को सरकार हुनरमंद भी बना रही है। **-केशव प्रसाद मौर्य , डिप्टी सीएम, यूपी**

### एआई का लोकतंत्रीकरण



कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में फिल्म निर्माण का लोकतंत्रीकरण करने, शिक्षा पर आधारित फिल्मों को बढ़ावा देने और कमजोर वर्गों को ध्यान में रखते हुए फिल्म उद्योग में सुधार करने की क्षमता है। विश्व आर्थिक मंच बदलाव का प्लेटफॉर्म है। **-भूमि पेडनेकर, अभिनेत्री**

### परिवार व दर्शकों को श्रेय



बिग बॉस-18 का विजेता बनने के लिए मैं अपने परिवार से लेकर अपनी मां, बहन, बहनोई, पिता तक और दर्शकों, प्रशंसकों को इसका श्रेय देना चाहूंगा। मेरे लिए यह बड़ी उपलब्धि है। **-करणवीर मेहरा, अभिनेता**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# दादा नाई, नाना मछुआरे और मां घरेलू सहायिका ऐसी है राष्ट्रपति डोनाल्ड के परिवार की कहानी



## डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में सत्ता संभाली

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में सत्ता संभाल ली है। शपथ लेते समय ट्रंप के पास एक खास निशानी थी उन्हें उनकी मां ने दी थी। इस निशानी के बारे में हम आपको बाद में बताएंगे लेकिन उससे पहले यह जान लीजिए कि शपथ ग्रहण के खास मौके पर ट्रंप का पूरा परिवार मौजूद था। पत्नी मेलानिया ट्रंप, बेटी इवांका ट्रंप के अलावा बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और एरिक ट्रंप भी मौजूद रहे ट्रंप को आज पूरी दुनिया जानती है लेकिन उनके परिवार के बारे में बहुत कम लोगों को ही पता होगा। तो चलिए हम आपको ट्रंप के परिवार की कहानी बताते हैं जो अपने आप में बेहद दिल्चस्प है। शुरुआत डोनाल्ड ट्रंप के जन्म से करते हैं।

*डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने*

*ट्रंप इससे पहले 2016 में अमेरिकी प्रेसीडेंट बने थे*

*ट्रंप का परिवार 2000 से 2024 तक बदल गया है*

*ट्रंप का जन्म न्यूयॉर्क में 14 जून 1946 को हुआ था*

### 1946 में हुआ ट्रंप का जन्म

डोनाल्ड ट्रंप का जन्म न्यूयॉर्क में 14 जून 1946 को एक अमीर परिवार में हुआ था। उनकी मां का नाम मैरी ऐनी मैकलियोड ट्रंप और पिता फ्रेडरिक क्राइस्ट ट्रंप था। ट्रंप की मां स्कॉटलैंड में पैदा हुई थीं और 1930 में प्रवासी के तौर पर अमेरिका आई थीं। उनके पिता का जन्म न्यूयॉर्क शहर में हुआ था जो जर्मन अप्रवासियों के बेटे थे। पिता डोनाल्ड फ्रेडरिक सी ट्रंप न्यूयॉर्क के एक रियल एस्टेट डेवलपर और व्यवसायी थे और मां मैरी ए मैकलियोड शादी से पहले एक घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थीं।

### दादा-दादी जर्मन नाई तो नाना-नानी थे मछुआरे

डोनाल्ड ट्रंप के दादा का नाम फ्रेडरिक ट्रंप और दादी का नाम एलिजाबेथ क्राइस्ट ट्रंप था। फ्रेडरिक का जन्म जर्मनी में हुआ था और उन्होंने न्यूयॉर्क में ट्रंप परिवार के रियल एस्टेट कारोबार की बुनियाद रखी थी। उनकी मौत के बाद एलिजाबेथ क्राइस्ट ट्रंप ने उनका कामकाज संभाला था। डोनाल्ड ट्रंप के नाना और नानी स्कॉटलैंड में मछुआरे थे। उनके नाना का नाम मैल्कम मैकलियोड और नानी का नाम मैरी मैकलियोड था।

### ट्रंप के भाई-बहन

ट्रंप कुल पांच भाई-बहन हैं। उनके भाई-बहनों के नाम मैरीएन ट्रंप, फ्रेडरिक सी ट्रंप जूनियर, एलिजाबेथ जे ट्रंप और रॉबर्ट एस ट्रंप हैं। डोनाल्ड की एकमात्र जीवित बहन एलिजाबेथ हैं। उनके भाई फ्रेड एक एयरलाइन पायलट रहे और 1981 में शराब की लत से उनकी मृत्यु हो गई। वहीं रॉबर्ट ट्रंप का 2020 में निधन हो गया था। मैरीएन ट्रंप संघीय न्यायाधीश रही हैं।

### ट्रंप ने की हैं तीन शादियां

डोनाल्ड की पहली शादी इवाना ट्रंप से हुई थी। वह चेक-अमेरिकी मॉडल और कारोबारी थीं। डोनाल्ड ट्रंप की इवाना से शादी 1977 से 1992 तक चली। इस दौरान उनके तीन बच्चे हुए। जिनके नाम डोनाल्ड जूनियर, एरिक और इवांका हैं। इवाना की 2022 में मौत हो गई थी। डोनाल्ड ट्रंप की दूसरी पत्नी एक्ट्रेस और मॉडल मार्ला मेपल्स थीं। इस शादी से डोनाल्ड की एक बेटी हुई जिसका नाम टिफनी ट्रंप है। डोनाल्ड की यह शादी 1993 से 1999 तक चली। डोनाल्ड ट्रंप की तीसरी और आखिरी शादी मेलानिया ट्रंप से 2005 में हुई थी। मेलानिया ट्रंप पूर्व फैशन मॉडल हैं और इस शादी के



### डोनाल्ड के पांच बच्चे हैं

ट्रंप के पांच बच्चे हैं जिनमें से सबसे बड़े बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर अक्सर अपने पिता के साथ दिखाई देते हैं। डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ट्रंप आर्गेनाइजेशन के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट हैं और वह अपने पिता का राजनीतिक काम देखने के अलावा परिवार का कारोबार भी संभालते हैं। डोनाल्ड की बड़ी बेटी इवांका ट्रंप हैं। इवांका मॉडल रह चुकी हैं और डोनाल्ड ट्रंप के पहली बार राष्ट्रपति बनने के दौरान वह व्हाइट हाउस में सलाहकार के रूप में भी काम कर चुकी हैं। उनके तीन बच्चे हैं। इवांका के पति जेरेड कुशनर ट्रंप प्रशासन में वरिष्ठ सलाहकार रह चुके हैं।

### एक नजर व्हाइट हाउस पर

- **ग्राउंड फ्लोर** – 10 कमरे, जिसमें सेवा क्षेत्र शामिल हैं
- **पहला फ्लोर** – इसमें राष्ट्रपति भवन से जुड़े कई आफिस हैं और आधिकारिक मनोरंजन के लिए 8 कमरे
- **दूसरी मंजिल** – इस फ्लोर पर मुख्य रूप से प्रेसीडेंट और उनका परिवार रहता है, इसमें 16 कमरे. इसी मंजिल में व्हाइट हाउस मास्टर बेडरूम, येलो ओवल रूम और अतिरिक्त बेडरूम जैसे प्रमुख कमरे हैं।
- **तीसरी मंजिल**– 20 कमरे, इसका इस्तेमाल अतिथियों और प्रेसीडेंट से ही जुड़े कामों के लिए होता है
- इसके अलावा ऊपर तीन मंजिल और हैं। जो सुरक्षा और अन्य कामों में इस्तेमाल होते हैं।
- इसके अलावा इसमें 412 दरवाजे, 147 खिड़कियां, 28 फायरप्लेस और 8 सीढ़ियां हैं।
- व्हाइट हाउस का रसोईघर 140 अतिथियों को रात का भोजन और 1,000 से अधिक अतिथियों को नाश्ते की व्यवस्था कर सकता है।
- व्हाइट हाउस को बाहर से पूरा पेंट करने के लिए 570 गैलन पेंट की जरूरत होती है।

### राजनीति में चमकी किस्मत

मजेदार बात यह है कि, ट्रंप ने मनोरंजन उद्योग में भी अपना कारोबार बढ़ाया। इसी दौरान उनका एक रियलिटी टेलीविजन शो 'द अप्रेंटिस' खूब मशहूर हुआ। यह शो 2004 से 2015 तक एक चैनल पर खूब चला जिसमें ट्रंप ने खुद किरदार निभाया। इस शो ने ट्रंप को अमेरिकी दर्शकों तक पहुंचने में मदद की। नवंबर 2016 में डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति चुने गए। फिर 2020 में वह जो बाइडेन के सामने चुनाव हार गए लेकिन 2024 में कमला हैरिस को हराकर वापसी की। यहां आपको हम यह भी बता दें कि शपथ ग्रहण के समय ट्रंप के साथ जो निशानी होगी वह उन्हें उनकी मां ने दी थी। डोनाल्ड ट्रंप की मां ने 1955 में न्यूयॉर्क के जमैका में उनको बाइबल दी थी। उस समय डोनाल्ड ट्रंप फर्स्ट प्रेस्बिटेरियन चर्च में प्राइमरी स्कूल की पढ़ाई कर रहे थे। उन्होंने तब से अपनी मां से मिली इस बाइबल को संभाल कर रखा है।

### व्हाइट हाउस में क्या-क्या सुविधाएं मिलेंगी

ट्रंप सत्ता संभालते ही वह अगले चार सालों तक व्हाइट हाउस उनके नाम रहेगा। वैसे तो कमरों के हिसाब से भारत का राष्ट्रपति भवन किसी लोकतांत्रिक देश के प्रेसीडेंट का सबसे बड़ा आवास है। इसमें 384 कमरे हैं। हालांकि ब्रुनेई के शासक तो जिस महल में रहते हैं उसमें 1788 कमरे हैं।

**राष्ट्रपति 16 कमरों का इस्तेमाल करते हैं:** हालांकि भव्यता, तकनीक, सुरक्षा और ऐशोआराम के लिहाज से अमेरिका के व्हाइट हाउस का कोई जवाब ही नहीं। इसमें कुल 132 कमरे हैं। ये छह मंजिला है। हालांकि राष्ट्रपति इसमें दूसरी मंजिल पर रहते हैं और 16 कमरों का इस्तेमाल करते हैं।

### 24 घंटे चलती है रसोई, 35 बाथरूम

व्हाइट हाउस के कई आफिस भी हैं, जो राष्ट्रपति से कामों से ही संबंधित हैं. व्हाइट हाउस में जिस फ्लोर पर राष्ट्रपति रहते हैं, उस पर उनकी एक अपनी रसोई है लेकिन इस लंबे चौड़े भवन में एक मुख्य रसोई भी है, जो राष्ट्रपति और उनके मेहमानों के लिए ही भोजन और खानपान तैयार करती है। ये 24 घंटे चलने वाली रसोई है। व्हाइट हाउस में 35 बाथरूम है।

### अमेरिका में इसे इनॉग्रेशन डे यानी अनावरण दिवस भी कहा जाता है

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक भव्य शपथग्रहण समारोह में देश के 47वें राष्ट्रपति के पद पर सत्ता संभाली। अमेरिका में इसे इनॉग्रेशन डे यानी अनावरण दिवस भी कहा जाता है। अमेरिका के इतिहास में इस आधिकारिक दिन की अपनी अलग मान्यता है। शपथग्रहण के दिन एक जश्न परेड से लेकर नाच-गाने के लिए आयोजन तक, शपथग्रहण का मौका अमेरिका में एक बड़ा आयोजन बन जाता है। इसी दिन राष्ट्रपति के साथ उपराष्ट्रपति का भी शपथग्रहण हुआ।

### बचपन में उग्र स्वभाव के थे ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप के माता-पिता ने उन्हें 13 वर्ष की आयु में न्यूयॉर्क शहर में स्थित न्यूयॉर्क मिलिट्री अकादमी में दाखिला दिलाया था। डोनाल्ड ट्रंप के पिता ने एक बार उनके बचपन को याद करते हुए बताया था, 'जब वह छोटे थे, तो वह बहुत ही उग्र स्वभाव के थे।' ट्रंप ने कॉलेज में दाखिला लेते समय ही अपना व्यवसायिक करियर शुरू कर दिया था। 1968 में अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद वो न्यूयॉर्क लौट आए और अपने पिता के कारोबार में पूरी तरह से शामिल हो गए। 1970 के दशक में ट्रंप ने न्यूयॉर्क शहर के बाहर वर्जीनिया, ओहियो, नेवादा और कैलिफोर्निया जैसे स्थानों में संपत्तियां खरीदकर कारोबार बढ़ाने में मदद की।

### व्हाइट हाउस में कुल कितने नौकर-चाकर

व्हाइट हाउस में कुल मिलाकर ऑफिसों और प्रबंधन से जुड़े कामों के लिए लगभग 474 कर्मचारी करते हैं। इसमें करीब 90 घरेलू कर्मचारी हैं, जो व्हाइट हाउस के विभिन्न सफाई और रखरखाव कामों के लिए जिम्मेदार हैं. इस स्टाफ में बटलर, शेफ, हाउसकीपर, फूलवाले, इलेक्ट्रीशियन और अन्य आवश्यक कर्मचारी शामिल हैं, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि निवास अच्छी तरह से बनाए रखा जाए और सुचारू रूप से संचालित हो।



### नए राष्ट्रपति को हर चीज करीने से मिलती है

5 घंटों में भवन से पुराने राष्ट्रपति का सामान हटता है और नए राष्ट्रपति का सामान आता है। ये ऐसा नहीं है, जैसे आमतौर पर हम अपने घरों की शिफ्टिंग के दौरान करते हैं कि शिफ्ट होने के बाद बक्से खोलकर सामान निकाला और जमाया जाता है। वाइट हाउस में तैयारी ऐसी होती है कि नया राष्ट्रपति आए तो उसे अपनी किताबों और कपड़ों से लेकर टूथब्रश भी जगह पर मिले। हरेक सामान नए राष्ट्रपति की पसंद और जरूरत को देखते हुए रखा जाता है। यानी ये प्रक्रिया काफी लंबी-चौड़ी है।

---

## खबर संक्षेप

### आतंकवादियों से मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सोपोर इलाके में आतंकवादियों के साथ रात भर चली मुठभेड़ में भारतीय सेना का एक जवान शहीद हो गया। सेना के अधिकारी ने बताया कि जालूरा गुज्जरपति में दो दिनों से फायरिंग चल रही है। आतंकियों के ठिकाने पर सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। इसके बाद आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

### इजराइल ने 90 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया



**तेल अवीव/ रामल्ला।** इजराइल-हमास के बीच बीते 15 महीनों से जारी जंग रविवार, 19 जनवरी को थम गई है। इजराइल ने सीजफायर के पहले दिन 90 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। इससे पहले हमास ने भी इजराइल की 3 महिला बंधकों को रिहा किया था। बंधकों की वापसी पर इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि पूरा देश आपको गले लगा रहा है।

## राजनाथ ने कैडेटों और अधिकारियों को संबोधित किया

# रक्षा मंत्री ने एनसीसी कैडेट्स में भरा जोश, कहा 2047 तक विकसित भारत बनाने में दें योगदान

*दिल्ली छावनी में गणतंत्र दिवस को लेकर चल रहे राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के शिविर के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मुझे एनसीसी कैडेटों में भारत की छवि नजर आती है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को एनसीसी कैडेट्स में जोश भरा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एनसीसी कैडेट रहे हैं। पीएम मोदी ने विकसित भारत बनाने लक्ष्य तय किया है। कैडेट्स को उनके लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करना चाहिए। रक्षा मंत्री ने एनसीसी कैडेट्स से भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने के लिए कहा।

दिल्ली छावनी में गणतंत्र दिवस को लेकर चल रहे राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के शिविर के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैडेटों और अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुझे एनसीसी कैडेटों में भारत की छवि नजर आती है। एनसीसी कैडेट के अनुशासन और एकता की रक्षा मंत्री ने सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत में शरीर अनेक हैं, पर आत्मा एक है। शाखाएं अनेक हैं मगर जड़ एक है। किरणें अनेक हैं, मगर प्रकाश एक है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि राजनीति में आने से पहले वह स्वयं एक छात्र, एनसीसी के कैडेट और भौतिकी के शिक्षक थे। कैडेटों की ऊर्जा और उत्साह दर्शाता है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है और होगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि एनसीसी युवाओं में नेतृत्व की गुणवत्ता और अनुशासन को बढ़ावा देती है।

*वार्षिक कार्यक्रम में 917 बालिका कैडेट भी भाग ले रही हैं*

*एनसीसी कैडेटों में भारत की छवि नजर आती है*

*शिविर 27 जनवरी को पीएम की रैली के साथ समाप्त होगा*



### गणतंत्र दिवस शिविर में भाग ले रहे 2361 कैडेट

दिल्ली छावनी में 30 दिसंबर से चले गणतंत्र दिवस शिविर में देश भर से कुल 2,361 एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं। यह शिविर 27 जनवरी को प्रधानमंत्री की रैली के साथ समाप्त होगा। इस वार्षिक कार्यक्रम में 917 बालिका कैडेट भी भाग ले रही हैं।

### गणतंत्र दिवस समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति होंगे मुख्य अतिथि

*इस साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर प्रबोवो 25 और 26 जनवरी को भारत में रहेंगे। पहले खबर थी कि प्रबोवो भारत के बाद पाकिस्तान के दौरे पर जाने वाले हैं। हालांकि अब इंडोनेशियाई राष्ट्रपति पाकिस्तान नहीं जाकर मलेशिया की यात्रा करने वाले हैं।*

## भारत का लक्ष्य परमाणु पनडुब्बी बेस के साथ चीन का मुकाबला करना

# चीनी पनडुब्बियों की गला घोंटने की तैयारी भारत के 'कार निकोबार प्लान' से डरा चीन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साल 2014 की बात है, जब भारत उस वक्त चौंक गया, जब एक चीनी सोंग-क्लास डीजल इलेक्ट्रिक अटैक पनडुब्बी हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में दिखाई दी और श्रीलंका में डॉक की गई। इस घटना ने भारत की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी, क्योंकि इस घटना ने हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी हाइड्रोग्राफिक जहाजों और चीनी पनडुब्बियों की लगातार घुसपैठ को लेकर भारत के सामने सवाल खड़े कर दिए, कि अब क्या किया जाए।

और उसके बाद से ही भारत ने हिंद महासागर को चीनी घुसपैठ से सुरक्षित करने के लिए प्लान बनाना शुरू किया और भारत, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अपनी सैन्य क्षमता का निर्माण कर रहा है।



### भारत-चीन के व्यापार को बंद कर सकता है

मलक्का जलडमरूमध्य वो क्षेत्र है, जिसे चीनी पनडुब्बियों से लेकर चीनी जहाजों के लिए चोक प्वाइंट, यानि गला घोंटने वाला स्थान कहा जाता है और ये क्षेत्र, भारत के डायरेक्ट निशाने पर होता है। युद्ध की स्थिति में, भारत मलक्का स्ट्रेट को ब्लॉक कर चीन के व्यापार को ही बंद कर सकता है। लिहाजा, मलक्का जलडमरूमध्य हमेशा से चीन को डराता है। लेटेस्ट सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है, कि भारत, रणनीतिक रूप से स्थित कार निकोबार एयर बेस पर महत्वपूर्ण क्षमता की वृद्धि कर रहा है।

### एक नजर भारत की शक्ति पर

- भारत रनवे की लंबाई और चौड़ाई बढ़ाकर अपनी ऑपरेशनल शक्ति को बढ़ा रहा है।
- भारतीय और प्रशांत महासागर के संगम पर स्थित, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को दुनिया की सबसे रणनीतिक रूप से स्थित द्वीप श्रृंखलाओं में से एक कहा जाता है।
- भारत 10 साल के बुनियादी ढांचे के विकास के हिस्से के रूप में द्वीपों की सैन्य संपत्ति विकसित कर रही है। भारतीय वायु सेना के लड़ाकू जेट जगुआर मैरीटाइम स्ट्राइक एयरक्राफ्ट और सुखोई -30 एमकेआई को कुछ समय के लिए कार्निकोबार में तैनात किया गया है।

## औपनिवेशिक काल में ब्रिटिश अमीरों की चांदी

# ऑक्सफैम की रिपोर्ट में भारत को लेकर दावा, ब्रिटेन के 10 प्रतिशत लोगों ने भारत से 33.8 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति लूटी

एजेंसी ▶▶ डिब्रूगढ़ टाउन

ब्रिटेन ने 1765 से 1900 के बीच उपनिवेशवाद के दौरान भारत से 64.82 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर निकाले, जिनमें से 33.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर सबसे अमीर 10 प्रतिशत के पास गए – यह इतनी राशि थी कि लंदन में 50 ब्रिटिश पाउंड के नोटों के रूप में लगभग चार बार बिक सकते थे। यह रिपोर्ट अधिकार समूह ऑक्सफैम इंटरनेशनल की नवीनतम प्रमुख वैश्विक असमानता रिपोर्ट का हिस्सा है, जो हर साल विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के पहले दिन जारी की जाती है।

रिपोर्ट के अनुसार ब्रिटेन में आज सबसे अमीर लोगों की एक बड़ी संख्या अपने परिवार की संपत्ति का श्रेय गुलामी और उपनिवेशवाद को देती है, विशेष रूप से गुलामी समाप्त होने पर उनके मालिकों को दिए गए मुआवजे से उन्हें बड़ी आय हुई थी। आधुनिक बहुराष्ट्रीय निगम उपनिवेशवाद की देन है।



### अरबपतियों की संपत्ति में 2 ट्रिलियन डॉलर की वृद्धि हुई

*2024 में वैश्विक स्तर पर कुल अरबपतियों की संपत्ति में 2 ट्रिलियन डॉलर की वृद्धि हुई, जिसमें 204 नए अरबपति बने। यह प्रति सप्ताह लगभग चार नए अरबपतियों का औसत है। कुल अरबपतियों की संपत्ति 2023 की तुलना में 2024 में तीन गुना तेजी से बढ़ी। प्रत्येक अरबपति की संपत्ति में औसतन प्रतिदिन 2 मिलियन डॉलर की वृद्धि हुई। रिपोर्ट में बताया गया है कि सबसे अमीर 10 अरबपतियों की संपत्ति में औसतन प्रतिदिन 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई है।*

### रिपोर्ट के निष्कर्षों से पता चला

रिपोर्ट में कहा गया है कि 1750 में, भारतीय उपमहाद्वीप में वैश्विक औद्योगिक उत्पादन का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा था। हालांकि, 1900 तक यह आंकड़ा तेजी से घटकर मात्र 2 प्रतिशत रह गया था। रिपोर्ट के निष्कर्षों से पता चलता है कि इस नाटकीय कमी का श्रेय ब्रिटेन द्वारा एशियाई वस्त्रों के खिलाफ सख्त संरक्षणवादी नीतियों के कार्यान्वयन को दिया जा सकता है।

## गणतंत्र दिवस की तैयारी...



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैंट के 61 कैवलरी ग्राउंड में गणतंत्र दिवस शिविर के एनसीसी कैडेट्स ने 'हॉर्स शो' में दिखाए घुड़सवारी के करतब।

**खबर संक्षेप**

## पर्वतारोही सौरभ कुशवाहा 26 जनवरी को उत्तराखंड केदरकांठा पर लहराएंगे तिरंगा



**जबलपुर।** जबलपुर से पर्वतारोही सौरभ कुशवाहा टीम लीडर व उनके साथ 9 प्रतिभागी इस अभियान में अन्य शहर जिलों से शामिल होंगे जो की उत्तराखंड व केदरकांठा 12500 फीट पर 26 जनवरी को भारत देश का राष्ट्रीय ध्वज लहराएंगे। सौरभ का कहना है कि वह अपनी टीम के साथ 21 जनवरी को सुबह 6:00 बजे जबलपुर रेलवे स्टेशन से रवाना होंगे और दिल्ली से होते हुए उत्तराखंड देहरादून से कोट गांव संकरी से ट्रैक करते हुए माउंट केदरकांठा 26 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराएंगे इस टीम में मेघना लोधी, अंजलि चक्रवर्ती, मोहिनी विश्वकर्मा, विपुल जिउत राजभर, माही शर्मा, देवेश चौधरी, प्रभा और नीलम सोनी शामिल हैं, सौरभ इससे पहले भी बड़े-बड़े अचीवमेंट कर चुके हैं और अक्टूबर माह 2024 में जबलपुर की गर्ल्स महिला टीम भृगु लेक हिमाचल प्रदेश 14500 फीट की ऊंचाई में जाकर भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराकर और साथ ही साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए जबलपुर संस्कारधानी की प्रथम गर्ल्स टीम बनाने में भूमिका भी निभाई थी।

## थायरॉइड जागरूकता माह लक्षणों को पहचानें, बीमारी का समाधान खोजें : डॉ. जयेश तिमाने



**जबलपुर।** डॉ. जयेश तिमाने कंसल्टेंट इंटरनल मेडिसिन, वोकहार्ट हॉस्पियल्स नागपुर ने थायरॉइड रोगों को समझाते हुए बताया कि थायरॉइड एक तितली के आकार की ग्रंथि है, जो गले के सामने स्थित होती है। यह ग्रंथि हार्मोन का उत्पादन करती है, जो शरीर के विभिन्न कार्यों जैसे चयापचय (मेटाबॉलिज्म), विकास और ऊर्जा स्तर को नियंत्रित करते हैं। थायरॉइड रोग सामान्य हैं और हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं। ये पुरुषों और महिलाओं दोनों को प्रभावित करते हैं, हालांकि महिलाएं अधिक प्रभावित होती हैं। थायरॉइड के मुख्य रोगों में हाइपोथायरायडिज्म, हाइपर थायरायडिज्म, थायरॉइड कैंसर, ग्वाइटर (गलगंड) और थायरॉइडाइटिस शामिल हैं। इन स्थितियों, उनके लक्षणों और उपचार को समझना प्रभावी इलाज के लिए आवश्यक है।
थायरॉइड रोग विभिन्न कारणों, लक्षणों और उपचारों के साथ आते हैं। सही निदान और समय पर उपचार से इन रोगों को नियंत्रित किया जा सकता है। वजन, ऊर्जा स्तर, या मूड में कोई अस्पष्ट बदलाव महसूस होने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श करें और अपने थायरॉइड स्वास्थ्य का प्रबंधन करें।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं के विक्रय हेतु किसानों का पंजीयन शुरू

**जबलपुर।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जिले में किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया 20 जनवरी से प्रारंभ हो गई है। समर्थन मूल्य पर गेहूं के विक्रय हेतु किसान अपना पंजीयन 31 मार्च तक करा सकेंगे। जिले में किसानों के लिये पंजीयन की सहज और सुगम बनाया गया है। कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा के अनुसार किसान अपना पंजीयन एमपी किसान एप पर स्वयं के मोबाइल से घर बैठे कर सकते हैं। किसानों द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र तथा सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं में भी पंजीयन कराया जा सकेगा।



# नियुक्ति पत्र पाकर खिले अनुकंपा आवेदकों के चेहरे

**जबलपुर।** महापौर कार्यालय में नगर निगम के दिवंगत 7 कर्मचारियों के परिवारों के चेहरे खिल उठे, जब उन्हें महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश और गुलदस्ते दिए गए। महापौर ने सभी परिजनों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि नगर निगम एक बहुत अच्छी संस्था है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी लोग ईमानदारी से काम करेंगे और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। महापौर ने जिन 7 परिवारों को अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश दिए, उनमें सुश्री अनु कुर्मी (पिता स्व. राजेश पटैल), आरिफ अहमद (पिता स्व. अकील अहमद), शुभम खरे (पिता स्व. मुन्ना), आशीष बाबू राना (पिता स्व. शिवराज), सुमित कनवजिया (पिता स्व. मुकेश), अभिषेक समुन्द्रे (पिता स्व. राजेश), और श्रीमती एस्तर (पति स्व. प्रभुदास) शामिल हैं। महापौर ने इन सभी को शुभकामनाएं दीं और उन्हें ईमानदारी से काम करने की समझाईश दी। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने भी अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त करने वाले परिवारों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें ईमानदारी से कार्य करने का निर्देश दिया।

# बड़ी महाकाली में सुंदरकांड आज, भंडारा कल

**जबलपुर।**



श्री वृहत महाकाली महोत्सव समिति के तत्वावधान में आज 21 जनवरी मंगलवार को कालीधाम गढ़ाफाटक स्थित मंदिर प्रांगण में रात्रि 8 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। वहीं कल 22 बुधवार को विशाल भोजन भंडारे का आयोजन किया गया। समिति की ओर से बताया गया है कि अयोध्या में भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के 22 जनवरी को एक साल पूरे होने पर यह धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को मंदिर प्रांगण में रात्रि 8 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। पाठ के समापन के उपरांत अगले दिन 22 जनवरी बुधवार को दोपहर 1 बजे से भोजन प्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महाकाली समिति द्वारा उत्सव की तैयारियां धूमधाम से की जा रही है। इस अवसर मंदिर में साज सज्जा की गई है साथ ही 22 जनवरी को दीप प्रज्वलित कर दीप उत्सव भी मनाया जाएगा और मंदिर में पूजा अर्चना की जायेगी। श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने और प्रसादी ग्रहण करने की अपील समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने श्रद्धालुओं से की है।

## शीतलहर से राहत, आज से होगी पारे में बढ़ोतरी

**जबलपुर।** इस सप्ताह शीतलहर नहीं चलेगी। पूर्वी हिस्से यानी जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में रात के टेम्प्रेचर में गिरावट जारी रहेगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, बर्फीली हवा की वजह से प्रदेश में ठंड का असर है। खासकर पूर्वी हिस्से में रात के तापमान में ज्यादा गिरावट हो रही है। रविवार को जेट स्ट्रीम हवा 240 किमी प्रतिघंटा से चली। सोमवार को भी ऐसा ही मौसम बना रहने का अनुमान है।

# मुस्कान अभियान ने 500 लोगों को गर्म कपड़े बांटे



**जबलपुर।** शहर की 6 कालोनियों में रहने वालों की मदद चल रहे एक कपड़ा एक मुस्कान अभियान में अब तक 500 से अधिक जरुरतमंद लोगों को गर्म कपड़े एकत्रित कर वितरित किए गए। इस अभियान की शुरुआत एमआर कोठारी द्वारा की गई। विगत कम समय से इस मुहिम के तहत कपड़ों के सभी डोनर को संस्था की ओर से गिफ्ट वाउचर प्रदान किये गये। इससे उन्हें और भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अभियान में शुभम रेजीडेंसी बिलहरी, राजुल अपार्टमेंट, मदन महल, कुचैनी परिसर दमोह नाका, विशाल शिव पार्क, विजय नगर, शंभू श्री अपार्टमेंट विजय नगर के साथ साथ अन्य संगठन भी शामिल हुए। लोगों से इस मुहिम में जुड़ने की अपील की गई है।

## मानकुंवर बाई कॉलेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन, प्रगति मेला प्रारंभ

**जबलपुर।** शासकीय महाविद्यालय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य महिला महाविद्यालय में 20 जनवरी से वार्षिक स्नेह सम्मेलन "उमंग परंपरा एवं प्रगति मेला" की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा दीप प्रज्वलन और फूलमालाओं से पूजन अर्चन कर छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रथम दिवस काव्यपाठ और रचनात्मक लेखन का आयोजन हिन्दी विभाग द्वारा किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आज के कार्यक्रम में डॉ. रश्मि चौबे, डॉ. नीना उपाध्याय, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी, डॉ. सुनीता चंदेल, डॉ. सपना चौहान, डॉ. बीएल आर्मो, डॉ. अजय तिवारी, डॉ. ज्योति जाट का सहयोग रहा।

# 150 धार्मिक सामाजिक संस्थाएं श्रीरामनवमीं शोभायात्रा में होंगी शामिल

**जबलपुर।**



श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान एवं श्री राममंदिर के नेतृत्व में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम प्राकट्योत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें 150 धार्मिक सामाजिक संस्थाएं श्री रामनवमीं शोभायात्रा में लेंगी जिसकी तैयारियों हेतु प्रथम बैठक श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर रतन नगर में मंदिर के अध्यक्ष विजय चौधरी एवं श्री सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी की संयुक्त अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ प्रथम आराध्य श्री सुप्तेश्वर गणेश भगवान एवं श्रीराम जी का पूजन कर किया गया। इस अवसर पर श्याम साहनी, विजय चौधरी, गुलशन मखीजा, प्रवेश खेड़ा, अनिल सिंह, सीमा सिंह, मनोज शर्मा, पप्पन मिश्रा, विष्णु पटेल, विद्येश भापकर, ने अपने विचार रखे। बैठक का संचालन महासभा के संयोजक प्रवेश खेड़ा एवं आभार विष्णु पटेल द्वारा व्यक्त किया गया।



## 14 कचरा गाड़ी को महापौर ने दिखाई हरी झण्डी

**जबलपुर।** नगर निगम परिसर में आज दोपहर 12 कचरा इकट्ठा करने वाले नई और 2 बड़ी गाड़ियां कम्पनी डिलेवरी की गई। मालूम हो कि इन वाहनों के द्वारा घर-घर कचरा इकट्ठा करने भेजा जाता है, वाहनों को महापौर जगत बहादुर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह सभी कचरा वाहन विभिन्न वार्डों में जाकर कचरा कलेक्शन का कार्य करेंगे। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, निगमायुक्त प्रीति यादव सहित अन्य अधिकारी और पार्षद उपस्थित थे।

## डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड में रोड निर्माण से क्षेत्रीयजनों में खुशी की लहर



**जबलपुर।** डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड में पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने बताया कि जाकिर हुसैन वार्ड की सबसे बड़ी रोड काजी मेडीकल उस्मान गनी से अंसार नगर उचुआ चौक तक रोड निर्माण पार्षद की अनुशंसा व नगर निगम से कराया गया। इस रोड निर्माण से सम्पूर्ण अंसारी समाज व क्षेत्रीयजन बेहद खुश हैं। इस रोड निर्माण से घनी आबादी को काफी अरसे बाद जाम से राहत मिलेगी। पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने बताया कि जल्द ही वार्ड को एक संजीवनी क्लीनिक और महिला गार्डन का उपहार दिया जाएगा। याकूब अंसारी ने इस मौके पर पूर्व विधानसभा विधायक लखन घनघोरिया एवं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, आयुक्त नगर निगम के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पुलिस कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा की शोभायात्रा आज

**जबलपुर।**

श्री सदगुरुदेव सेवा समिति पुलिस कॉलोनी गढ़ा के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा की भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा आज निकलेगी। कथा मनीषी श्रीधाम वृंदावन के स्वामी रामप्रपन्नाचार्य जी महाराज का आज सड़क मार्ग से आगमन हो रहा है। महाराज जी के पावन सानिध्य में आज 21 जनवरी को रामायण मंदिर सूपाताल से दोपहर 2:00 बजे भव्य एवं दिव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो देवताल, चिकनी कुआं, गढ़ा बाजार, पंडा मढ़िया, त्रिपुरी चौक होते हुए कथा स्थल पुलिस कॉलोनी में समाप्त होगी। जहां व्यास पीठ के पूजन अर्चन पश्चात स्वामी राम प्रपन्नाचार्य महाराज श्रीमद् भागवत कथा की मीमांसा करेंगे। आयोजन समिति के राजेश पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से



शाम 6:00 तक होगी, हवन एवं भंडारा 29 जनवरी को होगा। आयोजन समिति के डॉक्टर टी.एस . चौहान, डॉक्टर अजय फौजदार, एडवोकेट अमोल सिंह राजपूत, डॉ. अरुण मिश्रा, दीपांशु शुक्ला, जवाहर पटेल, भानु प्रताप सिंह, गोविंद मेहरा, विनीत टहनगुरिया, नारायण पटेल, राजेश तिवारी, राजकुमार तिवारी, जीके हांडा ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।



## नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर सम्मानित

**जबलपुर।** संस्कारधानी के नव नियुक्त नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर का पूर्व महापौर, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि भाजपा ने नगर अध्यक्ष का पद हमें दिया है उसे मैं पूरी जिम्मेदारी से निभाने संकल्पित हूं और सभी जनप्रतिनिधियों से मिलकर निर्वाह करता रहूंगा। जबलपुर के हर बूथ को मजबूत करने का काम करूंगा।

**सभी धर्मगुरुओं ने ईश्वर के प्रति आस्था प्रकट की**

# जमाअत ए इस्लामी हिंद की जबलपुर शाखा ने आयोजित की संगोष्ठी

**जबलपुर।**

गोहलपुर ईदगाह कंपाउंड में जमाअत ए इस्लामी हिंद, की जबलपुर शाखा द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन विभिन्न धर्मों में ईश्वर की परिकल्पना के विषय पर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दिल्ली से पधारे एस अमीनुल हसन (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जमाअत ए इस्लामी) तथा अतिथि एडवोकेट



ओपी यादव, राजेश राव, डॉक्टर वीके पटेल, एंड्रीस सोनी, सैयद अहमद अली, सरदार गुरमीत सिंह आदि विभिन्न धर्म के धर्मगुरु तथा प्रचारक उपस्थित रहे। जमाअत ए इस्लामी हिंद के जबलपुर शहर अध्यक्ष गुलाम रसूल अंसारी ने सभी अतिथिगणों और श्रोतागणों का स्वागत करते हुए आज इस विशेष विषय पर अपनी बात रखी, जिसमें उन्होंने कहा कि सारे मानव आदम की संतान हैं एक दूसरे के भाई हैं इसलिए धार्मिक जातिगत भाषागत भिन्नता होने के बाद भी हम सब को एक दूसरे के धर्म का आधार और सम्मान करना चाहिए तथा हर तरह की कटूता देवेश की भावना को दूर करना चाहिए एक दूसरे से संवाद स्थापित करना चाहिए जिससे कि हमारे बीच आपसी गलतफहमियों का निवारण हो सके आखिर में आपने इस तरह के आयोजन शहर के विभिन्न स्थानों में होते रहना चाहिए इस पर जोर दिया। इस सफल संगोष्ठी के आयोजन में कार्यकर्ताओं ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया जिसमें मुख्य रूप से शकील अहमद, इफ्तिखार इकबाल, इरफान वकार, लियाकत राशीद शाहनवाज फैसल, जोहेब अरशद, शफीक इश्तियाक, सोहेल एहतेशाम, उल हक ईदैन नौशाद उमर फारूक, अयाज आदि उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मेरा बस चले तों मैं...

राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न जिम्मेदारियां देने के मुद्दे पर डॉ. यादव ने कहा कि ये तो पीएम मोदी का भरोसा है। उनका जो भी आदेश होता है हम एक सिपाही के तौर पर अमल करते हैं। वो काम के आधार पर मूल्यांकन करते हैं और जिम्मेदारी सौंपते हैं। **डॉ. यादव से हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी विशेष कार्यक्रम 'सार्थक संवाद' में चर्चा कर रहे थे। उनसे पूरी बातचीत**

### सवाल : आप बहुत तेज ...

इसके अलावा हुकुमचंद मिल के श्रमिकों का भुगतान बीते 30 सालों से लंबित था। उनका भुगतान 8 दिनों में करवा दिया गया। इसके अलावा तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मप्र में सिंचाई का रकबा 7 लाख से 48 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाया था। अब हम इसे बढ़ाकर 1 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं। यही नहीं खनिज के क्षेत्र में सबसे ज्यादा निवेश के प्रस्ताव लाने और राज्य में 55 ई-एक्सीलेंस कॉलेज खोलने और ई-समन की व्यवस्था करने में मध्य प्रदेश अग्रणी राज्य बना है। इसके अलावा देश में दुग्ध उत्पादन में मध्य प्रदेश की हिस्सेदारी 9 प्रतिशत की है। आने वाले समय यह हिस्सेदारी देश में तीसरे नंबर पर होगी। जब नई सरकार का गठन हुआ तो आशंकाओं के बादल घिरे हुए थे। कहा जा रहा था कि मप्र में लाड़नी बहना योजना बंद हो जाएगी। कर्जा इतना बढ़ेगा कि ओवर ड्राफ्ट हो जाएगा। जबकि हकीकत यह है न तो ओवरड्राफ्ट हुआ और न ही लाड़ली बहना योजना बंद हुई। राज्य की ग्रोथ लगातार हो रही है। सवा तीन लाख का बजट बढ़ाकर साढ़े तीन लाख करोड़ का किया है। इस बार हम 4 लाख करोड़ का बजट करने जा रहे हैं। आने वाले समय से बजट बढ़कर 7 लाख करोड़ तक पहुंचाएंगे।

**सवाल:डॉ. मोहन यादव कभी गो-शाला तो कभी सिंचाई के लिए जुट जाते हैं कभी हिंदुत्व जागा तो कोई फरमान जारी कर देते हैं,आखिर करना क्या चहते हैं?**

जवाब:सर्वांगीण विकास... मध्य प्रदेश पर परमात्मा ने कई क्षेत्रों में बड़ी कृपा की है। देश, दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसमें मध्य प्रदेश का बड़ा योगदान रहे इसके लिए हम काम कर रहे हैं। हर एक युवा के हाथ में काम हो,गरीब,किसान और महिलाएं खुशहाल हों इस पर फोकस किया जा रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में चौतरफा विकास कार्य हो रहे हैं।

**सवाल:पीएम के नेतृत्व और उनके मार्गदर्शन में आप काम कर रहे हैं ऐसे में आपके सहयोगी मंत्री कितना सहयोग कर रहे हैं खासतौर से तब जब कैबिनेट में ऐसे कई चेहरे हैं जो लंबे समय से सीएम बनने के इंतजार में हैं?**

जवाब:देखिए,भाजपा की परंपरा रही है कि नेतृत्व कोई भी करे। सहयोग में कोई कमी नहीं करता और न ही परेशानी खड़ी करता है। जब शिवराज सीएम बने थे, तब सुंदरलाल पटवा, कैलाश जोशी, उमा भारती जैसे कई सीनियर मौजूद थे। बाद में सभी ने शिवराज का भरपूर सहयोग किया। भाजपा की परंपरा है सबके साथ मिलकर काम करते हैं। इसमें कोई बड़ा या छोटा नहीं होता है।

**सवाल: आपने 7 रीजनल कॉन्क्लेव की और अगले महीने भी इंटरनेशनल कॉन्क्लेव करने जा रहे हैं। ये क्रियान्वयन से ज्यादा सेरेमनी बन रही हैं?**

जवाब:आप देखिए... लगातार भूमिपूजन और लोकार्पण हो रहे हैं। वहां अकेला मैं नहीं होता हूं, सांसद,विधायक और उद्योगपति मौजूद रहते हैं। टोरंटो कंपनी 18 हजार, टीएमटी ने साढ़े 3 हजार, रिलायंस ने 6 हजार करोड़ के एमओयू किए हैं।

**सवाल: सवाल ये भी है कि मप्र और उद्योगपति पहले भी थे ये अब क्यों आ रहे हैं?**

जवाब: ये तो उनसे पूछो न...लेकिन बता देता हूं कि आकर्षक नीतियां,इंफ्रास्ट्रक्चर, बेहतर कानून व्यवस्था जैसे कई कारण हैं जिसकी वजह से उद्योगपति यहां निवेश के लिए आगे आ रहे हैं। मप्र को सभी तरह के उद्योगों की जरूरत है यहां बड़े,छोटे,लघु और कुटीर उद्योग युवाओं को रोजगार देने में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं। यही वजह है कि निवेश के लिए केवल बड़े शहर नहीं बल्कि संभाग स्तर पर भी निवेश पर जोर दिया है। आने वाले समय में जिला स्तर पर भी निवेश के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

**सवाल: जहां से डॉ.मोहन यादव चले हरदा,उज्जैन वो प्राथमिकता में कहां हैं?**

जवाब: हमारे लिए उज्जैन ही नहीं इंदौर भी बोलिए। इंदौर इस प्रदेश का चमकता हीरा है। ऐसा ही हीरा हमें पूरे प्रदेश को बनाना है। और इंदौर को मुंबई जैसा बनाने की हमारी प्राथमिकता है। जहां तक उज्जैन की बात है तो इस धार्मिक नगरी में जब 2022 में प्रधानमंत्री मोदी ने महालोक का उद्घाटन किया है तब से उज्जैन की काया ही पलट गई। धार्मिक पर्यटन है और उद्योगों की यहां अनंत संभावनाएं हैं। भौगोलिक दृष्टि से भी उज्जैन देश का केंद्र बिंदु है।

**सवाल:उज्जैन में रात गुजराने के फैसले से आपके जीवन में क्या परिवर्तन आया?**

जवाब: भगवान जन्मदाता है प्राण नहीं लेता है। एक मिथ्या से लोग डरे हुए थे उस डर निकालने के लिए मैनें रात गुजारी। कई लोग सुबह आ गए। मैंने उनसे कहा कि आप लोग क्या मुझे मरा हुआ समझ रहे थे। बाबा महाकाल की कृपा हम सब पर है वे हमारे पालनहार हैं।

**सवाल: लाड़ली बहना जैसी योजनाओं में पैसे बढ़ाने की बात हो रही है आप क्या कहते हैं?**

जवाब: मैं इसका समर्थक हूं। हम लाखों करोड़ों का बजट बनाते हैं उसमें 12 सौ रुपए अपनी बहनों के हाथ पर रख देते हैं तो उसमें बुराई क्या है। मेरा बस चले तों मैं 10 हजार रुपए महीने दूं। हमारी परंपरा को विक्रमादित्य से समझिए उन्होंने सभी का कर्जा माफ किया और जितना कर्जा था उतना ही लोगों को नगद दे दिया।

**सवाल: 10 हजार की स्थिति में कब पहुंचेंगे?**

जवाब:5 हजार तो अभी दे रहे हैं। रायसेन, भोपाल जैसी जगहों पर जहां रेडीमेड गारमेंटस बनाने वाली इंस्ट्रीज में बहनें काम कर रही हैं, उन्हें 15 से 20 हजार रुपए महीना वेतन मिल रहा है इसमें से 5 हजार इंसेंटिव मप्र सरकार दे रही है।
गो-शालाएं जैसी बड़ी योजनाओं पर काम कर रहे हैं। इससे सिस्टम में कुछ बदलाव होगा।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12 घंटाघर नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्रं.सं.अधि./सं.क्रं.12/ 2024-25/एम-43
दिनांक-20/01/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्रीमती चंद्रा सोनकर पति स्व. श्री मुन्नालाल सोनकर, श्री आशीष सोनकर पिता स्व. श्री मुन्नालाल सोनकर ने मकान 12 वार्ड महर्षि अरविन्द कुल क्षेत्रफल 1539 व.फु. निर्मित क्षेत्रफल 1539 व.फु. भूतल 1539 व.फु. शपथपत्र/ मृत्युप्रमाण-पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है, जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रं. 12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
(सं. अधि. स्वीकृति दिनांक-20/01/2025 अनुसार)
संभागीय अधिकारी
संभाग क्र. 12 घंटाघर
नगर निगम जबलपुर

> प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है। अभी तक करोड़ों लोगों ने संगम में डुबकी लगाकर अपने पाप धो लिए हैं। जहां महाकुंभ को लेकर सरकार ने कई तरह की व्यवस्था की है। टेंट से लेकर टॉयलेट्स, पीने का पानी आदि सुविधाएं दी गई है। इसके बावजूद लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# डेढ़ सौ साल बाद लगेगा ऐसा महाकुंभ, एआई ने दिखाया अद्भुत नजारा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इस बीच सोशल मीडिया पर आज से 144 साल बाद लगने वाले महाकुंभ की झलक दिखाई गई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने आज के समय में लोगों की लाइफ काफी आसान कर दी है। इसकी मदद से लोग कई तरह की स्थितियों को लाइव देख सकते हैं। हम जानते हैं कि दुनिया धीरे-धीरे टेक्नीकल होती जा रही तकनीक की मदद की जा रही है। इसी में से एक है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस। जब 2069 में महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा, उस समय स्थिति कैसी होगी, ये एआई ने दिखाया है।

## रोबोट्स बनेंगे भगवाधारी

इस वीडियो के अलौकिक ताकत ने लोगों को मत्रमुग्ध कर दिया। जो भी इसे देख रहा है, बस इसका दीवाना हो जा रहा है। आज के समय में जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने बस शुरुआत की है, ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि अब से 144 साल बाद तक ये बेहद एडवांस हो जाएगा। वीडियो को अभी तक लाखों बार देखा जा चुका है। ऐसे महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिए लोग अगली पीढ़ी को खुशकिस्मत बता रहे हैं।



## कुछ ऐसा होगा अद्भुत नजारा

सोशल मीडिया पर इस इमेजिनरी महाकुंभ की झलक देख आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे। इस महाकुंभ में लोगों को अपने आसपास पाखंडी साधु-बाबा नहीं, बल्कि रोबोटिक साधू नजर आएंगे। ये अपनी हथेली से ही आरती की लौ जला सकेंगे। इसके अलावा आसमान में कई तरह के ग्रह-नक्षत्रों के संगम का नजारा लोग अपनी आंखों से देख पाएंगे।

**अंतरिक्ष में होने जा रही है अद्भुत खगोलीय घटना**

# आसमान में एक लाइन में दिखेंगे सात ग्रह

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अतंरिक्ष में अक्सर अद्भुत खगोलीय घटनाएं होती रहती हैं। खगोलीय घटनाओं में दिलचस्पी रखने वालों के लिए आने वाले दिन बेहद खास होने वाले हैं। दरअसल, सात ग्रह एक लाइन में नजर आएंगे। इस दौरान सात ग्रह यानी शनि, बुध, नेपच्यून, शुक्र, यूरेनस, बृहस्पति और मंगल आकाश में एक सीध में आएंगे। वैज्ञानिकों ने होने वाली इस खगोलीय घटना को दुर्लभ ग्रह संयोग बताया है। जनवरी-फरवरी के दौरान आसमान में आप इन ग्रहों रात्रि में नंगी आंखों से देख सकते हैं।

एक समय में कुछ ग्रहों का एक ही लाइन में होना असामान्य बात नहीं है, लेकिन जब सभी ग्रह एक सीध में आएंगे तो यह घटना जरूर दुर्लभ है। इस अद्भुत खगोलीय घटना को प्लैनेटरी अलाइनमेंट कहा जाता है।



### सूर्य का चक्कर लगाते हैं सभी ग्रह

वैज्ञानिकों के मुताबिक, अधिकतर ग्रह आकाश में एक सीधी रेखा में देखे जाते रहे हैं। इस रेखा को एक्लिप्टिक कहा जाता है। यह सौर मंडल के उस लाइन को दिखाती है, जिसमें सभी ग्रह सूर्य का चक्कर लगाते हैं। इस खगोलीय इस साल दो बार होने वाली है। भारत में इस खगोलीय घटना को 21 जनवरी की रात 8.30 बजे देखा जा सकता है।

### कब दिखता है ऐसा नजारा

दरअसल, जब पृथ्वी समेत दूसरे ग्रह सूर्य के एक तरफ आ जाते हैं, तो आसमान में वह एक सीधी रेखा में दिखाई देते हैं। इसे ग्रहों का संरेखण यानी प्लैनेटरी अलाइनमेंट कहा जाता है। 21 जनवरी से सात में से छह ग्रह एक लाइन में आसमान में दिखेंगे। इस खगोलीय घटना को ही ग्रहों की परेड कहा जाता है।

### कब एक साथ दिखेंगे सात ग्रह

वैज्ञानिकों के मुताबिक, 28 फरवरी तक छह ग्रह अंतरिक्ष एक सीध में आ जाएंगे, लेकिन इसके बाद सात ग्रह यानी शनि, बुध, नेपच्यून, शुक्र, यूरेनस, बृहस्पति और मंगल आसमान में एक साथ दिखाई देंगे। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह एक दुर्लभ ग्रह संयोग है। फिर ग्रहों की इस परेड को एक बार फिर 8 मार्च को देखा जा सकता है। इस दौरान बुध, शुक्र, मंगल, बृहस्पति, नेपच्यून, यूरेनस और शनि एक साथ दिखेंगे।

## मिस्र, भारत, यूरोप... अगले 10 साल में सात बार होगा पूर्ण सूर्य ग्रहण

**वॉशिंगटन।** खगोल विज्ञान में दिलचस्पी रखने वालों के लिए सूर्य ग्रहण हमेशा ही एक खास घटना होती है। ऐसे में बड़े सूर्य ग्रहण पर स्काईवाचर्स की नजर रहती है। आने वाले समय में सूरज ग्रहण की बात की जाए तो अगले 10 सालों में 7 अद्भुत पूर्ण सूर्य ग्रहण देखने को मिलेंगे। ये खगोलीय घटनाएं दुनियाभर के लोगों के लिए एक शानदार अनुभव होंगी। सूर्य ग्रहण,खगोल विज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान का भी मौका होता है। हालांकि, सूर्य ग्रहण को देखने के लिए विशेष रूप से बनाए गए चश्मे और सौर दूरबीन का इस्तेमाल करना चाहिए। ऐसा ना करना आंखों को नुकसान पहुंचा सकता है।

अगले दशक के पूर्ण सूर्य ग्रहण की बात करें तो अगले साल 2026 में 27 सालों में यूरोप का पहला पूर्ण सूर्य ग्रहण आइसलैंड के रेकजाविक में दिखाई देगा।



### मिस्र में दिखेगा पूर्ण सूर्य ग्रहण

साल 2027 में 2 अगस्त को मिस्र के लक्सर में 6 मिनट 23 सेकंड का एक शानदार पूर्ण सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। यह ग्रहण सेरोस 136 के कारण होगा। यह ग्रहण लाखों लोगों को किंग्स घाटी और कर्णक मंदिर जैसे प्रसिद्ध स्थलों पर देखने का मौका होगा। इसके बाद 2028 में ऑस्ट्रेलिया में 15 सालों में दूसरा सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। सिडनी और ब्लू माउंटेंस से 3 मिनट 48 सेकंड की पूर्णता देखी जा सकेगी। न्यूजीलैंड के क्वीन्सटाउन और डुनेडिन में सूर्यास्त के समय ये दिखेगा। साल 2030 का ग्रहण एक दुर्लभ नजारा होने जा रहा है।



शपथ ग्रहण समारोह से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने नीता अंबानी और मुकेश अंबानी से मुलाकात की।

## रिलेक्सो फुटप्रिन्ट का विस्तार

**खरगोन।** फुटवियर ब्राण्ड रिलेक्सो फुटवियर लिमिटेड ने खरगोन में अपने नए ब्राण्ड आउटलेट (ईबीओ) की ओपनिंग की घोषणा की है। इस ओपनिंग के साथ रिलेक्सो के एक्सक्लुजवि ब्राण्ड आउटलेट्स की संख्या अब देश भर में 412 के आंकड़े तक पहुंच गई है, जो शहरी एवं अर्द्ध शहरी बाजारों में प्रीमियम फुटवियर को सुलभ बनाने के कंपनी के प्रयासों को दर्शाता है। उच्च गुणवत्ता के किफ़ायती फुटवियर्स की बढ़ती मांग को देखते हुए रिलेक्सो मुख्य बाजारों में अपने फुटप्रिन्ट का विस्तार जारी रखे हुए है।




# सुंदरता के लिए महिला ने उड़ाए करोड़ों

## खुद कहती है- 'इतनी सुंदर हूं मैं क्या करूं!'

**साओ पाउलो।** इस दुनिया में शायद ही कोई ऐसी लड़की होगी जो सुंदर नहीं दिखना चाहती होगी। कई महिलाओं को तो सुंदर दिखने की ऐसी सनक हो जाती है कि वो अपने चेहरे और शरीर के बाकी हिस्सों को भी प्लास्टिक सर्जरी से सुधरवाने लगती हैं। पर ब्राजील की एक मॉडल पर सुंदर दिखने की ऐसी सनक सवार थी, कि उसने करोड़ों रुपये उड़ा दिए और ताबड़तोड़ सर्जरी करवा ली। अब वो अपने आप को दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला बताती है, मानो कह रही हो- 'इतनी सुंदर हूं मैं क्या करूं!'

मिलिंद गाबा और परंपरा ठाकुर का गाना, 'इतनी सुंदर हूं मैं क्या करूं!' लड़कियों के बीच काफी पॉपुलर हो गया है, पर ऐसा लगता है कि ये गाना एक साओ पाउलो की मॉडल पर पूरी तरह फिट बैठ रहा है। वो इसलिए क्योंकि, ये मॉडल खुद को दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला बताती है। पर हैरानी ये है कि ये खूबसूरती उसे अपने पूर्वजों से विरासत में नहीं मिली, बल्कि उसने इसे हासिल करने के लिए 8 करोड़ से ज्यादा रुपये खर्च किए हैं। इस 35 वर्षीय महिला का नाम जैनायना प्रेजरेस है।



### महिला ने करवाई करोड़ों की सर्जरी

वो खुद बोलती हैं कि उनके लुक्स नेचुरल नहीं हैं, बल्कि उसके लिए उन्होंने कीमत चुकाई है। उन्होंने शरीर पर कई तरह की प्लास्टिक सर्जरी करवाई है, जिसमें ब्रेस्ट ऑगमेंटेशन से लेकर बट फिलर, बोटॉक्स, ब्यूकल फैट रिमूवल, आदि जैसी सर्जरी शामिल हैं। उन्हें अपनी इस खूबसूरती से मजबूत और सशक्त महसूस होता है। उनकी खूबसूरती के लोग सोशल मीडिया पर दीवाने हैं और उन्हें 7 लाख से ज्यादा लोग इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं।

## डिजिटल प्लेटफॉर्म बनने एयरटेल-एनबीएफसी ने की रणनीतिक साझेदारी

**लखनऊ।** भारती एयरटेल और निजी क्षेत्र की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) बजाज फाइनेंस ने वित्तीय सेवाओं के लिए भारत के सबसे बड़े डिजिटल प्लेटफार्मों में से एक बनने और वित्तीय सेवाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की।इस साझेदारी में एयरटेल के 370 मिलियन का सक्रिय ग्राहक, 12 लाख से अधिक का विशाल डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, तथा बजाज फाइनेंस की 27 उत्पाद लाइनों का विविध समूह, और 5 हजार से अधिक शाखाएं एवं 70 हजार क्षेत्रीय एजेंट शामिल है।

## 'भाबीजी घर पर हैं' ने पूरे किये 2500 एपिसोड्स

**मुंबई।** प्रोडक्शन एडिट 2 बैनर तले संजय और बिनैफर कोहली द्वारा निर्मित एण्डटीवी के कल्ट कॉमेडी 'भाबीजी घर पर हैं' ने 2500 एपिसोड्स का सफर पूरा कर लिया है। किसी भी शो के लिये बड़ी उपलब्धि है और जल्द ही यह 10 गौरवमयी वर्षों का जश्न भी मनायेगा। इस कॉमेडी शो का प्रसारण 2015 में शुरू हुआ था और जल्द ही यह भारतीय टेलीविजन का प्रतिष्ठित शो बन गया। यह शो मिश्रा और तिवारी परिवार के मजेदार किस्सों पर आधारित है, जो अपनी मजेदार कहानियों से दर्शकों का दिल जीतता है। इस खास मौके का जश्न मनाने के लिए सेट पर केक काटने का आयोजन किया गया, जिसमें पूरी टीम मौजूद थी। यह खुशनुमा माहौल था, जहां शो से जुड़े लोगों ने अपने इस एक दशक लंबे सफर के बारे में दिल को छू लेने वाली बातें कीं और यादें साझा कीं। शो की निर्माता बिनैफर कोहली ने कहा, ''यह सफलता दर्शकों के प्यार और टीम की मेहनत का नतीजा है। आसिफ शेख, जो कि विभूति नारायण मिश्रा का का किरदार निभा रहे हैं, ने कहा, '' किरदार की अनोखी अदा और शरारतें कई दर्शकों से जुड़ती हैं। अनीता भाबी का किरदार निभा रहीं विदिशा श्रीवास्तव ने कहा, ''अनीता की खूबसूरती और समझदारी शो में एक अलग ही रंग भरती है। रोहिताश्व गौड़ जो कि मनमोहन तिवारी का किरदार निभाने के लिये मशहूर हैं, ने कहा, ''किरदार, उसकी प्यारी खामियों और मजेदार परिस्थितियों के साथ, हर घर में हंसी लेकर आया है। शुभांगी अत्रे, जो कि अंगूरी भाबी का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, ''किरदार की मासूमियत और उसके सिग्नेचर डायलॉग 'सही पकड़े हैं' ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बना ली है। ऐसे शो का हिस्सा होना, जो लोगों के चेहरे पर खुशी लाता है, मेरे लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं है।



## भारत में ज्यादातर पेशेवरों को नई नौकरी की तलाश

**नई दिल्ली।** भारत में बड़ी संख्या में पेशेवर इस साल नई नौकरी की तलाश में हैं। हालांकि, अब नई नौकरी खोज पाना पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है। लिंक्डइन द्वारा किए गए एक शोध में यह जानकारी दी गई। शोध के अनुसार, भारतीय मानव संसाधन (एचआर) पेशेवरों में से दो-तिहाई से अधिक (69 प्रतिशत) का मानना है कि किसी पद के लिए योग्य प्रतिभा पाना पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है, जो यह संकेत देता है कि 2025 में पेशेवरों के नौकरी के लिए आवेदन करने और उसे हासिल करने के तरीके में आवश्यक बदलाव आएगा। लिंक्डइन के अनुसार, 49 प्रतिशत नौकरी ढूंढ रहे लोग पहले से कहीं अधिक नौकरियों के लिए आवेदन कर रहे हैं, लेकिन उन्हें कम प्रतिक्रिया मिल रही है। लिंक्डइन के अनुसार, नियोक्ताओं के लिए भी यह प्रक्रिया पहले से अधिक चुनौतीपूर्ण हो गई है। एक-चौथाई से अधिक (27 प्रतिशत) एचआर पेशेवर प्रतिदिन तीन से पांच घंटे आवेदनों की समीक्षा करने में बिताते हैं। 55 प्रतिशत ने कहा है कि वे जो नौकरी आवेदन प्राप्त करते हैं, उनमें से आधे से कम सभी मानदंडों को पूरा कर पाते हैं।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

**टॉवर**
टावर - सरकारी मान्य कंपनी द्वारा जमीन खेत प्लॉट पर 5g टावर लगवा कमाएं 30 से 60 लाख एडवांस 45000 किराया +नौकरी जमीनी कागज नक्शा ऑफिस लाएं या घर बैठे ऑनलाइन सर्वे पास कराएं 9407780635, 8319401203 (भोपाल/20/जनवरी)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
**हरिभूमि वैवाहिकी**
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
**जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। कारोबार में अभी कठिनाइयां बनी रहेंगी। सचेत रहें। कोई नया निवेश करने से बचें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में संयत रहें। कारोबार विस्तार के लिए परिवार से आर्थिक सहयोग मिल

**मिथुन** — मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि

**कर्क** — किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान

**कन्या** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां तो रहेंगी, लेकिन परिश्रम भी अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु अतिउत्साही होने से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5754

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| | ■ | 10 | | | | ■ | 11 | 12 | ■ | |
| 13 | | | | ■ | 14 | 15 | ■ | 16 | 17 | |
| | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 19 | 20 | | | | ■ | 21 | | 22 | | 23 |
| ■ | | ■ | ■ | 24 | 25 | | ■ | | ■ | |
| 26 | | 27 | ■ | 28 | | ■ | 29 | | | |
| | ■ | 30 | 31 | ■ | 32 | | | | ■ | |
| 33 | 34 | ■ | 35 | | | ■ | | ■ | 36 | |
| 37 | | | | ■ | 38 | | | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

### शब्द पहेली- 5753 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | ■ | ■ | ब | ह | रा | ■ |
| मा | मा | ■ | या | ■ | अ | द | द | ■ | ह | क |
| ज | ■ | ■ | स | ज | दा | ■ | न | ■ | ■ | हा |
| वा | र | दा | त | ■ | ■ | श | ■ | प | नी | र |
| दी | ■ | मि | ■ | ह | म | रा | ज | ■ | र | ■ |
| ■ | रा | नी | ■ | रा | ■ | फ | ■ | बी | ज | ■ |
| ■ | ह | ■ | श | र | ब | त | ■ | ह | ■ | म |
| क | त | रा | ■ | त | ■ | ■ | अ | ड़ | च | न |
| हा | ■ | ■ | चिं | ■ | म | लि | न | ■ | ■ | भा |
| नी | र | ■ | त | न | य | ■ | ब | ■ | श | व |
| ■ | थ | का | न | ■ | ■ | म | न | मो | ह | न |

## सूडोकु नवताल - 5765

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5764 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

हरिभूमि सहेली

जबलपुर, मंगलवार
21 जनवरी 2025



# आधी आबादी
## भविष्य की बेहतरी से जुड़े हों बदलाव

आजादी मिलने और गणतांत्रिक राष्ट्र बनने के बाद से देश की आधी आबादी लगभग हर क्षेत्र में निरंतर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है, आगे बढ़ रही है। लेकिन अभी भी कई ऐसे पहलू हैं, जिन पर देश की राजनीतिक व्यवस्था और समाज को गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। एक ऐसा भयमुक्त परिवेश बनाने की भी जरूरत है, जिसमें महिलाएं पूरे आत्मविश्वास से खुद की बेहतरी के लिए प्रयास कर सकें, देश की प्रगति में अपनी भूमिका निभा सकें।

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

गणतंत्र दिवस का पर्व, हम सबका प्यारा राष्ट्रीय पर्व है। हर दायित्व, हर हक की याद दिलाने वाला उत्सव। एक ओर तिरंगे के रंग मन में गर्व का भाव भरते हैं तो दूसरी ओर हमारी गणतांत्रिक व्यवस्था की यात्रा को पीछे मुड़कर देखने पर कुछ प्रश्न भी दिलो-दिमाग में दस्तक देते हैं। खासकर स्त्रियों के मन-जीवन से जुड़े कई पक्ष जरा ठहरकर विचार करने योग्य लगते हैं। असल में गणतंत्र यानी देश की सत्ता का जनसाधारण के हाथ में होना।

### गणतांत्रिक व्यवस्था का अर्थ

गणतांत्रिक व्यवस्था में, शासन और न्याय के विधान की शक्ति आमजन के हिस्से होती है। हमारे यहां देश चलाने के इस कायदे में संविधान ने सभी नागरिकों को शिक्षा, समानता और अपनी बात कहने की स्वतंत्रता जैसे कई अहम अधिकार दिए हैं। जिनकी बदौलत महिलाओं के जीवन में भी बहुत से सार्थक परिवर्तन आए हैं। लेकिन इसका एक चिंतनीय पहलू यह है कि स्त्रियों की बेहतरी से जुड़ी बहुत सी बातें, भविष्य की बुनियाद को मजबूती देने की सोच से अभी भी चूक रही हैं।

### मिले सुरक्षा और सहज सहयोग

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निर्भरता नहीं, आत्मनिर्भरता जरूरी है। यहां सरकार और सभी राजनीतिक दलों को इस बात को समझना बहुत जरूरी है कि महिलाओं की बेहतरी को आर्थिक सहयोग तक समेट देने वाली योजनाएं, असल में स्त्री सशक्तिकरण का सार्थक रास्ता नहीं सुझातीं। मताधिकार, हर नागरिक को संविधान से मिला सबसे बड़ा अधिकार है। ऐसे में यह तकलीफदेह है कि वोट लेने की जुगत से जुड़ी कई योजनाओं के पीछे भविष्य की बेहतरी का खाका नहीं है। एक नागरिक के तौर पर स्त्रियों को फाइनेंशियल हेल्प के बजाय, जीवन स्तर बेहतर बनाने वाली योजनाओं की अधिक दरकार है। जिनमें न केवल महिलाएं स्वयं भागीदार बनें बल्कि स्थायी बदलाव लाने की राह भी तलाशें। ऐसी योजनाएं, जिनसे परेशानियों के दौर में इमोशनल सिक्योरिटी, मेडिकल सपोर्ट और कानूनी मदद मिल सके। आश्रित बनाने वाली योजनाओं के बजाय जागरूक अस्तित्व को बल देने वाली वेलफेयर स्कीम्स ही महिलाओं को सजग और आत्मनिर्भर बना सकती हैं। महिला मतदाताओं की ताकत को समझना सुखद है पर देश के विकास में स्त्रियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के मोर्चे पर भी सोचा जाए। मन की शक्ति जुटा लेने वाली आज की बेटियों को सुरक्षित परिवेश मिले तो वे हर क्षेत्र में कमाल करने का माद्दा रखती हैं। यही नहीं घर-दफ्तर संभाल रही महिलाओं को भी सहज सहयोग भर मिल जाए तो बेहतरीन उपलब्धियां देश के नाम कर सकती हैं। समझना मुश्किल नहीं कि देश के आंगन को संवारने के लिए किसी भी क्षेत्र विशेष में सधी भूमिका निभाने के हालात उनके व्यक्तिगत जीवन में तो सार्थक बदलाव ले ही आएंगे। काम-काजी संसार में स्त्रियों की भागीदारी उनकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर बनाएंगी।

### सबसे जरूरी सकारात्मक नजरिया

आज भी वर्चुअल दुनिया की बहसों से लेकर असल संसार की बातचीत तक, महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच नदारद दिखती है। दुखद घटना का शिकार हुई महिला के लिए भी संकुचित सोच वाली टिप्पणियां देखने को मिल जाती हैं। घर हो या बाहर, आधी आबादी के प्रति विवेकशील सोच कम ही दिखती है। परिवार और परिवेश के साथ अब तकनीक की रची ऑनलाइन दुनिया में भी महिलाओं को कटु शब्दों और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है। अपने-परायों की यह तयशुदा सोच, देश की महिलाओं की सच्ची स्वतंत्रता में बाधक है। बाबा साहब अंबेडकर ने कहा है, 'संवैधानिक स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं हैं, जब तक आप सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त नहीं कर लेते।' सच्चाई यह है कि महिलाएं कई मोर्चों पर आज भी तरह-तरह की बंदिशों में बंधी हैं। द्वेष और भेदभाव का शिकार हो रही हैं। चुनावी मौसम में महिलाओं को लेकर की जाने वाली अपमानजनक टिप्पणियां भी इसी सोच को प्रकट करती हैं। असल में राजनीतिक परिदृश्य में प्रभावी बदलाव आए बिना सामाजिक सोच का भी पूरी तरह से बदलना मुश्किल है।



### राजनीति में बढ़े महिलाओं की सहभागिता

हमारे घर-परिवार में आम स्त्रियां भी संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक गणराज्य की परिकल्पना को सहज रूप से साकार करती दिखती हैं। बात चाहे बहू-बेटियों के अधिकारों को बल देने की हो या घरेलू जिम्मेदारियों संग काम-काजी दुनिया में अपनी जगह बनाने की। महिलाएं एक-दूजे की समर्थक बन रही हैं पर उनकी राजनीतिक सहभागिता आज भी बहुत कम है। समाज के आधे हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाली स्त्रियां निर्णयकारी भूमिका में पीछे दिखती हैं। महात्मा गांधी ने हमेशा इस बात को स्वीकार्यता दी कि 'स्त्री सार्वजनिक विकास का आधार है। उसके बिना सभ्य समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।' आवश्यक है कि समाज और देश का व्यवस्थागत ढांचा भी महिलाओं की सबलता के सही मायने समझे। भविष्य की बेहतरी से जुड़े हर बदलाव को सकारात्मक दृष्टिकोण का मजबूत आधार मिले। a




### आपराधिक घटनाओं से मिले मुक्ति

**सशक्तिकरण के** मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ती आधी आबादी के लिए बड़ी चिंता की बात यह भी है कि स्कूल-कॉलेज से लेकर सड़क और घर के आंगन तक, महिलाओं के साथ होने वाले अपराध के आंकड़े पूरी व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। महिलाओं के लिए सम्मान से जीने के मोर्चे पर आज भी जद्दोजहद कायम है। मासूम बच्चियों के शोषण के मामले तो समग्र समाज को डराने वाले हैं। गणतांत्रिक देश की नागरिक होने के नाते सुरक्षित परिवेश में खुलकर जीने का हक तो हर स्त्री का बुनियादी अधिकार है। राह चलते हो रही क्रिमिनल एक्टिविटीज के कारण सामाजिक, पारिवारिक और मनोवैज्ञानिक मोर्चों पर महिलाओं के हिस्से आज भी बहुत से अवरोध हैं। ऐसे में संवैधानिक अधिकारों में दर्ज बराबरी की बातें, वास्तविक परिवेश में भी दिखनी चाहिए। ध्यान रहे कि हमारे संविधान के निर्माण की जिम्मेदारियों को निभाने में पंद्रह विदुषी महिलाओं की भी हिस्सेदारी थी। उस दौर में इन्होंने स्त्रियों के संघर्ष को देखने-जानने के बाद ही महिला अधिकारों की वकालत की थी। दुखद है कि संविधान के 75 वर्ष की अविस्मरणीय यात्रा में समान हक रखने वाली आधी आबादी के हिस्से अनगिनत पीड़ादायी घटनाएं होती रहती हैं। ऐसी स्थितियां बेटियों का मनोबल तोड़ने और मुस्कुराहटें छीनने वाली हैं। निस्संदेह, सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों के बीच स्त्रियों के स्वतंत्र अस्तित्व को ही नहीं स्त्रीत्व के रंग सहेजने की भी दरकार है। दुरुस्त व्यवस्थाएं ही इन परिस्थितियों में सुधार ला सकती हैं। बाबा साहब अंबेडकर ने कहा था, 'कानून और व्यवस्था राजनीतिक शरीर की दवा है और जब राजनीतिक शरीर बीमार पड़े तो दवा जरूर दी जानी चाहिए।' विचारणीय है कि सुरक्षित परिवेश मिले बिना संवैधानिक अधिकारों को जीने और स्वतंत्र अस्तित्व गढ़ने के मोर्चे पर आधी आबादी का संघर्ष खत्म नहीं हो सकता है।

## भारतीय संविधान करता है महिलाओं का सम्मान

पुरुष हों या महिलाएं, भारत का संविधान हर नागरिक को न सिर्फ कई अधिकार प्रदान करता है, उन्हें सम्मान से जीने का हक भी देता है। यही नहीं पुरुष प्रधान हमारे समाज में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को सुरक्षित बनाए रखने के लिए कई विशेष प्रावधान किए गए हैं।

प्रावधान

वंदना जोशी

भारत में महिलाओं के लिए संवैधानिक प्रावधान, ऐतिहासिक असमानताओं और भेदभाव को संबोधित करने और सुधारने के लिए स्थापित किए गए हैं, जिनका सामना महिलाओं ने सदियों तक किया है। ये उपाय न्यायपूर्ण, समतामूलक समाज की नींव में महिलाओं की आवश्यक भूमिका को स्वीकार करते हैं और जीवन के सभी क्षेत्रों में उनकी पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखते हैं।

**समानता-भागीदारी की पात्रता:** भारत में महिलाओं के लिए संवैधानिक प्रावधान, भारतीय संविधान में निहित सुरक्षा उपायों की एक श्रंखला है, जिसका उद्देश्य लैंगिक समानता सुनिश्चित करना और जीवन के विभिन्न पहलुओं में महिलाओं को सशक्त बनाना है। ये प्रावधान महिलाओं को भेदभाव से बचाने, उनकी भलाई को बढ़ावा देने और राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हैं। अनुच्छेद 14, 15 और 16 जैसे मौलिक अधिकार समानता के अधिकार की स्थापना करते हैं और लिंग के आधार पर भेदभाव को रोकते हैं, जिससे महिलाएं सम्मान के साथ रह सकें और उन्हें समान अवसर मिलें। अनुच्छेद 39, 42 और 43 सहित निर्देशक सिद्धांत आर्थिक न्याय, समान वेतन और मातृत्व के दौरान सहायता की वकालत करते हैं। इसके अलावा, अनुच्छेद 51 ए (ई) महिलाओं की गरिमा के लिए अपमानजनक प्रथाओं को त्यागने के नैतिक कर्तव्य पर जोर देता है।

**राजनीतिक भागीदारी-सामाजिक सुरक्षा का अधिकार:** मूल संविधान में प्रदत्त अधिकारों के अतिरिक्त, संवैधानिक संशोधनों ने पंचायतों और नगर पालिकाओं में सीटों के आरक्षण के माध्यम से स्थानीय शासन में महिलाओं की भागीदारी को सुगम बनाया है, जो महिलाओं के प्रतिनिधित्व और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भागीदारी बढ़ाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। अब तो लोकसभा में भी महिलाओं की 33 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए भी बिल पारित हो चुका है, जिसे परिसीमन के बाद लागू किया जा सकेगा। संविधान में महिलाओं के लिए अधिकारों और सुरक्षा को शामिल करके, भारत एक ऐसा कानूनी और सामाजिक वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है। इन प्रावधानों का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, उनके अधिकारों की गारंटी देना तथा उन्हें सम्मान और समानता के साथ जीवन जीने में सक्षम बनाना है, जिससे राष्ट्र की प्रगति बढ़ेगी और लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखा जा सकेगा।




**सभी का कर्त्तव्य महिलाओं के प्रति सम्मान:** संविधान का अनुच्छेद 51 ए (ई) महिलाओं की गरिमा के लिए अपमानजनक प्रथाओं का त्याग करने के लिए प्रत्येक नागरिक के नैतिक दायित्वों को रेखांकित करता है।

यह प्रावधान महिलाओं के प्रति सम्मान और गरिमा की संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, नागरिकों से महिलाओं को अपमानित करने या उनके साथ भेदभाव करने वाली प्रथाओं को खत्म करने का आग्रह करता है। इस बारे में सभी को पता होना चाहिए। a

स्पेशल: हगिंग डे, 21 जनवरी

## स्नेह-दुलार भरी प्यारी-सी झप्पी

जुड़ाव

चैतन्या

यह सही है कि बच्चे, शब्दों से ज्यादा चेहरे के एक्स्प्रेशन और शारीरिक हावभाव से स्नेह जताने की भाषा को समझते हैं। इसीलिए घर के मासूम सदस्यों को गले लगाकर प्यार जताना जरूरी है। बात उनकी उपलब्धि पर खुश होने की हो या सीख-समझ रहे अच्छे विचारों से प्रभावित होकर शाबासी देने की। बड़ों को अपने मनोभाव खुलकर जाहिर करने चाहिए। हमारे परिवारों में इन छोटे सदस्यों के काम में मीनमेख निकालने हिदायतें देने का चलन तो खूब है पर स्नेह लुटाने में जरा कोताही देखने को मिलती है। जरूरी हैं कि दादा-दादी हों या पैरेंट्स, बच्चों को प्यार से गले लगाकर झप्पी देते रहें।

**उपलब्धियों के अवसर पर:** बच्चों की उपलब्धियों को सेलिब्रेट करना उतना मायने नहीं रखता, जितना उन्हें गले लगाकर स्नेह जताना। घर के सभी बड़े सदस्य ऐसे मौकों पर बच्चों को अपने आलिंगन की स्नेहभरी सुरक्षा का एहसास अवश्य करवाएं। असल में बच्चों को यूं खुशी से गले लगाने का भाव बिन बोले भी बहुत कुछ कह जाता है। बेहतरी की राह पर आगे बढ़ते बच्चों की तारीफ के लिए कभी-कभी शब्द कम पड़ते हैं। बड़ों की आंखें ही नहीं उनका मन भी भर आता है। ऐसे में एक स्वीट हग बेहद प्यार भरा एक्स्प्रेशन होता है। खेल हो या पढ़ाई, कला हो या अच्छी जीवनशैली का निर्वहन। 'अच्छा है', 'बढ़िया किया', 'सही दिशा में जा रहे हो,' भर कह देना काफी नहीं। एक भरपूर जुड़ाव भरा एक्स्प्रेशन बच्चों के लिए बेहद जरूरी है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का अध्ययन कहता है कि बच्चों को गले लगाने से उनके सही विकास जुड़े हार्मोंस के सामान्य स्तर को बढ़ावा मिलता है। इससे न केवल भावनात्मक संबंध मजबूत होते हैं बल्कि उनके आत्मविश्वास का धरातल भी पक्का होता है। इसीलिए चुनौतीपूर्ण समय में ही नहीं, उपलब्धियों के दौर में भी बच्चों को गले अवश्य लगाएं।



**नाराजगी का मौका:** पैरेंट्स कभी-कभार अपनी व्यस्तता की वजह से बच्चों को झिड़क देते हैं तो कभी जरूरत से ज्यादा रोक-टोक करने के बाद खुद को गलत पाते हैं। ऐसी बातें बालमन को ठेस पहुंचाती हैं। ऐसे में बच्चों की नाराजगी दूर करने के लिए यह सहयोगात्मक स्पर्श बेहद आवश्यक है। देखा जाए तो गले लगाने का सीधा सा अर्थ है परवाह करना। मन से जुड़े रहना। सुखद है कि नाराज होने पर अकेला छोड़ देने के बजाय परवाह भरे जुड़ाव की यह सोच बच्चों की सेहत भी संवारती है। गले लगाने से बच्चों को पॉजिटिव सोच की सौगात मिलती है। मूड अच्छा रहता है। कोर्टिसॉल हार्मोन का स्तर कम होने से तनाव दूर होता है। इस नेह भरे स्पर्श से बच्चों को बहुत से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। a

हम बड़े-बड़े अधिकारों की बात करते हैं, लेकिन अपने सबसे पहले अधिकार मी टाइम को भूल जाते हैं, जो हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। इसमें हमारी खुशी भी निहित है। हम मी टाइम कैसे निकालें, जानिए।

## हमारा पहला अधिकार मी टाइम

वर्किंग वूमेन

ललिता गोयल

एक समय वह था, जब महिलाओं की जिंदगी सिर्फ घर और परिवार के इर्द-गिर्द ही होती थी। लेकिन आज वक्त बदल चुका है। अब महिलाएं घर-परिवार के साथ, अपने करियर अपनी प्रोफेशनल लाइफ को भी मैनेज कर रही हैं। लेकिन इन दोहरी जिम्मेदारियों को पूरा करने में महिलाएं अकसर अपने लिए वक्त निकालना भूल जाती हैं। यह उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है। वर्किंग वूमेन, ऑफिस के साथ-साथ घर भी संभालती हैं, जो काफी चैलेंजिंग है। इन दोनों कामों के बीच फंसे रहने के कारण वे खुद को समय नहीं दे पाती हैं और काफी स्ट्रेस में रहती हैं, जिसकी वजह से उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बुरी तरह से प्रभावित होता है। इसलिए जिंदगी की भाग-दौड़ के बीच घर-परिवार के लिए सब कुछ करने वाली महिलाओं का खुद के लिए 'मी टाइम' निकालना बहुत जरूरी है। यह कैसे संभव है,जानिए-

**मी टाइम के लिए झिझकें नहीं:** कई बार महिलाएं अपने लिए समय निकालने, अपने मन का करने से झिझकती हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि लोग उन्हें जज करेंगे। ऐसा न सोचें, दूसरों को खुश रखने या फिर खुद के सपनों को पूरा करने के लिए खुद को खुश रखना, सबसे पहले जरूरी है। क्योंकि अगर आप खुश नहीं हैं तो इसका असर आपके मूड, सेहत और काम पर भी होगा। इसलिए 'मी टाइम' हर महिला को निकालना चाहिए। इसके लिए उन्हें टाइम मैनेजमेंट करके लाइफ को बैलेंस करने की आर्ट आनी चाहिए।



**समय को मैनेज करें:** अपने लिए समय निकालने के लिए जरूरी है कि महिलाएं सबसे पहले समय को मैनेज करना सीखें। हर काम को एक निश्चित समय दें और उसी के आधार पर काम करें।

**काम को बांटें:** महिलाओं के साथ एक बड़ी समस्या यह होती है कि वे घर के सारे काम खुद करना चाहती हैं। लेकिन अगर वे वर्किंग हैं तो घर के काम परिवार के सदस्यों के साथ शेयर करें, इस तरह उन पर काम का बोझ कम होगा, जिससे खुद के लिए समय मिलेगा और स्ट्रेस के स्तर में भी कमी आएगी। छुट्टी वाले दिन भी घर के सारे काम खुद न करें बल्कि परिवार के अन्य सदस्यों से मदद लें।

**मन को रिलैक्स रखें:** ऑफिस और घर दोनों की जिम्मेदारियों को संभालते हुए जरूरी है कि वर्किंग वूमेन, खुद को रिलैक्स रखकर मन को शांत रखें। देखा जाता है महिलाएं हर काम में अपना बेस्ट देने की कोशिश में वो अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देती हैं। ऐसे में मन शांत रखने के लिए वे योगा, मेडिटेशन जैसी एक्टिविटी कर सकती हैं।

**किचेन में बहुत ज्यादा टाइम न दें:** कुछ महिलाएं खाने में सबकी पसंद का बनाने के चक्कर में किचेन में बहुत ज्यादा टाइम लगा देती हैं। ऐसे में वे कुछ ऐसी डिश बना सकती हैं, जिसे बनाने में ज्यादा समय न लगे। a

**(लाइफ कोच करिश्मा से बातचीत पर आधारित)**



### मी टाइम में करें मनचाहा काम

सभी के लिए 'मी टाइम' का मतलब अलग-अलग हो सकता है। मसलन हो सकता है किसी को म्यूजिक सुनना पसंद हो, किसी को डांस करना, किसी को पेंटिंग करना या कुछ और 'मी टाइम' में सिर्फ वही काम करें, जो आपको खुशी दें।




अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें

Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

# भारतीय टीम से जुड़े शमी, घुटने पर पट्टी बांधकर किया अभ्यास

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ सफेद गेंद की सीरीज के शुरुआती मैच से पहले रविवार को यहां जब अपने तीन घंटे के अभ्यास सत्र के लिए एकत्र हुई तो सभी की नजरें तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पर थी। चोट के कारण 14 महीने के लंबे अंतराल पर राष्ट्रीय टीम में वापसी करते हुए शमी ने एक घंटे से अधिक समय तक पूरी लय में गेंदबाजी की। अपने बाएं घुटने पर भारी पट्टी बांधकर शमी ने गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल की निगरानी में शुरुआत में छोटे रनअप के साथ धीमी गेंदबाजी की और फिर पूरे रनअप के साथ गेंदबाजी की गति को बढ़ाया। उन्होंने लगभग एक घंटे तक गेंदबाजी करने के बाद क्षेत्ररक्षण अभ्यास में भी हिस्सा लिया। शमी की फिटनेस को लेकर संदेह था। उन्होंने अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा जैसे युवा बल्लेबाजों को अपनी गति और सटीक लाइन लेंथ से परेशान कर हर तरह की चिंताओं को दूर किया।

### जुरेल ने लगाए आक्रामक शॉट

विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने उनके खिलाफ कुछ आक्रामक शॉट लगाए। गेंदबाजी अभ्यास खत्म करने के बाद उन्होंने गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल से बातचीत की।

### हार्दिक के साथ मुख्य कोच की 'गंभीर' चर्चा

भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या कोलकाता में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पूर्व अभ्यास सत्र के दौरान 30 मिनट तक चर्चा करते दिखे। भारतीय टीम टी20 सीरीज से पहले ईडेन गार्डेंस पर अभ्यास शिविर कर रही है और इस दौरान गंभीर और हार्दिक नेट्स से दूर बातचीत करते नजर आए।



## खबर संक्षेप



### सिंगापुर ने श्रीधर को बनाया अतिरिक्त कोच

**सिंगापुर।** भारत के पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी अनूप श्रीधर को सोमवार को सिंगापुर बैडमिंटन संघ ने एक एकल कोच नियुक्त किया जिन्होंने देश के लिए एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। हालांकि दक्षिण कोरिया के किम जि ह्यून एसबीए की पुरुष और महिला टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे। एसबीए के उपाध्यक्ष प्रोफेसर डेविड टैन ने कहा, 'अभी उनके शुरुआत करने की तारीख तय नहीं है क्योंकि यह उनके काम के लिए वीजा मंजूरी पर निर्भर रहेगी। हम निश्चित रूप से चाहते हैं कि अनूप जल्द से जल्द टीम से जुड़ जाएं।'

### ईस्ट बंगाल ने नीता एफए को 4-1 से हराया

**भुवनेश्वर।** ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब ने सोमवार को यहां एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करे हुए



इंडियन वुमैन्स लीग मैच में नीता एफए को 4-1 से शिकस्त दी। इस जीत से ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब लीग तालिका में शीर्ष पर अपना स्थान मजबूत कर लिया है, उसने तीन मैच में नौ अंक जुटाये हैं। उसके लिए अंजू तमांग ने 30वें मिनट, सौम्या गुगुलोथ ने 48वें मिनट, रेस्टी नांजिरी ने 50वें मिनट में और संध्या रंगनाथन ने 67वें मिनट में गोल किये। घाना की स्ट्राइकर गिफ्टी आचियाम्पोंग ने घरेलू टीम के लिए 61वें मिनट में एकमात्र गोल किया।

### सनराइजर्स ने डरबन को 6 विकेट से हराया

**गक्बेरहा।** सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए 20 लीग के मैच में डरबन सुपर जाइंट्स को छह विकेट से हराकर प्लेआफ में




जगह बना ली। लगातार तीन हार के बाद पिछले दो बार की चैंपियन टीम ने जीत की राह पर लौटते हुए शानदार प्रदर्शन किया। डरबन की टीम आठ विकेट पर 115 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन ने 45 गेंद में 42 रन बनाए जबकि नवीनुल हक ने 15 गेंद में नाबाद 30 रन की पारी खेली। इसके बाद सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने छह विकेट और 28 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

### मुझे कुछ साबित करने की जरूरत नहीं : अक्षर

**कोलकाता।** स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर अक्षर पटेल किसी भी समय अनुभवी रविंद्र जडेजा



की जगह लेने के दावेदार हैं। वह भारतीय टेस्ट टीम में होने वाले बड़े बदलाव के दौरान पैदा होने वाली संभावनाओं से वाकिफ हैं लेकिन उन्हें अपने मामले में किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है। अक्षर सोमवार को 31 साल के हो गए हैं और अपने सीनियर साथी के समान कौशल होने के बावजूद वह पिछले एक दशक से जडेजा की अनुपस्थिति में ही टीम में जगह बना पाते हैं।

## आस्ट्रेलियन ओपन : रूने को 6-3, 3-6, 6-3, 6-2 से हराया

# सिनेर ने भीषण गर्मी में जीता मैच, 12वीं बार ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर में पहुंची एलिना

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न



इटली के यानिक सिनेर और डेनमार्क के होल्गर रूने दोनों को 32 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में खेले गए आस्ट्रेलियाई ओपन मैच में मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा और इसके बाद सिनेर की दमदार सर्विस पर रॉड लावेर एरिना का नेट निकल जाने से 20 मिनट का विलंब हुआ। आखिर में गत चैंपियन सिनेर ने 13वीं वरीयता प्राप्त रूने को 6-3, 3-6, 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनेर गर्मी से निपटने के लिए चेहरे पर ठंडा तौलिया रखते दिखे और कई बार गर्दन पर पानी भी गिराया। तीसरे सेट में दस मिनट से ज्यादा विलंब के बीच वह लॉकर रूम में चिकित्सा सहायता के लिए गए। सिनेर का सामना अब आस्ट्रेलिया के आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनाउर या अमेरिका के गैर वरीय एलेक्स मिचेलसन से होगा। इटली के ही 55वीं रैंकिंग वाले लोरेंजो सोनेगो ने अमेरिकी क्वालीफायर लर्नर टियेन को 6-2, 6-3, 3-6, 6-1 से मात दी। अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में नोवाक जोकोविच की टक्कर कार्लोस अल्काराज से और अलेक्जेंडर ज्वेरेव की भिडंत टॉमी पॉल से होगा।

### स्वितोलिना की दमदार वापसी



महिला वर्ग में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने 1-4 से पिछड़ने के बाद अगले 12 में से 11 गेम जीतकर वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-4, 6-1 से हराकर तीसरी बार आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 30 वर्ष की एलिना 12वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। वह 2019 के बाद यहां पहली बार अंतिम आठ में पहुंची है। एलिना ने 2021 में फ्रांस के गाएल मोंफिल्स से शादी की और दोनों की बेटी सकाइ का जन्म 2022 में हुआ।

### तीन सेट में जीती मेडिसन

स्वितोलिना का सामना अब 19वीं रैंकिंग वाली मेडिसन कीस से होगा जिसने 2022 विम्बलडन चैंपियन एलेना रिकाबिना को 6-3, 1-6, 6-3 से हराया। कीस 2015 और 2022 में यहां सेमीफाइनल में पहुंची है। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में एडीलेड में खिताब जीता था। स्वितोलिना ने मैच के बाद टीवी कैमरा लेंस के लिए मैसेज में लिखा, 'द स्पिरिट आफ यूक्रेन ' और दिल का आकार बनाया। उन्होंने लाल ड्रेस, लाल जूते और लाल कैप पहनी थी। दर्शकों ने उनके लिए पीले और नीले रंग के यूक्रेन के ध्वज लहराए।

### रोहित, यशस्वी मुंबई की रणजी टीम में शामिल

**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को सोमवार को जम्मू कश्मीर के खिलाफ 23 जनवरी से यहां एमसीए-बीकेसी मैदान पर होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया। अनुभवी खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे। रोहित ने शनिवार को रणजी ट्रॉफी के अगले दौर के मैच में भाग लेने की पुष्टि कर दी थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बाद खेल के लंबे प्रारूप में रोहित की फॉर्म को लेकर पिछले कुछ समय से सवाल उठ रहे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने हाल में सभी अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना अनिवार्य कर दिया, बस फिटनेस संबंधित मुद्दों पर ही उन्हें छूट मिलेगी।



## शतरंज

### प्रज्ञानानंदा जीते, गुकेश और एरिगेसी ने खेला ड्रॉ



एजेंसी ▶▶| विज्क आन जी

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने हमवतन पी हरिकृष्णा को हराया जबकि अर्जुन एरिगेसी ने 87वें टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ड्रॉ खेला।

इससे पहले विश्व चैंपियन डी गुकेश ने रूसी मूल के ब्लादीमिर फेडोसीव से ड्रॉ खेला था जबकि लियोन ल्यूक मेंडोसा को उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने हराया। 19 वर्ष के प्रज्ञानानंदा ने डिफेंस और जवाबी हमलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हरिकृष्णा को मात दी। वहीं हरिकृष्णा टुकड़ों में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद लय कायम नहीं रख सके। एरिगेसी ने पहले दौर में गुकेश को हराने के करीब पहुंचे स्थानीय खिलाड़ी अनीश गिरि से ड्रॉ खेला। फेबियानो कारूआना ने नीदरलेंड के जोर्डन वान फोरीस्ट को मात दी। चैलेंजर वर्ग में आर वैशाली ने चीन की 14 वर्ष की मियाओइ लू से अंक बांटे। दिव्या देशमुख ने चेक गणराज्य की शीर्ष वरीयता प्राप्त एंगुयेन थाइ वान डैम से ड्रॉ खेला।

### सांसद प्रिया से विवाह करेंगे क्रिकेटर रिंकू



**जौनपुर।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज से विवाह के बंधन में बंधने जा रहे हैं। प्रिया के पिता और केराकट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने बताया कि उनके परिवार ने अलीगढ़ में रिंकू के पिता से दोनों के विवाह के बारे में बात की है और दोनों पक्ष इसके लिए राजी हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई सगाई या रोका नहीं हुआ है। तीन बार के सांसद तूफानी सरोज ने कहा कि उनकी बेटी और रिंकू की मुलाकात एक दोस्त के जरिए हुई जिसके पिता भी क्रिकेटर हैं।

### सात्विक-चिराग की निगाहें सत्र के पहले खिताब पर

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में साल का अपना पहला खिताब जीतने के उद्देश्य से कोर्ट पर उतरेगी। लक्ष्य सेन सत्र की निराशाजनक शुरुआत को पीछे छोड़कर वापसी करना चाहेंगे। सात्विक और चिराग की दुनिया की नौवें नंबर की जोड़ी शानदार फॉर्म में है। यह स्टार जोड़ी पिछले दो टूर्नामेंट मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंची थी। सात्विक और चिराग दोनों सेमीफाइनल सीधे सेटों में हार गए थे और अब उनका लक्ष्य इस टूर्नामेंट में आगे तक जाना होगा। यह भारतीय जोड़ी इंडोनेशिया मास्टर्स में अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे के चेन झी-रे और यू चीह लिन के खिलाफ करेगी। भारत के एकल खिलाड़ी सेन और पीवी सिंधु के सामने आसान चुनौती नहीं होगी। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले 23 वर्षीय सेन पिछले दो टूर्नामेंट में पहले दौर से बाहर हो गए थे और वह यहां इसकी कमी पूरा करना चाहेंगे।


**कार्यालय नगर परिषद बम्हनी बंजर जिला मण्डला म.प्र.**

क्र./न.प./लो.नि./2025/40 — बम्हनी बंजर दि. 120/01/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑन-लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयवधि एंव लागत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य एंव ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_397199_1 दिनांक-20.01.2025 | वार्ड क्रमांक 04 एवं 13 मे आंगनवाडी निर्माण कार्य। | 03 माह लागत राशि 2117226.18 | 5000.00 रुपए ईएमडी 15900 रुपए | 24.02.2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति मे ऑन-लाईन की वेबसाइट पर ही किया जावेगा समाचार पत्रो मे प्रकाशन नही किया जावेगा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बम्हनी बंजर

**कार्यालय नगर परिषद बनगवॉं (राजनगर) जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**
Office : Municipal Council Bangavan Dist Anuppur (M.P.) Email cmobangavan@mp.urban.gov.in

क्रमांक - 2734/न.प./लो.नि./ई-निविदा/2025 — // निविदा सूचना // — बनगवां, दिनांक 20/01/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑन-लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयवधि एंव लागत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य एंव ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _396630_1 | वार्ड क्र. 08 हीरालाल के घर से रामाधार के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण। | 03 माह 2.58 लाख | 2000.00 2600.00 | 03.02.2025 |
| 2 | 2025_UAD _396634_1 | वार्ड क्र. 02 हरिहर तिवारी के घर से हरिप्रसाद केवट के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण। | 03 माह 1.82 लाख | 1000.00 1820.00 | 03.02.2025 |
| 3 | 2025_UAD _396632_1 | वार्ड क्र. 08 शेषनाथ के घर से लड्डू ठाकुर के घर तक आर. सी. सी. नाली निर्माण। | 03 माह 0.83 लाख | 1000.00 1660.00 | 03.02.2025 |
| 4 | 2025_UAD _396633_1 | वार्ड क्र. 01 पोरा बाई के घर से मेन रोड ऑगनबाडी तक आर.सी.सी. नाली निर्माण। | 03 माह 2.47 लाख | 2000.00 2500.00 | 03.02.2025 |
| 5 | 2025_UAD _396715_1 | वार्ड क्र. 06 सरोज के घर से राजेश्वर चन्द्रवंशी के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण। | 03 माह 2.38 लाख | 2000.00 2400.00 | 03.02.2025 |
| 6 | 2025_UAD _396629_1 | वार्ड क्र. 01 प्रमोद शुक्ला के घर से सोनी सिंह के घर तक आर.सी. सी. नाली निर्माण। | 03 माह 1.33 लाख | 1000.00 2660.00 | 03.02.2025 |
| 7 | 2025_UAD _396631_1 | वार्ड क्र. 02 सुर्दशन केवट के घर से रमेश केवट के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण। | 03 माह 1.83 लाख | 1000.00 1840.00 | 03.02.2025 |

नोट :- 1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बनगवॉं (राजनगर)
जिला- अनूपपुर (म.प्र.)

खंड- 1
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्य प्रदेश शासन

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल मध्यप्रदेश**

ई - निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 142 / ई-टेंडरिंग / 2024-25 दिनांक 14/01/2025

वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | सामग्री का विवरण | सत्याकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Building Construction Material | | |
| 1.01 | वॉस वेसिन (प्रति नग ) छोटा 40x45 cm | | |
| 1.02 | वॉस वेसिन (प्रति नग ) बड़ा 60x45 cm | | |
| 1.03 | टायलेट शीट ( सामान्य 20 इंच ) भारतीय शैली | | |
| 1.04 | टायलेट शीट ( between 28-30" deep, roughly 20" wide, between 27-32" high, and have a rough-in between 10–14") पाश्चात्य शैली | | |
| 1.05 | डिस्टेंपर व्हाईट (एशियन या बर्जर) | | |
| 1.06 | डिस्टेंपर लाईट ग्रीन ( एशियन या बर्जर) | | |
| 1.07 | एक्सटिरियर पेंट अपैक्स (लाल / हरा) | | |
| 1.08 | आईल पेंट (एशियन या बर्जर ) | | |
| 1.09 | बिरला व्हाईट पुट्टी 20 कि.ग्रा. बैग | 50000/- | 2500/- |
| 1.10 | व्हाईट सीमेंट बिरला 20 कि.ग्रा. बैग | | |
| 1.11 | इमलशन व्हाईट | | |
| 1.12 | तार 1 mm (प्रति बंडल ) ऐंकर / हेवल्स कंपनी | | |
| 1.13 | तार 1.5 mm (प्रति बंडल ) ऐंकर / हेवल्स कंपनी | | |
| 1.14 | तार 2.5 mm (प्रति बंडल ) ऐंकर / हेवल्स कंपनी | | |
| 1.15 | फिटिंग पाईप आधा इंच 20 फीट (प्रति नग ) | | |
| 1.16 | बोर्ड 2 Modular | | |
| 1.17 | बोर्ड 3 Modular | | |
| 1.18 | बोर्ड 4 Modular | | |
| 1.19 | बोर्ड 6 Modular | | |
| 1.20 | बोर्ड 12 Modular | | |
| 1.21 | बोर्ड 14 Modular | | |
| 1.22 | बोर्ड 18 Modular | | |
| 1.23 | स्विच (ऐंकर / हैवल्स) प्रति नग | | |
| 1.24 | 2 पिन साकिट | | |
| 1.25 | 3 पिन साकिट | | |
| 1.26 | पावर प्लग 3 पिन | | |
| 1.27 | पंखा 3 ब्लेड (हैवल्स, ऐंकर, बजाज कंपनी) | | |
| 1.28 | सिंक (स्टील) छोटा 40x45 cm | | |
| 1.29 | सिंक (स्टील) बड़ा 60x45 cm | | |
| 1.30 | टाटा स्टील प्रोफाईल शीट 4x 10 Feet 25 गेज ((0.5 mm) | | |
| 1.31 | टाटा स्टील प्रोफाईल शीट 4x 12 Feet 25 गेज (0.5 mm) | | |
| 1.32 | टाटा स्टील प्रोफाईल षीट 4x 12 Feet 25 गेज (0.5 mm) | | |
| 1.33 | टाटा स्टील प्रोफाईल षीट 4x 14 Feet 25 गेज (0.5 mm) | | |
| 1.34 | कंडोल पाईप ( ट्रसेस) प्रति कि. ग्रा. | | |
| 1.35 | लोहे की ग्रिल प्रति कि.ग्रा. | | |
| 1.36 | लोहे का रोशन दान 0.60x0.45 मीटर (प्रति कि.ग्रा.) | | |
| 1.37 | एल्युमिनियम सेक्शन जाली सहित (स्लाइडिंग बिंडो ) प्रति वर्ग फुट डबल लेयर | | |
| 1.38 | एल्युमिनियम सेक्शन जाली सहित ( स्लाइडिंग बिंडो ) प्रति वर्ग फुट ट्रिपल लेयर | | |
| 1.39 | पाईप एक इंच सी. पी.व्ही.सी., GI 20 फीट (प्रति नग ) | | |
| 1.40 | पाईप दो इंच सी. पी.व्ही.सी. GI 20 फीट (प्रति नग ) | | |
| 1.41 | पाईप तीन इंच सी. पी.व्ही.सी. GI 20 फीट (प्रति नग ) | | |
| 1.42 | प्लास्टिक पानी टंकी फोर लेयर 2000 लीटर (प्रति नग ) ISI | | |
| 1.43 | प्लास्टिक पानी टंकी फोर लेयर 1000 लीटर (प्रति नग ) ISI | | |
| 1.44 | प्लास्टिक पानी टंकी फोर लेयर 500 लीटर (प्रति नग ) ISI | | |
| 1.45 | पीवीसी एचडी पाईप 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.46 | पीवीसी एचडी पाईप 1 इंच ( ISI मार्क) | | |
| 1.47 | पीवीसी एचडी पाईप 1.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.48 | पीवीसी एचडी पाईप 4 इंच ( ISI मार्क) | | |
| 1.49 | पीवीसी एचडी बाल्व 0.5 इंच ( ISI मार्क) | | |
| 1.50 | पीवीसी एचडी बाल्व 1 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.51 | पीवीसी एचडी बाल्व 1.5 इंच ( ISI मार्क) | | |
| 1.52 | पीवीसी सोकेट 4 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.53 | पीवीसी एचडी ऐल्वो 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.54 | पीवीसी एचडी ऐल्वो 1 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.55 | पीवीसी एचडी ऐल्वो 1.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.56 | पीवीसी एचडी ऐल्वो 4 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.57 | जी. आई पाईप 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.58 | जी. आई पाईप 1 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.59 | ब्रास बाल्व 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.60 | ब्रास बाल्व 1 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.61 | जी. आई. एल्वों 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.62 | जी. आई. एल्वों 1 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.63 | जी.आई . सोकेट 0.5 इंच ( ISI मार्क) | | |
| 1.64 | जी.आई. सोकेट 1 इंच ( ISI मार्क) | | |
| 1.65 | प्लास्टिक टोंटी 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.66 | स्टील टोंटी 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |
| 1.67 | लॉग नोज टेप 0.5 इंच (ISI मार्क) | | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं । 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 14/01/25 समय 02:30 बजे से दिनांक 30/01/25 समय 06:00 बजे तक तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते हैं । 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी । 4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 24/01/25 समय 01:00 बजे को दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते हैं। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे हैं। ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं । 5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल :https://www-mptenders-gov-in/

G-21928/24

वनमण्डलाधिकारी
दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल




## अन्य राज्यों के विद्यार्थियों को हो रहा आर्थिक व समय का नुकसान

# बीएड थर्ड सेमेस्टर परीक्षा तिथि में बदलाव से छात्र परेशान

हरिभूमि जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) के प्रशासन द्वारा परीक्षाओं की तिथियों में लगातार हो रहे बदलाव ने विद्यार्थियों के लिए समस्याएं खड़ी कर दी हैं। कुलाधिपति कार्यालय से बार-बार परीक्षाओं के आयोजन और परिणामों के समय पर घोषित करने के निर्देश मिलने के बावजूद, विश्वविद्यालय प्रशासन पर इसका कोई असर नजर नहीं आ रहा है। इस कारण से छात्रों में नाराजगी और निराशा बढ़ती जा रही है, खासकर उन छात्रों के लिए जो दूसरे राज्यों से अध्ययन के लिए विश्वविद्यालय आते हैं।

ताजा मामला बीएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा से जुड़ा हुआ है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पहले इस



परीक्षा के लिए 7 जनवरी की तिथि निर्धारित की थी, लेकिन उसके बाद इसे 17 जनवरी कर दिया गया। इसके बाद फिर अंतिम समय में परीक्षा की तिथि को बदलकर 21 जनवरी कर दिया गया। लेकिन जैसे ही 21 जनवरी नजदीक आई, रादुविवि परीक्षा नियंत्रक ने एक और बयान जारी करते हुए बताया कि अब बीएड के एग्जाम 30 जनवरी से होंगे। इस प्रकार, बीएड परीक्षा की तिथि को तीन बार बदला गया।

### छात्रों की परेशानी बढ़ी

इन लगातार बदलावों से छात्र बेहद परेशान हैं। बिहार से परीक्षा देने आए एक छात्र ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपनी व्यथा सुनाई। छात्र ने बताया कि जब 7 जनवरी को परीक्षा तिथि घोषित की गई थी, तब उसने रेलवे रिजर्वेशन करवा लिया था। लेकिन जब परीक्षा की तिथि बदलकर 17 जनवरी हुई, तो उसने नई तिथि के अनुसार रिजर्वेशन कराया। फिर, जब तिथि और बदली और 21 जनवरी कर दी गई, तो छात्र को फिर से रिजर्वेशन बदलना पड़ा। इस बार-बार के बदलाव से छात्रों को न केवल मानसिक तनाव हुआ, बल्कि आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा। छात्र ने कहा, "जो पैसे हमने यात्रा और रहने के लिए लाए थे, वो अब सिर्फ खाने-पीने और आवास के खर्च में ही खर्च हो रहे हैं।"

### सीयूईटी के से दाखिला लेने वाले छात्रों की भी बढ़ी परेशानी

इस वर्ष रादुविवि ने पहली बार कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के माध्यम से 6 पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया था। बड़ी संख्या में देशभर के विभिन्न राज्यों के छात्रों ने पंजीकरण कराया था। लेकिन रादुविवि की आंतरिक व्यवस्था इतनी बदहाल हो गई है कि न तो परीक्षाएं समय पर हो रही हैं और न ही परिणाम घोषित हो रहे हैं। इससे छात्रों को और भी अधिक असुविधा हो रही है।

### राज्य प्रशासन पर दबाव

छात्रों और उनके अभिभावकों द्वारा की गई बार-बार अपीलों और सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद, अब राज्य प्रशासन पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है। छात्रों ने मांग की है कि रादुविवि प्रशासन को अपने कार्यों में सुधार करना चाहिए ताकि भविष्य में अन्य छात्रों को ऐसी परेशानियों का सामना न करना पड़े।



## गोलबाजार स्थित शोरुम में शॉर्ट सर्किट से भड़की आग

# आग में बच्चों के कपड़े खिलौने जलकर खाक

**जबलपुर।** राईट टाउन गोल बाजार स्थित बच्चों के कपड़ों और खिलौनों के शोरुम लिटिल जंक्शन में सोमवार की सुबह आग लगने से लाखों रुपए के कपड़े और खिलौने जलकर राख हो गए। नगर निगम फायर बिग्रेड से प्राप्त जानकारी के अनुसार लालकुआं हनुमानताल निवासी शशिकांत सोनी के शोरुम लिटिल जंक्शन में सोमवार की सुबह 5.40 बजे अचानक धुआं और आग की लपटे निकलते देख क्षेत्रीय लोगों ने फायर बिग्रेड को घटना की सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची और कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्राथमिक जांच-पड़ताल के बाद आग लगने का कारण शार्ट-सर्किट होना बताया जा रहा है। लिटिल जंक्शन के संचालक श्री सोनी ने बताया कि रविवार रात करीब 10 बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह करीब 5:30 बजे दुकान के पड़ोस में रहने वाले परिवार ने फोन पर सूचना दी कि शो-रूम से आग निकल रही है। मौके पर पहुंचे तो फायर बिग्रेड की गाड़ियों से आग बुझाई जा रही थी। आग पूरी तरह से बुझने के बाद देखा तो अंदर रखे कपड़े और खिलौने पूरी तरह से जलकर खाक हो चुके थे। दुकान में लाखों रूपए कीमत का सामान रखा हुआ था। आग में कितने का नुकसान हुआ है, इसका आंकलन किया जा रहा है।

हाईकोर्ट ने राज्य शासन और एमपी मेडिकल काउंसिल से पूछा

# विदेश से एमबीबीएस करने वालों की इंटर्नशिप अवधि क्यों बढ़ाई

हरिभूमि जबलपुर।

हाईकोर्ट ने राज्य शासन और एमपी मेडिकल काउंसिल से पूछा है कि विदेश से एमबीबीएस करने वालों के लिए इंटर्नशिप की अवधि दो से बढ़ाकर तीन वर्ष क्यों कर दी गई। न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविन्द धर्माधिकारी व न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने मेडिकल एजुकेशन विभाग के प्रमुख सचिव, डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन, नेशनल मेडिकल एजुकेशन और एमपी मेडिकल काउंसिल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता विदिशा निवासी डा.सौरभ रघुवंशी सहित आठ की ओर से अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि सभी याचिकाकर्ताओं ने चीन से एमबीबीएस किया है। कोविड के कारण याचिकाकर्ताओं ने कुछ पढ़ाई आनलाइन मोड से की है। नियमानुसार भारत से एमबीबीएस करने वालों के लिए इंटर्नशिप एक वर्ष, जबकि बाहरी देश से करने वालों के लिए दो वर्ष के इंटर्नशिप का प्रावधान है। एमपी मेडिकल काउंसिल ने 4 नवंबर, 2024 को एक आदेश जारी कर अचानक इंटर्नशिप दो वर्ष की बजाय तीन वर्ष कर दी। इन याचिकाकर्ताओं को नवंबर 2023 में बताया गया था कि उन्हें दो वर्ष की इंटर्नशिप करना है। सभी का कोर्स मार्च 2025 में पूर्ण होने वाला है। ऐसे में भूतलक्षी प्रभाव से नया नियम लागू करना अवैधानिक है।



## हाई कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण मामले की सुनवाई बढ़ाई

**जबलपुर।** हाई कोर्ट में लंबित ओबीसी आरक्षण से जुड़े मामलों में सोमवार को सुनवाई होनी थी। दोपहर में सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट में कुछ और ट्रांसफर याचिकाएं दायर की गई हैं। उनमें से कुछ में शीर्ष अदालत ने यथास्थिति के निर्देश दिए हैं। जवाब को अभिलेख पर लेते हुए मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने सुनवाई बढ़ा दी।

दरअसल, छह दिसंबर, 2024 को हाई कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए थे कि अगली तिथि 20 जनवरी को अंतिम सुनवाई की जाएगी। सरकार उसके पहले लिखित जवाब पेश कर दे।

सरकार की ओर से बताया गया कि सोमवार को सुबह सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कुछ ट्रांसफर याचिकाओं में यथास्थिति के आदेश दिए हैं। ओबीसी की ओर से पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने कोर्ट को बताया की जिन प्रकरणों मे सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम आदेश दिया है, उनमें में कानून की संवैधानिकता को चुनोती दी गई है। उन्होंने दलील दी कि ओबीसी आरक्षण के 27 प्रतिशत कानून पर न तो सुप्रीम कोर्ट ने और न ही हाई कोर्ट ने रोक लगाई है। मामलों पर सुनवाई नहीं होने के कारण बहुत सी नियुक्तियां अटकी हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी 87:13 प्रतिशत फार्मूले के परिपत्र के हजारों युवाओं का भविष्य अधर में है।

## हाई कोर्ट ने पूर्व आदेश का पालन न होने पर रजिस्ट्रार को हाजिर होने दिए निर्देश

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने एक मामले में पूर्व आदेश का पालन न करने पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, सागर के रजिस्ट्रार को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने के निर्देश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 28 जनवरी को निर्धारित की है। सागर की यूथ फार इक्वालिटी नामक राजनीतिक पार्टी के सचिव डा.गिरीश कुमार ने 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण को चुनौती देते हुए एक जनहित याचिका दायर की थी। विगत सुनवाई के दौरान ओबीसी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवं विनायक प्रसाद शाह ने आपत्ति पेश करते हुए बताया था कि डा. गिरीश कुमार केन्द्रीय विश्वविद्यालय, सागर में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। प्रोफेसर पद पर रहते हुए एक राजनैतिक दल का सचिव होना कदाचरण की श्रेणी में आता है। सागर विवि केन्द्रीय कानून से गवर्न है। ऐसे में वहां का प्रोफेसर एक राजनीतिक दल के सचिव की हैसियत से मप्र शासन की नीति को चुनौती कैसे दे सकता है। इस मामले में हाई कोर्ट ने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि नोटिस तामील होने के बावजूद न तो रजिस्ट्रार की ओर से कोई जवाब आया और न ही कोई अधिवक्ता हाजिर हुआ। कोर्ट ने अगली सुनवाई के दौरान रजिस्ट्रार को उपस्थित होने के निर्देश दिए।



## ससुर के हत्यारे दामाद को उम्र कैद

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश संजोग सिंह बाघेला की अदालत ने अपने ससुर की हत्या करने के आरोपी दामाद को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 3 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। अभियोजन के मुताबिक गत 3 जून 2020 को कुण्डम थाना क्षेत्र के ग्राम भैसावाही में बहादुर सिंह परस्ते अपनी बेटी को लेने दामाद के घर गया था। रात 2 बजे शराब के नशे में आए दामाद उम्मेद मार्को ने ससुर से विवाद करते हुए पत्नी को नहीं ले जाने के लिए कहा और धमकी दी कि यदि अपनी बेटी ममता बाई को लेकर गए तो मैं तुम्हारा अभी मर्डर कर दूंगा। इस दौरान उसका ससुर घर से बाहर चले गए। इसी बीच आरोपी दामाद उम्मेद घातक हथियार खुनहुआ लेकर ससुर के पीछे दौड़ा तभी उसकी लड़की ममता बाई भी पीछे पीछे गई, उसने अपनी आंखों से देखा कि उसके पति ने उसके पिता की हत्या कर दी। रोने की आवाज सुनकर जरूआटोला के कुछ लोग आ गए। तब आरोपी वहां से भाग निकला। सरपंचपति ने पुलिस को बुलाया। कुण्डम पुलिस ने 302,506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में चालान पेश किया। विशेष लोक अभियोजक श्रीमती बविता कुल्हारा द्वारा पैरवी की गई। गवाहों और सबूतों के मद्देनजर न्यायालय ने आरोपी को उम्र कैद की सजा सुना दी।







## अभिभावकों व प्रबंधन के बीच तनातनी, अधारताल थाने पहुंचा मामला

# फीस जमा नहीं करने पर बच्चों को स्कूल से बाहर निकाला

हरिभूमि जबलपुर।

अधारताल थाना अतंर्गत महाराजपुर स्थित एक स्कूल में सोमवार की सुबह फीस वसूली को लेकर बड़ा बवाल मच गया। स्कूल प्रबंधन ने फीस न जमा करने पर छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल से बाहर कर दिया, जिससे अभिभावक गुस्से में आ गए। इसके बाद स्कूल प्रबंधन के कर्मचारियों ने लाठी का सहारा लेते हुए अभिभावकों को धमकाया, जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर विवाद हुआ। इस घटनाक्रम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

स्कूल प्रबंधन का कहना है कि सोमवार से अर्धवार्षिक परीक्षा प्रस्तावित थी और छात्रों एवं उनके अभिभावकों को पहले से फीस जमा करने की सूचना दी गई थी। स्कूल के अनुसार, कई छात्रों के 12 से 15 महीने की फीस लंबित थी। प्रबंधन ने यह भी कहा कि सुबह एक अभिभावक ने कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ गाली-गालौच की और फिर कुछ समय बाद अन्य अभिभावक भी स्कूल के कर्मचारियों से झगड़ने लगे।



### बच्चों अभिभावकों का आरोप

कक्षा चौथी और पांचवीं में पढ़ने वाली छात्राओं ने बताया कि फीस के लिए स्कूल में मैडम अक्सर मारपीट करती हैं। उनका कहना था कि स्कूल में फीस के लिए दबाव डालने के दौरान बच्चों के साथ असमान्य व्यवहार किया जाता है, जिससे उन्हें मानसिक कष्ट होता है। पहली और दूसरी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने आरोप लगाया कि बिना किसी पूर्व सूचना के स्कूल ने उनके बच्चों को बाहर निकाल दिया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि स्कूल के बाहर एक व्यस्त मार्ग है, जहां बच्चे किसी हादसे का शिकार हो सकते थे। अभिभावकों का कहना था कि अगर कोई दुर्घटना होती, तो इसका जिम्मेदार कौन होता?

### मामले की जांच जारी

घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अधारताल राजकुमार खटीक ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया, "पुलिस कंट्रोल रूम से हमें सुबह सूचना मिली थी कि ज्ञानगंगा स्कूल में झगड़ा हो रहा है। फीस वसूली को लेकर विवाद हो रहा है। दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी शिकायत दर्ज कराई है। स्कूल के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है, और मामले की विस्तृत और विधिवत जांच की जा रही है।" इस घटनाक्रम के बाद स्थानीय लोगों ने स्कूल प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं, और कई ने स्कूल के भीतर बच्चों के लिए बेहतर माहौल की आवश्यकता पर जोर दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और स्कूल के फुटेज के आधार पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240